# समृद्धि न्यूज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष- 13 अंक - 70
लखनऊ, सोमवार 10 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





पूर्वी यूपी की अहम उपलब्धि होगा कृषि व प्रौद्योगिकी विवि : योगी 03

सरकार के नुमाइंदों का दावा फेल, खाद के लिए दर-दर भटक रहे किसान 12


## यूपी में 23 एडिशनल एसपी की नई तैनाती, ट्रांसफर लिस्ट जारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** यूपी पुलिस ने रविवार को 23 एडिशनल एसपी के तबादले किए। नई नियुक्तियों की आधिकारिक सूची जारी हो गई है। बीएस वी कुमार को अब 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद में उपसेनानायक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सच्चिनानंद को एसएसएफ मुख्यालय लखनऊ में अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसी क्रम में डॉ. संजय कुमार को 27वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर में उपसेनानायक नियुक्त किया गया है। सुबोध गौतम को हरदोई (पूर्वी) में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर भेजा गया है। नृपेंद्र को वाराणसी कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। निवेश कटियार को यूपी 112 में अपर पुलिस अधीक्षक की भूमिका दी गई है। दिनेश कुमार पुरी को गोरखपुर में अपर पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। संतोष कुमार द्वितीय पहले डीजीपी मुख्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक थे। उन्हें गोरखपुर भेजने का आदेश था, लेकिन अब यह ट्रांसफर रद्द कर दिया गया है। सीताराम को डीजीपी मुख्यालय लखनऊ के विधि प्रकोष्ठ में अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार तीन सप्ताह में 21.87 अरब डॉलर घटा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 5.623 अरब डॉलर घटकर 689.733 अरब डॉलर रह गया और इससे लगातार तीन सप्ताह की गिरावट में विदेशी मुद्रा भंडार 21.869 अरब डॉलर घट चुका है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार इससे पहले 24 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में यह 6.925 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 695.355 अरब डॉलर पर रहा था। आरबीआई के 07 नवंबर को जारी आंकड़ों के अनुसार, गत 31 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.957 अरब डॉलर घटकर 564.591 अरब डॉलर रह गया।

## धर्मांतरण और विभाजन हैं राष्ट्र के लिए खतरा : भागवत

एजेंसी

▶ हिंदू खुद को क्यों बांटें? संप्रदायों के आधार पर बांटती है राजनीति, हमें बनाए रखनी होगी एकता



**बेंगलुरु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने यहां एक व्याखानमाला में धर्मांतरण और राजनीतिक विभाजन पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा, धर्मांतरण और विभाजन राष्ट्र के लिए खतरा हैं। हिंदू खुद को क्यों बांटें? राजनीति संप्रदायों के आधार पर बांटती है, लेकिन हमें एकता बनाए रखनी होगी। हमारी सनातन संस्कृति की ताकत एकता और सद्भाव है।

संघ प्रमुख संघ की 100 वर्ष यात्रा नए क्षितिज श्रृंखला के दूसरे दिन व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। यह व्याख्यान यहां बेंगलुरु के बनशंकरी में होसाकेरेहल्ली रिंग रोड स्थित पीईएस विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया।

भागवत ने सुझाव दिया कि भारत को परमाणु ईंधन के संदर्भ में थोरियम अनुसंधान को उच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। यूरेनियम के विकल्प के रूप में थोरियम के उपयोग में हम आत्मनिर्भर हैं। इस क्षेत्र में अनुसंधान को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। चूंकि आरएसएस न तो सरकार है और न ही कोई राजनीतिक दल, इसलिए हम प्रत्यक्ष कार्रवाई नहीं कर सकते, लेकिन हम जागरूकता पैदा करने और दबाव बनाने में भूमिका निभाएंगे। संघ की सोच स्वदेशी दर्शन के अनुरूप सरकार और समाज में राष्ट्रीय दृष्टिकोण को मजबूत करने के लिए जारी है। रोहिंग्या सहित अवैध प्रवासियों के मुद्दों पर पूछे गए सवालों के जवाब में भागवत ने कहा, भारत की सीमाएं असामान्य रूप से विभाजित हैं। मणिपुर सीमा बंद करने के स्थानीय विरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए भागवत ने सलाह दी कि सीमाओं को पूरी तरह सुरक्षित किया जाना चाहिए।

### धर्म और संस्कृति को बचाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी

संघ शताब्दी व्याख्यानमाला के दूसरे दिन रविवार को प्रश्नों के उत्तर देते हुए डॉ भागवत ने कहा, भारत में तीन शताब्दियों से धर्मांतरण के प्रयासों के बावजूद, हम अब भी हिंदुस्तान ही हैं। हमारा धर्म और संस्कृति जीवित है। इसे बचाए रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। डॉ भागवत ने कहा कि सामाजिक एकता और आंतरिक गुणवत्ता देश के विकास, सुरक्षा और संस्कृति के संरक्षण की मूल शक्ति हैं। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था में प्रमुख भूमिका निभाने वाले एमएसएमई, कॉर्पोरेट क्षेत्र, कृषि और स्वरोजगार क्षेत्रों के महत्व पर ज़ोर देते हुए कहा कि ये क्षेत्र देश की जीडीपी और रोजगार सृजन की रीढ़ हैं। इनकी शक्ति को और मज़बूत करने की ज़रूरत है।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,22,170/ |
| 22 कैरेट | = | 1,12,000/ |
| 18 कैरेट | = | 91,670/ |
| **चांदी** | | **प्रति किलो** |
| | = | 1,52,500/ |



# बिहार के गौरवशाली अतीत पर कलंक हैं कांग्रेस व राजद : योगी

एजेंसी

▶ सीएम योगी ने बिस्फी विधानसभा के लिए हरिभूषण ठाकुर के पक्ष में मांगा वोट



**मधुबनी।** भाजपा के स्टार प्रचारक और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मधुबनी जिले के बिस्फी विधानसभा के लिए आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए हरिभूषण ठाकुर बचौल के पक्ष में वोट देने की अपील की और कहा कि यह क्षेत्र संवेदनशील है। इसे घुसपैठियों की लांचिंग पैड नहीं बनने देना है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजद और कांग्रेस बाहरी लोगों को घुसाकर स्थानीय लोगों के अधिकार छीनने की कोशिश कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि इस बार हरिभूषण ठाकुर को स्पष्ट बहुमत से जिताना है ताकि क्षेत्र का सुरक्षा और विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस-राजद का महागठबंधन सत्ता में आया तो आने वाली पीढ़ियां हमें कोसेंगी, इसलिए एक बार फिर एनडीए को फिर मौका देना आवश्यक है। सीएम योगी ने कांग्रेस और राजद को बिहार के गौरवशाली अतीत पर कलंक लगाने वाला बताया और कहा कि महागठबंधन ने जाति के नाम पर समाज को बांटकर, जातीय सेनाएं खड़ी कराकर खानदानी माफिया को संरक्षण दिया और इस वजह से बिहार पिछड़ गया तथा नौजवानों और अन्नदाताओं की हालत दयनीय हुई।

### मोदी व नीतीश की जोड़ी ही बिहार को बनाएगी विकसित

**पटना।** मोदी-नीतीश की जोड़ी ही बिहार को विकसित बनाएगी। यही जोड़ी बिहार को देश के नंबर वन राज्य बनाएगी। जब केंद्र में मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी और लालू की सरकार थी, तब आतंकवादी हमारी धरती पर अपनी मर्जी से हमला करते थे। इसके उलट, अब हम आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मार रहे हैं। यह बातें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कही। रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री ने राजग उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार के अंतिम दिन सासाराम, न्यू स्टेडियम में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थें। केंद्रीय गृह मंत्री ने जोर देकर कहा कि भविष्य में अगर पाकिस्तान के आतंकवादी फिर से हमला करने की हिम्मत करते हैं तो उनकी गोलियों का जवाब मोर्टार के गोले से दिया जाएगा।

### दूसरे चरण की 122 सीटों पर प्रचार थमा, मतदान 11 को

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव-2025 के दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 सीटों पर 11 नवम्बर को मतदान होगा। इसके लिए रविवार शाम चुनाव प्रचार का शोर थम गया है। आखिरी दिन सभी दलों के नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी। पहले चरण में 6 नवंबर को 121 सीटों पर मतदान हो चुका है। दूसरे चरण में 3 करोड़ 70 लाख से अधिक मतदाता 1302 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें एक करोड़ 95 लाख 44 हजार 041 पुरुष मतदाता और एक करोड़ 74 लाख 68 हजार 572 महिला मतदाता दूसरे चरण में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 101 सामान्य सीटें हैं, जबकि 19 अनुसूचित जाति और 2 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटें हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, कुल 1302 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, इसमें से सबसे अधिक 22-22 उम्मीदवार कैमूर के चैनपुर, रोहतास के सासाराम और गया के गया शहर में हैं।

### अगले चरण में कई दिग्गजों के भाग्य का होगा फैसला

दूसरे चरण में कई दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला होना है। इनमें नीतीश कुमार के सबसे वरिष्ठ मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव (सुपौल), नीतीश कुमार के नजदीकी मंत्री लेसी सिंह (धमदाहा), पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी (बेतिया), मंत्री शीला मंडल (फुलपरास) के अलावा एकमात्र मुस्लिम मंत्री जमा खान (चैनपुर) शामिल हैं। दूसरे चरण के चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित एनडीए के सभी वरिष्ठ नेताओं ने ताकत लगाई है।

## धर्म, जाति, पंथ के आधार पर लोगों के बीच दरार पैदा नहीं करता राजग

▶ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने औरंगाबाद में चुनावी सभा को किया संबोधित

एजेंसी



**औरंगाबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) कभी भी धर्म, जाति, पंथ के आधार पर लोगों के बीच दरार पैदा नहीं करता। बिहार के औरंगाबाद में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सिंह ने यह बात कही। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, हाल में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने कहा कि 'कांग्रेस मतलब मुसलमान और मुसलमान मतलब कांग्रेस। यह राजनीति का सरासर पतन है।

राजग कभी धर्म, जाति या संप्रदाय के आधार पर समाज में विभाजन नहीं करता। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राजग अपने सभी वादे पूरे करते हैं और राजनीति में गलत आचरण पर कभी मौन दर्शक नहीं बने रहते। सिंह ने कहा, हम अपने वादे हमेशा पूरे करते हैं। हम राजनीति में कभी गलत काम नहीं करते और अगर कोई गलत चीज होती है, तो हम चुप नहीं रहते। नेता वही है जो अपने कहे को निभाए। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को यह तय करना होगा कि वे 'जंगलराज चाहते हैं या 'विकसित बिहार। सिंह ने कहा, राजग शासन में बिहार में आधारभूत ढांचे का बड़े पैमाने पर विकास हुआ है। राज्य में सड़कों, पुलों और अन्य विकास कार्यों से सकारात्मक बदलाव साफ दिखता है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से बढ़कर अब तीसरे स्थान पर पहुंचने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा, जब (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी ने सत्ता संभाली तब भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी। अब अमेरिका और चीन के बाद भारत तीसरे स्थान पर आने वाला है। राजनाथ सिंह ने कहा कि राजग अपने घोषणा पत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करेगा। उन्होंने कहा, जल्द ही बिहार में एक डिफेंस कॉरिडोर की स्थापना की जाएगी, जिससे राज्य में रोजगार और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सभासद की गोली मारकर हत्या, रेल पटरी पर मिला शव

**एटा।** यूपी के एटा जिले में एक पूर्व सभासद की गोली मारकर हत्या कर दी गयी और उसका शव रविवार को रेल की पटरी पर मिला। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि रविवार सुबह शहर कोतवाली क्षेत्र में रेल की पटरी पर पूर्व सभासद हामिद अली उर्फपप्पू (50) का शव मिला। सिंह ने कहा कि उसके सीने में गोली के निशान मिले हैं और प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला लगता है। वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच के लिए पुलिस की कई टीम गठित की गई हैं।

### दिल्ली नगर निगम उप-चुनाव के लिए आप की सूची जारी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम के लिए होने वाले उप चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने उपचुनाव के लिए 12 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है। लिस्ट में दक्षिणपुर, संगम विहार, ग्रेटर कैलाश, विनोद नगर, शालीमार बाग, अशोक विहार, चांदनी चौक, चांदनी महल, द्वारका, मुंडका, नारायणा और दिचाऊं कला वार्ड से उम्मीदवारों के नाम जारी किए गए हैं।

### उत्तराखंड के बागेश्वर में 3.6 तीव्रता का भूकंप

**देहरादून।** उत्तराखंड के बागेश्वर जिले में रविवार दोपहर को भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप दोपहर 2 बजकर 40 मिनट 4 सेकंड पर आया। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.6 दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र बागेश्वर क्षेत्र में 30.02ए उत्तरी अक्षांश और 79.95ए पूर्वी देशांतर पर स्थित था। इसकी गहराई 10 किमी नीचे था। जिला आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि फिलहाल किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

### कठुआ में आतंकी संबंधों के आरोप में दो एसपीओ बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकवादियों के साथ कथित संबंधों के लिए दो विशेष पुलिस अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि एसपीओ अब्दुल लतीफ़ और मोहम्मद अब्बास को पहले आतंकवादी गतिविधियों में उनकी कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया था। कठुआ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मोहिता शर्मा ने दोनों एसपीओ को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का आदेश दिया। दोनों पुलिसकर्मियों पर आतंकवादियों को समर्थन देने का आरोप है।

### 93वीं वर्षगांठ पर आसमान में वायु सेना का रोमांचक प्रदर्शन

**गुवाहाटी।** भारतीय वायु सेना ने अपनी 93वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रविवार को गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नद के ऊपर एक शानदार हवाई प्रदर्शन किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य थे। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, पूर्वी वायु कमान के एओसी-इन-सी एयर मार्शल सुरत सिंह तथा वायु सेना और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## माघ मेला-2026 में श्रद्धालु व पर्यटक ले सकेंगे योग साधना का अनुभव

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के संगम नगरी में लगने वाले माघ मेला-2026 में इस बार श्रद्धालु और पर्यटक स्नान, दर्शन-पूजन के साथ योग और स्वास्थ्य-साधना का अनुभव भी ले सकेंगे। इसको लेकर मेला प्राधिकरण ने अरैल क्षेत्र में स्वास्थ्य कल्याण केंद्र खोलने का निर्णय लिया है।

मेला प्रशासन के अनुसार, हर वर्ष करोड़ों श्रद्धालु संगम पहुंचते हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मेला क्षेत्र का विस्तार भी किया जा रहा है और श्रद्धालुओं के लिए नई सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं। उप मेलाधिकारी विवेक शुक्ला ने रविवार को बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु कई दिनों तक मेला क्षेत्र में कल्पवास करने के लिए रुकते हैं।

## ड्रग्स माफिया पर कार्रवाई : दो करोड़ नकदी और ड्रग्स का जखीरा बरामद

समृद्धि न्यूज

▶ जेल में बंद राजेश मिश्रा परिवार के माध्यम से कर रहा था गिरोह का संचालन

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिला कारागार में बंद नशीले पदार्थों के तस्कर गैंग के सरगना राजेश मिश्रा के घर पर पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस ने इस कार्यवाही में दो करोड़ रुपए से अधिक नकद, 6.075 किग्रा गांजा तथा 577 ग्राम स्मैक बरामद किया है।

पुलिस ने सरगना राजेश के बेटे-बेटी, पत्नी समेत पांच आरोपित गिरफ्तार किए हैं। इसे उत्तर प्रदेश पुलिस की ड्रग माफिया के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने रविवार को मामले का खुलासा करते हुए पत्रकारों को बताया कि इस कार्रवाई में गिरोह के सरगना राजेश मिश्रा की पत्नी रीना मिश्रा, पुत्र विनायक मिश्रा, पुत्री कोमल मिश्रा, रिश्तेदार अजीत कुमार मिश्रा व यश मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी की अनुमानित कीमत तीन करोड़ रुपए से अधिक है। उन्होंने बताया कि जेल में बंद राजेश मिश्रा गिरोह का संचालन अपने परिवार के माध्यम से कर रहा था। दो करोड़ की नकदी की गिनती में कई घंटे लग गए. यह किसी तस्करी से केस में अब तक की सबसे बड़ी नकदी बरामदगी मानी जा रही है।

### आईएफएफआई में होगा भारत व दुनिया के सात नए निर्देशकों की शानदार पहली फिल्मों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारत के 56वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) 2025 में 'सर्वश्रेष्ठ पहली फिल्म निर्देशक पुरस्कार' श्रेणी के तहत भारत और विश्वभर के सात नए निर्देशकों की पहली फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। इस श्रेणी का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। विजेता को सिल्वर पीकॉक ट्रॉफी, 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार, इस साल की ज्यूरी का नेतृत्व प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्देशक राकेश ओमप्रकाश मेहरा करेंगे। ज्यूरी में ऑस्ट्रेलिया के ग्रेम क्लिफर्ड, जर्मनी की कैथरीना शुटलर, श्रीलंका के चंद्रन रुटनम और इंग्लैंड के रेमी अडेफारसिन शामिल हैं।

## बड़े आतंकी हमले का पर्दाफाश, गुजरात में हमले की योजना बना रहे थे आतंकी

एजेंसी

▶ आतंकियों के पास से 3 पिस्तौल, 30 कारतूस और जहरीला केमिकल मिला

**गांधीनगर।** गुजरात में बड़े आतंकी हमले का पर्दाफाश हुआ है। गुजरात एटीएस ने गांधीनगर के अडालज टोल प्लाजा के पास से तीनों आतंकियों से पूछताछ के बाद यह खुलासा किया है। आधुनिक पिस्तौल सहित जहरीला केमिकल भी मिला है। अभी उनसे पूछताछ की जा रही है।

गुजरात एटीएस ने डॉ. अहमद मोहिउद्दीन सैयद पुत्र अब्दुल खादर जिलानी, मोहम्मद सुहेल पुत्र मोहम्मद सुलेमान और आज़ाद पुत्र सुलेमान सैफी नाम के आतंकियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो ग्लॉक पिस्तौल, एक बेरेटा पिस्तौल, 30 जिंदा कारतूस और 4 लीटर कैस्टर ऑयल बरामद किया गया। गिरफ्तार किया गया डॉ. अहमद मोहीउद्दीन अब्दुल कादर जिलानी हैदराबाद निवासी है। मोहम्मद सुहेल मोहम्मद सुलेमान और आज़ाद सुलेमान सैफी दोनों उत्तर प्रदेश निवासी हैं। तीनों की उम्र करीब 25 साल के आसपास बताई जा रही है। गुजरात एटीएस ने बताया कि तीनों को हथियार सप्लाई करते हुए गिरफ्तार किया गया। वे देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी हमले करने की योजना बना रहे थे। आईएसआईएस से जुड़े ये तीनों आतंकवादी गुजरात में साइनाइड से भी ज्यादा खतरनाक ज़हर बनाने की कोशिश कर रहे थे।

### फैसला : चीन ने अमेरिका के लिए गैलियम-जर्मेनियम निर्यात पर हटाई रोक

**बीजिंग।** चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने अमेरिका के लिए कुछ महत्वपूर्ण डुअल-यूज (दोहरी उपयोग वाली) सामग्रियों जैसे गैलियम, जर्मेनियम, एंटिमनी और सुपरहार्ड मटीरियल्स पर लगाए गए निर्यात प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। यह कदम हाल ही में शी जिनपिंग और डोनाल्ड ट्रंप की दक्षिण कोरिया के बुसान में हुई बैठक के बाद आया है। यह निलंबन 9 नवंबर 2025 से 27 नवंबर 2026 तक लागू रहेगा और यह घोषणा संख्या 46 (2024) की दूसरी धारा से संबंधित है, जो पहले इन सामग्रियों के अमेरिका को निर्यात पर रोक लगाती थी। पहली धारा, जो अमेरिकी सेना या सैन्य उपयोग से जुड़ी वस्तुओं के निर्यात पर रोक लगाती है।

## अयोध्या तैयार : 25 को मोदी फहराएंगे राम मंदिर के सातों शिखरों पर भगवा ध्वज

समृद्धि न्यूज



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या एक बार फिर इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में अपना नाम दर्ज करने जा रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भव्य निर्माण की पूर्णता की औपचारिक घोषणा 25 नवम्बर को ध्वजारोहण समारोह के माध्यम से होगी।

प्रधानमंत्री मोदी 161 फीट ऊंचे मुख्य शिखर सहित कुल सात मंदिरों के शिखरों पर भगवा धर्म ध्वज फहराएंगे। इस ऐतिहासिक अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी सहित हजारों गणमान्य जन व श्रद्धालु मौजूद रहेंगे। यह समारोह न केवल श्रीरामजन्मभूमि मंदिर निर्माण महायज्ञ की पूर्णाहुति का प्रतीक है, बल्कि योगी सरकार की मेहनत और दूरदर्शी नीतियों का जीता-जागता प्रमाण भी है। नौ नवम्बर 2019 को सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले ने राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था। छह वर्ष बाद नवम्बर माह राम भक्तों के लिए स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। यह ध्वज 42 फीट ऊंचे ध्वजदंड पर 360 डिग्री घूमने वाली चैंबर पर स्थापित किया जाएगा, जो 60 किमी प्रति घंटे की हवा की गति को भी सहन कर सकेगा।

रजत जयंती

प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में कहा

## उत्तराखंड के सामर्थ्य को नई ऊंचाई देने में जुटी डबल इंजन सरकार

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तराखंड राज्य स्थापना की पच्चीसवें वर्षगांठ पर आयोजित रजत जयंती समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि नौ नवंबर का ये दिन एक लंबी तपस्या का फल है और आज का दिन हम सभी को गर्व का अहसास करा रहा है।

श्री मोदी ने गढ़वाली भाषा में अपना भाषण शुरू करते हुए कहा दीदी भुल्यों...दाणा सयाणों। आप सभी तैं म्यार नमस्कार ,उत्तराखंड की देवतुल्य जनता ने जो सपना देखा था वो अटल जी की सरकार में 25 साल पहले पूरा हुआ था और आज उत्तराखंड का मन प्रफुल्लित है। उन्होंने कहा उत्तराखंड आज अपना रजत जयंती वर्ष मना रहा है। मेरा उत्तराखंड से बहुत गहरा लगाव है और जब मैं यहां आता था तो लोगों की लगन, ललक मुझे प्रेरित करती थी। ये दशक उत्तराखंड का केवल वाक्य नहीं था, मुझे आप सब पर पूरा भरोसा था। ये उत्तराखंड के उत्कर्ष का कालखंड है। जब उत्तराखंड नया बना था तब चुनौतियां कम नहीं थी। संसाधन सीमित थे, बजट नहीं होता था। ज्यादातर जरूरत केंद्र की मदद से पूरी होती थी। आज तस्वीर बदल चुकी है। श्री मोदी ने कहा आज उत्तराखंड जिस ऊंचाई पर है, उसे देखकर हर उस व्यक्ति का खुश होना स्वाभाविक है, जिन्होंने राज्य के लिए संघर्ष किया था। मुझे इस बात कि खुशी है कि डबल इंजन की भाजपा सरकार उत्तराखंड के सामर्थ्य को नई ऊंचाई देने में जुटी है। मैं रजत जयंती की बधाई देता हूं। उन आंदोलनकारियों को भी श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं, जिन्होंने राज्य के गठन की मांग को लेकर अपने प्राणों का बलिदान दिया।

### किसानों के खातों में 63 करोड़ की राशि ट्रांसफर

**उत्तराखंड उदय पर आधारित दो डाक टिकट जारी**

प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के रजत जयंती के मुख्य समारोह में प्रदेश के 28 हजार किसानों के खाते में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की 63 करोड़ की धनराशि स्थानांतरित की। इसके बाद प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड उदय पर आधारित दो डाक टिकट जारी किए। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने गौरवशाली अतीत सशक्त वर्तमान और सुनहरा भविष्य शीर्षक से प्रकाशित कॉफी टेबल बुक का विमोचन और सौंग व जमरानी जल विद्युत परियोजनाओं के साथ ही करीब 8, 260 करोड की विभिन्न योजनाओं का भी लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान उत्तराखंड की विकास यात्रा से संबंधित फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। उत्तराखंड के गौरवपूर्ण रजत जयंती समारोह में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति प्रधानमंत्री पर भरोसे की मिसाल पेश कर गया।

प्रधानमंत्री ने कहा जहां चाह वहां राह। हमें पता होगा कि हमारा लक्ष्य क्या है तो निश्चित ही हम आगे बढ़ेंगे। उत्तराखंड ने इसे साबित कर दिखाया है। यहां आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों की मांग बढ़ी है। यहां हर विधानसभा क्षेत्र में योग केंद्र, होम स्टे, एक कंप्लीट पैकेज बनने चाहिए। ताकि विश्व के नक्शे में उत्तराखंड का एक नया अध्याय बने।

## खबरें एक नजर में

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से स्कूटी सवार दो घायल

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कस्बा में बछरावां मार्ग पर रविवार की दोपहर ट्रैक्टर की टक्कर से दो स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जनपद अमेठी के थाना मोहनगंज के लालगंज गांव निवासी नवनीत गुप्ता अपने मामा कस्बा के बछरावां तिराहा निवासी किराना व्यापारी संतोष गुप्ता के यहां आया था।बताते हैं कि नवनीत खमनखेरा गांव निवासी अमन 16 वर्ष को स्कूटी पर बिठाकर गोदाम से कुछ सामान लेने जा रहा था।दुकान से थोड़ी दूर हैदरगढ़- बछरांवा मार्ग पर नहर पुलिया के पास ट्रैक्टर ने स्कूटी में टक्कर मार दी।दुर्घटना में घायल हुए दोनों युवकों को इलाज के लिए सीएचसी हैदरगढ़ लाया गया।यहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को गंभीर हालत में इलाज के लिए ट्रामा सेंटर लखनऊ भेजा गया है।

### अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी द्वारा किया गया 28वीं लखनऊ जोन अन्तर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता-2025 का शुभारंभ



**बाराबंकी।** 10वीं वाहिनी पीएसी, बाराबंकी में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार सिंह द्वारा 28वीं लखनऊ जोन अन्तर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता-2025 का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता में जनपद बाराबंकी, अयोध्या, सुलतानपुर, रायबरेली, उन्नाव,सीतापुर, हरदोई की टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार आदि अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### एसआईआर की जागरूकता के लिए एसडीएम ने तराई क्षेत्र का किया दौरा



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण मतदाता सूची अभियान को गति देने और मतदाताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को एसडीएम अनुराग सिंह ने तराई क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पंसारा, असवा, मगरउरा , उमरहरा समेत अनेक गांवों में पहुंचकर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और पात्र नागरिकों को मतदाता बनने के लिए प्रोत्साहित किया। एसडीएम ने गांवों में आयोजित कैंपों के दौरान स्वयं मतदाताओं को जागरूकता पत्रक वितरित किए और उन्हें मतदान के अधिकार के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2025 की आधार तिथि के अनुसार जो भी नागरिक 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में जरूर जुड़वाएं। अभियान की प्रगति का जायजा लेते हुए एसडीएम अनुराग सिंह ने बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारियों) को निर्देश दिया कि वे डोर-टू-डोर जाकर प्रत्येक पात्र व्यक्ति का विवरण सत्यापित करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में अभी भी कई लोग एसआईआर और मतदाता सूची से संबंधित प्रक्रिया को लेकर भ्रमित हैं, इसलिए बीएलओ को गांव स्तर पर जनजागरूकता बढ़ाने की जिम्मेदारी दी गई है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मतदाता सूची का कार्य पूर्ण पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। प्रशासन की इस पहल से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ी है और बड़ी संख्या में लोग अब अपने नाम जुड़वाने के लिए आगे आ रहे हैं।

### अतरसुइया बंधा से उमरहरा तक सड़क के लिए राज्यमंत्री ने स्वीकृत कराए 107 करोड़, 65 लाख रुपए

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए खुशखबरी है। क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा के निरंतर प्रयासों से शासन ने अतरसुइया बंधा से उमरहरा संपर्क मार्ग के डामरीकरण हेतु 107 करोड़ 65 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। यह संपर्क मार्ग तराई क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ता है। लंबे समय से यह मार्ग कच्चा होने के कारण बरसात के दिनों में बेहद जर्जर हालत में पहुंच जाता था। बड़े-बड़े गड्ढों के कारण ग्रामीणों को आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। स्थानीय लोगों ने कई बार सड़क निर्माण की मांग की थी, जिसे मंत्री सतीश शर्मा ने गंभीरता से लेते हुए शासन को प्रस्ताव भेजा था। सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद अब इस मार्ग का न सिर्फ पूर्ण डामरीकरण कराया जाएगा बल्कि बीच में बने रपटा पुल को भी मजबूत और पक्का बनाया जाएगा। इससे क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलने के साथ-साथ तराई क्षेत्र के कृषि व व्यापारिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी।मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण इलाकों की सड़कों को दुरुस्त करने के लिए वचनबद्ध है, ताकि हर नागरिक को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके।

### शराब ठेके से बाइक चोरी

**रामनगर, बाराबंकी।** देशी शराब की दुकान के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गयी।पीड़ि ने स्थानीय थाने पर शिकायत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम जुरौंडा के निवासी रामप्रताप सिंह पुत्र शिववीर सिंह शनिवार रात करीब नौ बजे शराब लेने के लिए महादेवा स्थित ठेका पर गये थे। वह शराब लेकर जैसे ही वापस हुए तो देखा कि उनकी प्लेटीना बाइक यूपी 32 एफडी 9665 गायब थी।इस घटना की जानकारी से वहां पर हड़कम्प मच गया और पीड़ित गाड़ी को खोजने में जुट गया। काफी खोजबीन के बाद जब गाड़ी नहीं मिली तो पीड़ित ने स्थानीय थाने पर लिखित शिकायत पत्र देते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

### सादुल्लानगर पुलिस में चलाया विशेष चेकिंग अभियान



**सादुल्लानगर/ बलरामपुर।** महिलाओं की सुरक्षा एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना सादुल्लानगर पुलिस ने व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में यह अभियान थाना के अचलपुर चौधरी-परसिया पर संचालित किया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं व बालिकाओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का अहसास दिलाया और जागरूकता संदेश दिए। इस दौरान विद्यालयों एवं कॉलेजों के बाहर अनावश्यक रूप से घूमने वाले शोहदों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने लगभग एक दर्जन बाइकों का चालान किया, साथ ही एक वाहन से काली फिल्म हटवाई। चेकिंग टीम में उप निरीक्षक शैलेन्द्र यादव, महिला उप निरीक्षक तेजल पटेल,कांस्टेबल अनिल नायक, आरक्षी मुरारीलाल, आरक्षी अनिल नायक, महिला कांस्टेबल पूजा चौधरी शामिल रहीं। थाना प्रभारी सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार, भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों, कॉलेजों, बैंकों व प्रमुख चौराहों पर प्रतिदिन विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है और मिशन शक्ति अभियान के तहत उन्हें आत्मनिर्भर, सजग एवं निडर रहने का संदेश दिया जा रहा है।

### बिजलीपुर में देशमार्ट स्टोर पर लगा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, ग्रामीणों ने की सराहना

**बलरामपुर।** जनहित और सेवा भाव को आगे बढ़ाते हुए रविवार को बिजलीपुर स्थित देशमार्ट स्टोर पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस जनसेवा कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी युगल किशोर शुक्ल व अरुण मिश्र के संयुक्त प्रयास से किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई और नेत्र स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। शिविर में देवीपाटन नेत्र चिकित्सालय, बलरामपुर की टीम के डॉ. के.ए. द्विवेदी के निर्देशन में डॉ. हर्ष वर्धन सिंह व सहयोगी मेडिकल स्टाफ ने मरीजों की जांच की। जांच के दौरान कुल 35 मरीजों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं, वहीं 12 मरीजों को सघन जांच हेतु अस्पताल बुलाया गया। नेत्र चिकित्सकों ने बताया कि शिविर में आए 10 वृद्धजन मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए, जिन्हें शीघ्र ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई। वहीं कई लोगों में लेंस की कमजोरी व दृष्टि धुंधलाने की समस्या पाई गई, जिनके लिए उपयुक्त चश्मे लगाने की सलाह दी गई। डॉ. हर्ष वर्धन सिंह ने उपस्थित लोगों को आंखों की देखभाल के लिए जागरूक करते हुए कहा कि धूल, धुआं, तेज धूप, पसीने व अस्वच्छ वातावरण से आंखों की रक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों को ताजा व संतुलित आहार लेने की सलाह दी, ताकि नेत्रों की शक्ति बनी रहे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और इस जनकल्याणकारी पहल की प्रशंसा की। उन्होंने समाजसेवियों युगल किशोर शुक्ल व अरुण मिश्र तथा चिकित्सक टीम का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि इस प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों से गरीब व ग्रामीण वर्ग को काफी राहत मिलती है।

# चार साइबर अपराधी गिरफ्तार, 38 मोबाइल, लैपटॉप व नकदी बरामद

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



साइबर व थाना कोठी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 4 साइबर अपराधियों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से कुल 38 अदद मोबाइल फोन, लैपटाप, प्रिण्टर, मोबाइल एसेसरीज व नकदी बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में साइबर अपराध पर अंकुश लगाने तथा साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। साइबर व थाना कोठी की संयुक्त टीम द्वारा 4 साइबर अपराधियों 1. रंजीत कुमार पुत्र राम अभिलाष निवासी ग्राम इनायतपुर मजरे सादुल्लापुर थाना कोठी जनपद बाराबंकी 2. सलीम पुत्र मीरशाह निवासी ग्राम कुतुबापुर थाना कोठी जनपद बाराबंकी 3. नौमीलाल पुत्र बहादुर निवासी ग्राम अजौवा थाना कोठी जनपद बाराबंकी 4. हेमन्त श्रीवास्तव पुत्र स्व राजकुमार श्रीवास्तव निवासी ग्राम नौबस्ता थाना कोठी जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में मोबाइल एसेसरीज, लैपटाप, प्रिण्टर, 38 मोबाइल फोन 30 हजार नकद बरामद किया गया। पूछताछ व आरंभिक जांच में ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार अभियुक्तगण संगठित गिरोह बनाकर साइबर फ्राड धोखाधड़ी कर आर्थिक लाभ अर्जित करते हैं, और इसी से अपना जीविकोपार्जन करते हैं। अभियुक्त नौमीलाल उपरोक्त लोगों को किसान सम्मान निधि व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का काम करता है जिससे किसके खाते में कितना पैसा है व कौन सा मोबाइल नम्बर खाते में लगा है इसकी जानकारी अभियुक्त नौमीलाल को रहती है। अभियुक्तगण कीपैड फोन चलाने वाले उम्र दराज लोगों को चिन्हित करते हैं तथा उनको बातों में उलझाकर उनके मोबाइल से उनका सिम चोरी लेते हैं और उसी कम्पनी का डेड सिम मोबाइल में डाल देते हैं तत्पश्चात उनके सिम को अपने पास रखे मोबाइल में डालकर फोन पे पर PI बनाकर ATM से UPI स्कैनर व जन सेवा केन्द्रों के माध्यम से खाते से पैसा निकालकर आपस में बाँट लेते हैं। दिनाँक 11.04.2025, दिनांक 15.07.2025 व दिनांक 05.08.2025 को अभियुक्तगण द्वारा थाना कोठी के तीन अलग-अलग व्यक्तियों के मोबाइल से सिम चोरी कर उनके मोबाइल में डेड सिम डाल दिया गया तथा उनका सिम अपने मोबाइल में डालकर UPI बना लिया तथा जन सेवा केन्द्र व ATM स्कैनर से क्रमशः 73,121 रु0, 1,19100/- रु0, 1,58000 रु0 निकाल लिया था जिसके सम्बन्ध में NCRP पोर्टल पर शिकायत दर्ज थी तथा क्रमशः 1.मुअसं. 314/25 धारा 318(4) BNS व 66D IT थाना कोठी जनपद बाराबंकी 2. मुअसं. 17/25 धारा 316(2)/318(4) BNS व 66D IT एक्ट साइबर क्राइम थाना जनपद बाराबंकी 3. मुअसं. 285/25 धारा 316(2)/318(4) BNS व 66D IT एक्ट थाना कोठी जनपद बाराबंकी पंजीकृत है। अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 12.08.2025 को भी ग्राम मोहम्मदपुर थाना कोठी निवासी एक व्यक्ति के मोबाइल से सिम चुराकर उनके मोबाइल में डेड सिम डाल दिया गया था तथा उनका सिम अपने मोबाइल डालकर IP बनाने का प्रयास किया, किन्तु साइबर सेल व स्थानीय पुलिस की सक्रियता बढ़ जाने के कारण घटना को अंजाम नहीं दे पाये थे।

## रेलिंगविहीन पुलिया से नाले में गिरा ई रिक्शा



**जैदपुर, बाराबंकी।** सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे व नाले के बगल कोई भी रेलिंग न होने के चलते एक ई रिक्शा नाले में गिर गया। मौके पर मौजूद लोगों ने ई रिक्शे मे सवार चालक को बचा लिया।गनीमत यह रही की रिक्शे मे सवारी न होने के चलते बड़ा हादसा होने से बच गया।जानकारी के अनुसार नगर पंचायत जैदपुर- मोहल्ला बड़ापूरा में रविवार को एक ई रिक्शा अचानक नाले में जा गिरा।जिससे बैठे चालक की पुकार सुनकर तमाम स्थानीय लोग जमा हो गये।जिनके सहयोग से चालक की जान बच गयी।सूत्रों की माने तो उस जगह पर आये दिन नाले में जानवर भी गिर जाते है क्योकि यह रेलिंग विहीन नाला हादसों को दावत दे रहा है जिससे लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है।पूर्व चेयरमैन जियाउर्हमान अंसारी का कहना है कि नाला गहरा होने के साथ बड़ा है जिससे किनारे आज तक कोई रैलिंग आदि नहीं लगी है।जिससे आये दिन ऐसे मामले प्रकाश में आते है फिर भी जिम्मेदार लोग सौतेला व्यवहार कर रहे है।

### उच्चक्के ने उड़ाया महिला का पर्स, चंद घंटों में पुलिस ने किया बरामद

**जैदपुर, बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला बड़ी बाजार मे बड़ी सरकार के सामने स्थित उचव्वा कपड़ा मंडी से एक महिला का पर्स गुम हो गया।जिसमे दो मोबाइल फोन थे। महिला की शिकायत पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मोहल्ला अहिरानी स्थित एक बाग से बैग मे रखे हुए दो मोबाइल चन्द घंटो मे बरामद किए। लोग ने पुलिस के त्वरित कार्यवाही की सराहना करते नजर आये। जानकारी के अनुसार जैदपुर कस्बे की अचव्वा कपड़ा मंडी की साप्ताहिक बाजार रविवार को कपड़ा खरीदने ग्राम कोमरावा थाना कोठी निवासी सरवर जहां पत्नी अहमद अली आई थी। जहां से उनका पर्स गुम हो गया। पर्स गुम होने की सूचना मिलते ही जैदपुर पुलिस ने अहिरान की एक बाग से चंद घंटों मे पर्स में रखे दो मोबाइल फोन बरामद कर पीड़ित के हवाले कर दिया। जैदपुर कस्बे की पुलिस के इस कार्य की हर तरफ लोग सराहना करते नजर आ रहे है।

## शातिर चोरों सहित 11 लोग गिरफ्तार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 1 वारण्टी व 8 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा 19 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई की गयी। वहीं थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम द्वारा तीन शातिर चोरों/अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल, एक अदद तमंचा मय कारतूस, व एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ।

थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम द्वारा नौ नवम्बर को 3 शातिर चोरों/अभियुक्तगण 1. जुम्मन पुत्र कल्लू, 2. सूफियान पुत्र भल्लु निवासीगण ग्राम तिलपुरा थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर, 3. आतिक पुत्र आरिफ हुसैन निवासी ग्राम बिहुरी थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी को पैतेपुर बेलहरा के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से एक अदद तमंचा 12 बोर मय 2 अदद कारतूस 12 बोर, एक अदद नाजायज चाकू व चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेण्डर यूपी34बीडी5031 बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुअसं. 583/2025 धारा 317(2)/317(4)/317(5) बीएनएस, 3/25 आर्म्स एक्ट व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण द्वारा बरामद मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेण्डर को जनपद सीतापुर के थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र से चोरी की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना रामपुर मथुरा पर मुअसं. 416/2025 धारा 303 बीएनएस पंजीकृत है। थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त वीरेन्द्र पाल उर्फ गोले पुत्र जैसीराम निवासी ग्राम टेरा दौलतपुर थाना जहांगीराबाद जनपद बाराबंकी को नेवाजपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना जहांगीराबाद पर मुअसं. 331/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

## हॉकी के स्वर्णिम इतिहास को यादगार बनाएगा गांधी क्लबः गोप

**भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने पर गांधी भवन में याद किए गए हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने पर रविवार को गांधी भवन में महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब द्वारा शताब्दी समारोह की शुरुआत की गई। रविवार को आयोजित बैठक से पहले क्लब के संरक्षक एवं पूर्व मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने नगर के देवा रोड स्थित पुलिस लाइन चौराहा पर स्थापित हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी रहे पद्मश्री के.डी सिंह बाबू की प्रतिमा पर मार्ल्यापण कर उन्हें नमन किया। तदोपरान्त गांधी भवन में हॉकी के जादूगर से पहचाने जाने वाले मेजर ध्यानचंद और के.डी सिंह बाबू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्री गोप ने बताया कि महात्मा गांधी स्पोर्ट्स क्लब इस शताब्दी वर्ष में खेल भावना को जाग्रत करने और हॉकी के स्वर्णिम इतिहास को यादगार बनाने के लिए कई विशेष आयोजन होंगे। जिसमें हॉकी टूर्नामेंट, खेल प्रदर्शनी आदि कई प्रमुख कार्यक्रमों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि हॉकी भारत के लिए सिर्फ़ एक खेल नहीं, बल्कि यह हमारी पहचान और सामूहिक भावना का हिस्सा है। साल 1925 में भारतीय हॉकी की शुरूआत हुई। वहीं 1928 के ओर्लम्पिक प्रतियोगिता में भारतीय खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर भारत को विश्व पटल पर अलग पहचान दिलाई। क्लब के अध्यक्ष सलाउद्दीन किदवई ने हॉकी के इतिहास की जानकारी देते हुए बताया कि पहले हॉकी ताड़ के पेड़ की टहनी से खेली जाती थी। भारत में सबसे पहले हॉकी कलकत्ता से शुरुआत हुई। देवा में हॉकी का पहला मैच साल 1927 में खेला गया। इसके बाद साल 1928 में भारत पहली बार ओलम्पिक खेलों में शामिल हुआ। जिसमें बाराबंकी के दिग्गज खिलाड़ी शौकत अली ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने मैच में 3 गोल किये। जहां भारत विजयी हुआ। बाराबंकी से शौकत अली और के.डी सिंह बाबू दो ऐसे खिलाड़ी हुए जिन्होंने भारत की ओर से कई खेले। क्लब के संस्थापक राजनाथ शर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी और खेल प्रेमियों को हॉकी से जोड़ने के लिए गांधी भवन में एक विशाल फोटो प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जो दर्शकों को भारतीय हॉकी के 100 गौरवशाली वर्षों की दृश्य यात्रा से रूबरू कराएगी। कार्यक्रम के दौरान क्लब के खिलाड़ियों को मेडल देकर उनका उत्साहवर्द्धन किया। इस मौके पर जिला ओलाम्पिक संघ के सचिव धीरेन्द्र कुमार वर्मा, समाजसेवी मोहम्मद उमेर किदवई, वरिष्ठ सपा नेता प्रमोद वाजपेई, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी विजय अवस्थी, विनय कुमार सिंह, अशोक कुमार शुक्ला, सभासद मो फैसल, शिवम शुक्ला एडवोकेट, सभासद अश्विनी शर्मा, पाटेश्वरी प्रसाद, सत्यवान वर्मा, नसीम कीर्ति, मनीष यादव, राजेश यादव, हशमत अली गुड्डू, रणंजय शर्मा आदि कई लोग मौजूद रहे।

## बहन की शादी का निमंत्रण देने गए युवक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत



**जैदपुर बाराबंकी।** बहन की शादी का सेहरा देखने की अरमान दिल रह गयी अधूरी गई जब मोटरसाइकिल से दावत बांटकर वापस आते समय अज्ञात कार की टक्कर से एक भाई की रास्ते में ही मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी।जिसकी सूचना मिलते ही शादी के घर में मातम सा मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला मोलवी कटरा निवासी शुऐब पुत्र स्व अली असगर उर्फ़ गुल्ले की बहन की बहन की शादी 19 नवंबर को होना था, और बहन को विदा करने के तमाम अरमान अपने दिल में सजाये हुए मंगलपुरवा थाना हैदरगढ़ से बहन की शादी की दावत बांटकर सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से वापस आते समय कोठी थाना क्षेत्र के शिवालापुरवा मंदिर के पास एक अज्ञात कार ने टक्कर मार दी।जिससे मोटरसाइकिल चला रहे शुऐब की मौके पर मौत हो गयी। जबकि पीछे बैठे शाकिर पुत्र सादिक भी घायल हो गया। चालक कार लेकर मौक़े से फरार हो गया। अचानक हुई इस घटना से शादी के घर में मातम छा गया वहीं दो मासूम बच्चियों के सर से बाप का साया उठ गया। मौके पर पहुंची कोठी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पंचायत भवन में बड़ी चोरी, कम्प्यूटर, इनवर्टर सहित हजारों का सामान गायब

**मसौली, बाराबंकी।** बीती रात्रि थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत अनूपगंज के पंचायत भवन का ताला तोड़कर अज्ञात चोरो ने कम्प्यूटर सिस्टम सहित इन्वेटर बैटरी आदि समान उठा ले गये ग्राम प्रधान माहेदरकशा ने चोरी की तहरीर दी है। ग्राम प्रधान माहेदरकशा ने बताया कि रविवार की सुबह पंचायत सहायक निशा किसी कार्य से जब पंचायत भवन पहुंची तो भवन के मुख्य गेट का दरवाजा टूटा हुआ था तथा दरवाज़े लगा ताला भी टूटा था पंचायत सहायक की सूचना पर जब पंचायत भवन गयी तो कार्यालय मे रखा कम्प्यूटर सिस्टम, इन्वेटर, दो बड़ी बैटरी गायब थी ग्राम प्रधान ने पंचायत भवन हुई चोरी की तहरीर चौकी सहादतगंज मे दी है।

## डीएम ने किया अटल बिहारी बाजपेई स्वशासी मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

**डीएम ने कंसल्टेंट की टीम गठित करते हुए मेडिकल कॉलेज में शीघ्र शैक्षणिक सत्र प्रारंभ किए जाने के दिए निर्देश**

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



डीएम विपिन कुमार जैन द्वारा अटल बिहारी बाजपेई स्वशासी मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज का विस्तृत भ्रमण किया एवं ऑपरेशन थिएटर , वार्ड आदि को देखा। डीएम ने चिकित्सक , पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य ह्यूमन रिसोर्स की तैनाती हेतु सभी कार्यवाही शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के शैक्षणिक सत्र के शीघ्र प्रारंभ किए जाने हेतु कंसल्टेंट की टीम गठित करते हुए समयबद्ध रूप से सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जाए। इस दौरान प्राचार्य मेडिकल कॉलेज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## एसडीएम उतरौला ने धान खरीद केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, पारदर्शी भुगतान के दिए निर्देश

**उतरौला, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिला अधिकारी कै निर्देश पर एसडीएम उतरौला अभय प्रताप सिंह ने उतरौला तहसील क्षेत्र के गैडास बुजुर्ग व कुंडऊं बौडिहार का आक्समिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम उतरौला ने केन्द्र प्रभारी से धान उपज के आवक के बारे में जानकारी की। उन्होंने धान बेचने वाले किसानों के रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी की। राजकीय धान खरीद केंद्र गैडास बुजुर्ग के प्रभारी ने बताया कि विगत दिनों हुई बरसात से काफ़ी धान के भीग जाने से उसके कटान में देरी हो रही है। वहीं कुछ किसानों के कटान पर धान की फसल भीग जाने से किसान उसको धूप में सुखा रहे हैं। इस कारण धान की सफाई करके उसे केन्द्र पर बेचने में देरी हो रही है। एसडीएम उतरौला ने थान खरीद में किसी प्रकार की लापरवाही न करने का निर्देश देते हुए किसानों को खरीद के सरकारी मूल्य पर भूगतान करने को कहा। एसडीएम उतरौला ने धान खरीद केंद्र कुंड ऊं बौडिहार के निरीक्षण के दौरान खरीद के लिए बोरे व भुगतान की धनराशि की जानकारी की। केन्द्र प्रभारी ने बताया कि सभी किसानों से धान खरीद के बेहतर इंतजाम है। सिद्धार्थ नगर सीमा पर होने से किसानों के धान खरीद की व्यवस्था होने पर धान की आवक नहीं हो रही है। किसानों के धान बेचने पर उनके भुगतान कर दिया जाएगा। एसडीएम उतरौला ने उतरौला बाजार में स्थित धान खरीद केंद्र का जायजा लिया और किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी की। एसडीएम उतरौला ने केन्द्र प्रभारी को धान खरीद के लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया।

## विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत बीएलए 2 व बूथ अध्यक्ष कार्यशाला का आयोजन



**तुलसीपुर, बलरामपुर।** विशेष पुनरीक्षण अभियान कार्यक्रम में बीएलए 2 एवम् बूथ अध्यक्षों की भूमिका विषय पर तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्र की कार्यशाला मोहन लाल राम लाल इन्टर कॉलेज शिवपुरा में आयोजित की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 4 नवंबर से उत्तर प्रदेश की सम्पूर्ण मतदाता सूची शून्य घोषित कर दी गई है। इस लिए सभी लोगों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी घोषणा पत्र को अनिवार्य रूप से भरना है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह विधानसभा संयोजक शिव प्रसाद यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी,जिला महामंत्री विशुन देव गुप्ता, राजेश गुप्ता, गुलाब पाठक, ओम प्रकाश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवम् पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने हटवाए मानक से अधिक फ्रीक्वेंसी के लाउडस्पीकर

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**





उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद बलरामपुर में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में रविवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में यह अभियान एक साथ संचालित हुआ। अभियान का उद्देश्य धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थलों एवं निजी प्रतिष्ठानों पर मानक सीमा से अधिक ध्वनि स्तर पर चल रहे लाउडस्पीकरों को नियंत्रित करना और उन्हें हटवाना था। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने थाना स्तर पर व्यापक निरीक्षण कर कई स्थानों पर अनावश्यक लाउडस्पीकरों को हटवाया तथा जिन स्थलों पर ध्वनि स्तर अधिक पाया गया, वहाँ सख्त चेतावनी दी गई।

पुलिस मुख्यालय से जनपद स्तर पर तीन दिवसीय विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। यह अभियान 9 नवंबर से शुरू होकर आगामी तीन दिनों तक चलेगा। पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह पहल न केवल सार्वजनिक शांति और सामाजिक सौहार्द की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी आवश्यक है। अभियान के पहले दिन जनपद के सभी थानों की पुलिस टीमों ने सक्रियता दिखाते हुए दर्जनों स्थानों पर ध्वनि स्तर की जांच की। कई धार्मिक और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में लाउडस्पीकरों की आवाज मानक सीमा से अधिक पाई गई, जिन्हें तत्काल कम कराया गया। वहीं, अनावश्यक रूप से लगाए गए ध्वनि विस्तारक यंत्रों को हटवाने की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि लाउडस्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग करते समय उच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करें। निर्धारित समय सीमा और ध्वनि स्तर से अधिक आवाज न करें, जिससे किसी भी व्यक्ति की शांति भंग न हो और पर्यावरणीय संतुलन बना रहे। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने कहा कि ÷ध्वनि प्रदूषण आज एक गंभीर सामाजिक समस्या बन चुकी है। न्यायालय के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। यह अभियान किसी धर्म या समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि सभी के हित में है। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय ने भी बताया कि इस अभियान को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा और जो भी व्यक्ति या संस्था ध्वनि नियंत्रण के नियमों का उल्लंघन करती पाई जाएगी, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जनपद पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे शांति और सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करें।

# अभियान के तहत धार्मिक स्थलों से हटाए गए लाउडस्पीकर

हाईकोर्ट की गाइडलाइन पर यूपी सरकार के आदेश पर की जा रही कार्रवाई

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मंदिरों-मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाए जा रहे हैं। यह अभियान राजधानी में 3 दिन चलेगा। हाईकोर्ट की गाइडलाइन पर यूपी सरकार के आदेश पर यह कार्रवाई की जा रही है।

मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारों के साथ सभी धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाए जाएंगे। सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी धार्मिक स्थल पर निर्धारित सीमा से अधिक आवाज में लाउडस्पीकर नहीं बजाया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई हाईकोर्ट की ध्वनि नियंत्रण गाइडलाइन के तहत की जा रही है, ताकि लोगों की शांति और स्वास्थ्य पर इसका दुष्प्रभाव न पड़े। लखनऊ के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर बबलू कुमार ने बताया कि यह अभियान पूरी तरह प्रशासनिक और कानूनसम्मत है।

उन्होंने कहा, यह किसी धर्म या समुदाय से जुड़ी कार्रवाई नहीं है, बल्कि न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित करने की प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि टीमों को यह भी निर्देश दिया गया है कि धार्मिक स्थलों पर संवाद कायम करते हुए नियमों का पालन करवाया जाए।

रविवार को लखनऊ पुलिस की कई टीमें पुराने लखनऊ, आलमबाग, ठाकुरगंज, बाजारखाला और महानगर क्षेत्र में सक्रिय रहीं। ध्वनि नियंत्रण टीमों ने स्थानीय प्रशासन और नगर निगम के सहयोग से कई धार्मिक स्थलों पर साउंड सिस्टम हटवाए। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस फोर्स की मौजूदगी रही, ताकि किसी तरह की अफवाह या विरोध की स्थिति न बने। अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान सोमवार और मंगलवार को भी चलेगा। पुलिस और प्रशासन ने सभी धार्मिक संस्थाओं को नोटिस जारी कर सख्त हिदायत दी है कि निर्धारित डेसिबल सीमा का पालन करें। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई है कि दोबारा उल्लंघन की स्थिति में संबंधित संस्थाओं पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ग्रामीण क्षेत्रों में साढ़े आठ साल में 5.60 लाख से ज्यादा हुए ग्रामीण संयोजकता के कार्य

समृद्धि न्यूज

गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने में जुटा ग्राम्य विकास विभाग

**लखनऊ।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना महात्मा गांधी नरेगा से जहां ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका संवर्धन हेतु प्रत्येक वित्तीय वर्ष में उन ग्रामीण परिवारों को गारंटीकृत रोजगार उपलब्ध कराया जाता है, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल श्रम करने के लिए स्वेच्छा से काम करते हैं।

इसके साथ ही यह योजना से जल संरक्षण संरचनाओं, ग्रामीण सड़कों और अन्य बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं जैसी उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण पर भी जोर दिया जाता है, जो ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास में योगदान करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाने एवं जलभराव जैसी की समस्या के निदान हेतु महात्मा गांधी नरेगा योजना से नाली, चकरोड निर्माण, पटरी मरम्मत, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड एवं खड़ंजा निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन में ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि गांवों की गलियां, ग्रामीणों का हाईवे की भांति हैं, इसलिए गांवों की गलियां दुरुस्त और साफ-सुथरी होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत किये गये विकास कार्य धरातल पर दिखने भी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में नाली, चकरोड निर्माण, पटरी मरम्मत, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड एवं खड़ंजा निर्माण के कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे गांव स्वच्छ और सुंदर रहे और ग्रामीण स्वस्थ रहें। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2017-18 से अब तक ग्रामीण संयोजकता के 5,60,474 कार्य पूर्ण किये गये।

## खबरें एक नजर में

### राजकीय नर्सेस संघ उत्तर प्रदेश की नयी कार्यकारिणी का गठन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आज डॉ अलोक सक्सेना चुनाव प्रवेक्षक/संयुक्त निदेशक (नर्सिंग) स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय,स्वास्थ्य भवन एवं श्री राजीव चौधरी,इन्देश मणि त्रिपाठी तथा पवन सक्सेना प्रधान सहायक स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय स्वास्थ्य भवन लखनऊ द्वारा राजकीय नर्सेस संघ उत्तर प्रदेश नवनिर्वाचित कार्यकारिणी 2025 की घोषणा करते हुए सभी का शपथग्रहण समारोह विज्ञान भवन स्थित बलरामपुर चिकित्सालय लखनऊ में कराया गया । जिसमें अध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार शर्ली भण्डारी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। महामंत्री पद पर अशोक कुमार को लगातार चौदहवीं बार इसी पद पर निर्विरोध चुना गया। एवं पूरी कार्यकारिणी भी निर्विरोध निर्वाचित हुई। गीताश्री वर्मा कोषाध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला उपाध्यक्ष गोरखपुर सत्येंद्र कुमार उपाध्यक्ष लखनऊ राधा रानी वर्मा उपाध्यक्ष अलीगढ़ सतीश कुमार त्यागी उपाध्यक्ष आगरा पवन मिश्रा उपाध्यक्ष मेरठ राम गोपाल संयुक्त मंत्री फिरोजाबाद रमा सिंह संयुक्त मंत्री लखनऊ शशि लता वर्मा संयुक्त मंत्री सीतापुर सगीर अहमद संयुक्त मंत्री कानपुर कामिनी सिंह संयुक्त मंत्री मुरादाबाद एवं विनय कुमार सिंह आडीटर लखनऊ पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित हुई।

### विद्यालय जा रही शिक्षिका की सड़क हादसे में मौत, कोहराम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में पारा थाना क्षेत्र स्थित मौदा मोड़ पर रविवार सुबह घर से विद्यालय जा रही शिक्षिका की सड़क हादसे में मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह करीब 6.15 बजे मौदा निवासी जूली घर से विद्यालय जाने के लिए निकली थीं। रास्ते में मौदा मोड़ के पास उन्हें याद आया कि उनका मोबाइल फोन घर पर ही छूट गया है। इसके बाद वह मोटरसाइकिल मोड़कर वापस घर जाने लगीं, तभी पीछे से आ रहे गैस सिलेंडर लदे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में जूली गंभीर रूप से घायल हो गईं। इसके बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से परिजनों ने एंबुलेंस बुलाकर घायल जूली को के.जी.एम.यू. ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान की जा सके।

### शिवकुमार अध्यक्ष व सुभाष महासचिव लगातार चौथी बार निर्वाचित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजकीय परिवाहन चालक संघ लोक निर्माण विभाग की द्विवार्षिक अधिवेशन विश्वैश्रैया प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ। अविवेशन,चुनाव में अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित लगभग सभी पदों पर एक एक नामांकन होने पर निर्वाचन अधिकारी ने भरे सदन में निर्विरोध कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। प्रान्तीय अध्यक्ष पद पर शिवकुमार यादव और महासचिव पद पर सुभाष चन्द्र मिश्रा लगातार चौथी बार निर्वाचित हुए। अधिवेशन में मुख्य अतिथि प्रमुख अभियंता विभागाध्यक्ष इं. ए.के. द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर अधिवेशन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि एकता संघ की सबसे बड़ी ताकत है। संघ का नेतृत्व संघ का आईना होता है। संघ और संगठन में जिम्मेदारी का निर्वहन सबसे महत्वपूर्ण होता है। हम अतिशीघ्र अतिरिक्त वाहन खरीदने जा रहे है जो आपके संघ की मांग है। अधिवेशन को मुख्य अभियंता विघुत यॉत्रिक इं. उमाकांत सिंह, मुख्य अभियंता मुख्यालय दो इं. सुधीर कुमार ने सम्बोधित किया।।

### महिला हिंसा के विरुद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इनिशिएटिव फाउंडेशन द्वारा महिला हिंसा के विरुद्ध एक दिवसीय महिला प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम पंचायत भवन, शिवरी (लखनऊ) में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को हिंसा के विभिन्न रूपों, उनके अधिकारों, कानूनी सहायता प्रणालियों और समुदाय में जागरूकता बढ़ाने की भूमिका के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम में हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र त्रिपाठी ने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा कानूनों और सहायता तंत्रों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी होना ही हिंसा के खिलाफसबसे बड़ा हथियार है। संस्थान के निदेशक अमित ने कहा कि महिला हिंसा रोकने में समुदाय की सक्रिय भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जब महिलाएं संगठित और जागरूक होती हैं, तो परिवर्तन स्वत: शुरू हो जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित मिशन शक्ति प्रभारी थाना काकोरी सिनियर एसआई दिनेश कुमारी ने महिला सहायता हेल्पलाइन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं को डरने की नहीं, अपने अधिकारों को जानकर आवाज उठाने की जरूरत है। पुलिस हर उस महिला के साथ है जो न्याय चाहती है। इस प्रशिक्षण में 61 महिलाओं ने भाग लिया।

### उत्तराखण्ड स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर मायावती ने दी बधाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बसपा सुप्रीमो मायावती ने उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि उत्तराखंड राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ अर्थात् उत्तराखण्ड रजत जयंती पर राज्य के समस्त भाई-बहनों व उनके परिवार वालों को हार्दिक बधाई। बहुजन समाज पार्टी (बी.एस.पी.) की उत्तर प्रदेश में मेरी रही सरकार द्वारा कई नए जिले, तहसील व ब्लाक आदि बनाकर उत्तराखंड में जनहित, जनकल्याण व विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ पार्टी के समर्थन से बने नये उत्तराखण्ड राज्य के लोगों का जीवन भी खुुश एवं खुशहाल हो, यही शुभकामनायें। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन भी सही नीयत व नीति से कार्य करे तो यह बेहतर। जिससे उत्तराखंउ का विकास हो सके। आप को बता दें कि लंबे समय से चली आ रही पृथक राज्य की मांग को स्वीकार करते हुए उत्तर प्रदेश के एक हिस्से को काट कर 2000 में उत्तराखंड की स्थापना कर नया राज्य बनाया गया था।

### चीनी निर्यात को मंजूरी व शीरा पर शुल्क घटाना सराहनीय

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केंद्र सरकार द्वारा पंद्रह लाख टन चीनी के निर्यात को मंजूरी देने और शीरा मोलासिस के निर्यात पर पचास प्रतिशत शुल्क घटाने के निर्णय का रालोद ने स्वागत किया है। यह कदम किसानों और चीनी उद्योग दोनों के हित में है और इससे देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा किसरकार के इस निर्णय से चीनी मिलों की आर्थिक क्षमता बढ़ेगी, जिससे वे गन्ना किसानों को समय पर भुगतान करने में सक्षम होंगी। पिछली सरकारों के कार्यकाल में भुगतान वर्षों तक लंबित रहता था, परंतु वर्तमान सरकार की नीति त्वरित भुगतान को बढ़ावा देती है, जो निश्चित रूप से सराहनीय है। शीरा निर्यात पर शुल्क कम होने से भारतीय शीरा व्यापार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति मिलेगी और निर्यात मांग में वृद्धि होगी। इसका सीधा लाभ चीनी मिलों और किसानों दोनों को प्राप्त होगा।पिछले वर्ष गन्ना उत्पादन अधिक होने के बावजूद सरकार ने समय पर भुगतान सुनिश्चित किया था और इस वर्ष भी अधिकांश भुगतान पूरा किया जा चुका है। यह इस बात का प्रमाण है कि सरकार किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है।

### बुद्धेश्वर चौराहे पर होर्डिंग गिरी, पूर्व सैनिक घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के बुद्धेश्वर चौराहे पर रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। फ्लाईओवर पर लगी एक होर्डिंग तेज हवा के कारण अचानक नीचे गिर गई। इसकी चपेट में आने से स्कूटी सवार सेवानिवृत्त जल सेना कर्मी तेजभान मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गए। तेजभान मौर्य मूल रूप से प्रतापगढ़ जिले के रहने वाले हैं। वह अपने रिलेशन में इंदिरा नगर आए हुए थे। रविवार को इंदिरा नगर से पारा स्थित बादल खेड़ा में अपने प्लाट पर स्कूटी पर सवार होकर जा रहे थे। घटना के समय वे रामदेव मौर्य के साथ थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायल तेजभान मौर्य को तुरंत सड़क से हटाकर मोहन रोड स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। जहां पर उनका उपचार चल रहा है। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

सीएम ने निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुशीनगर का किया निरीक्षण

# पूर्वी यूपी की अहम उपलब्धि होगा कृषि व प्रौद्योगिकी विवि

**लखनऊ/कुशीनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया और अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के जिम्मेदारों से बात कर इसकी प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की।



मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देश दिए कि जुलाई 2026 के सत्र से इस विश्वविद्यालय में पठन-पाठन कार्य प्रारंभ करने के लिए अभी से युद्ध स्तरीय प्रयास किए जाएं। निरीक्षण के बाद मीडिया कर्मियों से मुखातिब मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा बुद्ध के नाम पर कुशीनगर में बन रहा यह कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। बिहार विधानसभा के चुनाव प्रचार के बाद रविवार को कुशीनगर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बौद्ध धर्मगुरु भदंत ज्ञानेश्वर को श्रद्धांजलि देने के बाद निर्माणाधीन महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने परिसर में भ्रमण कर कार्यो की अद्यतन स्थिति जानी और निर्माण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्माण की प्रगति पर संतोष जताते हुए कहा कि कोशिश हो कि भवन का निर्माण लक्षित समय सीमा अक्टूबर 2026 से पहले ही पूरा करा लिया जाए।

महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। अब प्रयास इस बात पर होना चाहिए कि अगले सत्र में पठन-पाठन का कार्य प्रारंभ हो जाए। सीएम योगी ने कहा की कार्यदायी संस्था ने अक्टूबर 2026 तक बिल्डिंग बना कर देने को कहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कृषि की दृष्टि से कुशीनगर और आसपास का क्षेत्र अत्यंत समृद्ध है। यहां की भूमि भरपूर उर्वरा है।

पर्याप्त जल संसाधन मौजूद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विकास के लिए इस क्षेत्र को बेहतर कनेक्टिविटी भी मिल गई है। ऐसे में यह कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय नागरिकों, अन्नदाता किसानों के लिए, औद्यानिक फसल उगाने वालों और गन्ना उपजाने वालों की समृद्धि का साधन बनेगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सांसद विजय कुमार दूबे और सभी विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित कमिश्नर, डीआईजी, डीएम, एसपी आदि उपस्थित रहे।

### महाराणा प्रताप गेट से राजनाथ सिंह व ब्रजेश पाठक का नाम गायब, पार्षदों ने जताया विरोध

**लखनऊ।** लखनऊ में हुसैनगंज चौराहे स्थित महाराणा प्रताप गेट से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का नाम हटाए जाने के बाद विवाद तेज हो गया है। भाजपा पार्षदों ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ तीव्र विरोध दर्ज कराया और इस निर्णय को अनुचित और असंवेदनशील बताया। भाजपा पार्षदों का कहना है कि यह गेट नगर निगम की पहल पर क्षेत्र के विकास और शहर की गौरवशाली परंपरा को दर्शाने के उद्देश्य से बनाया गया था। गेट पर लगे शिलापट्ट में वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के नाम शामिल थे, लेकिन हाल ही में बिना किसी सूचना या प्रस्ताव के उन्हें हटा दिया गया। पार्षदों ने इसे राजनीतिक मंशा से प्रेरित कदम बताते हुए गेट पर पुनः नाम अंकित करने की मांग की है।

# रोड की खस्ताहाल स्थिति से परेशान कॉलोनी के लोगों ने किया प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पीजीआई क्षेत्र के चरण भट्ठा रोड की खस्ताहाल स्थिति से परेशान कॉलोनीवासियों का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा। सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढों और जलभराव से परेशान लोगों ने गड्ढों में भरे पानी में बैठकर नगर निगम के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने सड़क नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाते हुए जल्द सड़क निर्माण की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि आने वाले दिनों में सड़क की मरम्मत का काम शुरू नहीं किया गया, तो चरण भट्ठा रोड पर अनिश्चितकालीन धरना देंगे। प्रदर्शन में यमुनापुरम, मधुवन विहार, रॉयल सिटी, संगम नगर और त्रिवेणी नगर कॉलोनी के लोग शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बीते कई वर्षों से यह सड़क करीब 600 मीटर दूरी तक बदहाल है। कई बार शिकायतें करने के बावजूद नगर निगम और संबंधित विभागों के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। यमुनापुरम कॉलोनी के निवासी वीरेंद्र सिंह पाल ने बताया कि वह पिछले दो वर्षों से यहां रह रहे हैं। पहले उनकी तबीयत पूरी तरह ठीक थी, लेकिन अब इस टूटी सड़क से रोजाना गुजरने के कारण कमर में दर्द स्थायी हो गया है। उन्होंने कहा, हम लोग हर टैक्स समय पर जमा करते हैं, फिर भी सड़क नहीं बनती। अब तो हालात ऐसे हैं कि मकान बेचने का मन करने लगा है।

### एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ ।** लखनऊ की बीकेटी पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को रंगेहाथ पकड़ा है। आरोपी अपने साथी के साथ कार से ठगी करने जा रहा था। पुलिस ने पीछा कर उसे धर दबोचा, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। शनिवार रात उपनिरीक्षक शेषमणि मिश्रा हमराह पुलिस बल के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे, तभी सूचना मिली कि एटीएम बदलकर ठगी करने वाले आरोपी कार से किसान पथ की ओर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने अस्ती क्रॉसिंग के पास नाकेबंदी की। थोड़ी देर में सफेद वैगनआर दिखाई दी। रुकने का इशारा करने पर चालक ने कार दौड़ा दी। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

# स्वच्छ भारत के लिए भाजपा राज में फैली चुनावी धांधलियों का कूड़ा हटाना जरूरी : अखिलेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लोकतंत्र को कमजोर करने और चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ियों को बढ़ावा देने का गंभीर आरोप लगाया है और कहा है कि भाजपा राज में फैली चुनावी धांधली के कूड़ा को गटाना जरूरी है।



यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि 'सच्चे स्वच्छ भारत के लिए भाजपा राज में चुनाव आयोग के कुछ अधिकारियों द्वारा फैलाए गए धांधलियों के कूड़े को हटाना भी उतना ही जरूरी है, जितना सड़कों की सफाई। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी लोकतंत्र में नहीं, बल्कि लूटतंत्र में विश्वास करते हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि आजादी के पहले से लेकर आज तक भाजपा और उसके संगी-साथी सदैव 'पिछले दरवाजे वाली राजनीति और 'खुफियाखोरी का सहारा लेते रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब जनता इनकी मुखबरी और सेंधमारी की राजनीति को समझ चुकी है। समाज अब घपले-घोटालों को बर्दाश्त करने की सीमा पार कर चुका है। पार्टी ने कहा कि भाजपा को अब जनता की 'अगले दरवाजे की जन-दस्तक सुननी ही होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था में ईमानदार और निष्पक्ष अधिकारियों की उपेक्षा की जा रही है, जबकि कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लग गए हैं। पार्टी ने कहा कि मिलीभगत से चुनावी गोरखधंधे में शामिल अधिकारियों के कारण आयोग की शुचिता और प्रतिष्ठा पर आँच आई है, जिसे दूर करना समय की मांग है।

# राजधानी में असम के रहने वालों की आईडी होगी चेक

समृद्धि न्यूज

एसआईआर को लेकर भाजपा पार्षद दल की बैठक

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ मेयर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय पर भाजपा पार्षद दल की बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के संबंध में दिशा-निर्देशों को स्पष्ट करना और वार्ड स्तर पर विभिन्न समितियों के गठन की प्रक्रिया को तेज करना रहा। बैठक में सबसे पहले विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान पर विस्तार से चर्चा हुई।

मेयर ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ और पारदर्शी बनाए रखने के लिए मतदाता सूची में सुधार जरूरी है। उन्होंने पार्षदों से कहा कि वे अपने-अपने वार्डों में बूथ स्तर पर मतदाता सूची के सत्यापन कार्य को गंभीरता से लें। बैठक में स्पष्ट किया गया कि ऐसे मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाएंगे, जो अब लखनऊ में निवास नहीं करते हैं। कई लोग नौकरी, व्यवसाय या अन्य कारणों से लखनऊ आए और बाद में यहां से स्थानांतरित हो गए, लेकिन उनके नाम अब भी मतदाता सूची में दर्ज हैं। जिन व्यक्तियों का निधन हो चुका है, उनके नाम भी सूची से हटाए जाने पर सहमति बनी, ताकि मतदाता सूची सटीक बने। बैठक में संदिग्ध पहचान वाले प्रकरणों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में यह स्पष्ट निर्णय लिया गया कि शहर में रहने वाले उन व्यक्तियों के नाम, जिन्होंने असम राज्य के निवासी होने का दावा करते हुए यहां मतदाता पंजीकरण कराया है, उन्हें संबंधित एनआरसी दस्तावेजों के पूर्ण और प्रमाणिक सत्यापन के बाद ही मतदाता सूची में शामिल किया जाए। मेयर ने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह विधिक और संवैधानिक दायरे में होगी तथा किसी समूह विशेष को लक्षित कर नहीं, बल्कि केवल वैधता और प्रमाणिकता के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा गया कि ऐसे लोग जिन्होंने शहर या क्षेत्र बदल लिया है, लेकिन नाम अभी भी पूर्व आवासीय क्षेत्र में दर्ज हैं, उन्हें सूची से हटाने की प्रक्रिया को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए। बैठक में उन मामलों का भी उल्लेख हुआ जहां कुछ बाहरी व्यक्तियों के संदिग्ध पहचान दस्तावेजों के आधार पर मतदाता सूची में नाम दर्ज पाए गए हैं। इस विषय पर महापौर ने कहा कि यह मामला संवेदनशील है और किसी भी व्यक्ति या समुदाय को लक्षित करने के बजाय, प्रशासन द्वारा निर्धारित विधिक प्रक्रिया के आधार पर ही सत्यापन किया जाएगा।

### युवती को शादी का झांसा देकर रेप का आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** सरोजनी नगर पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक महिला से शारीरिक संबंध बनाने और बाद में धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी को रविवार को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, सरोजनी नगर थाना क्षेत्र की एक 32 वर्षीय विवाहित महिला अपने पति से अलग रहती है। चार पहिया वाहन एजेंसी में काम करती है। इसी एजेंसी में न्यू रहीमाबाद निवासी मो. शादाब भी कार्यरत था। करीब एक साल पहले दोनों के बीच प्रेम-संबंध हो गया। आरोप है कि इस दौरान मो. शादाब ने महिला को शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। महिला गर्भवती हो गई। जब उसने शादाब पर शादी का दबाव डाला, तो उसने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। परेशान महिला ने मो. शादाब के खिलाफ सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# दिव्यांग युवक को शादी का झांसा देकर एक करोड़ रुपए की ठगी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी के बीबीडी थानाक्षेत्र में एक युवती ने शादी का झांसा देकर करोड़ों की ठगी कर ली। पीड़िता का आरोप है कि झांसी की एक महिला ने उनके दिव्यांग बेटे को शादी का झांसा देकर एक करोड़ रुपए से ज्यादा ऐंठ लिए। इतना ही नहीं महिला घर से पुस्तैनी सोने के जेवर और कीमती सामान भी चोरी करके फरार हो गई।

पुलिस मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। रायल एन्क्लेव, फैजाबाद रोड स्थित फ्लैट में रहने वाली मधु जैन (74) पत्नी स्वर्गीय ललित कुमार जैन ने बताया कि उनका बेटा अमित कुमार (44) बेरोजगार और शारीरिक रूप से दिव्यांग है। अंतिया तालाब झांसी निवासी मधु खरे पुत्री रमेश कुमार खरे ने शादी का झांसा देकर अमित से नजदीकी बढ़ाई और उसी दौरान उनके एक्सिस बैंक खाते से ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कराकर लगभग एक करोड़ रुपए हड़प लिए। इसके अलावा घर में रखें कीमती जेवर भी अपने साथ लेकर चली गई। मधु जैन ने बताया कि ठगी का पता चलने पर उन्होंने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद साइबर सेल ने आरोपी महिला के कोटक महिंद्रा बैंक समेत अन्य खातों में करीब 52 लाख रुपए होल्ड करा दिए हैं। पीड़िता का आरोप है कि कार्रवाई के बाद आरोपी महिला मधु खरे लगातार फोन कॉल और मैसेज के जरिए जान से मारने की धमकियां दे रही है। मधु जैन ने बीबीडी थाने में आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

### नेशनल एथलीट को सिलेंडर लदे ट्रक ने रौंदा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सिलेंडर लदे ट्रक ने नेशनल एथलीट को रौंद दिया। ट्रक ने पहले उनकी बाइक में टक्कर मारी। वह सड़क पर गिर गई, तो ट्रक का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया। आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें लोकबंधु अस्पताल भेजा, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना रविवार सुबह पारा थाना क्षेत्र में मौदा मोड़ के पास हुआ। मृतका की पहचान मौदा गांव निवासी 23 साल की जूली के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पारा थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि जूली सड़क पर गिर पड़ीं और ट्रक का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया।

महत्वपूर्ण कदम

अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं एवं उन्नत सुरक्षा प्रणाली से लैस है यह ट्रेन

# वाराणसी जं.स्टेशन पर ट्रेन के प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत के आधुनिक रेल बुनियादी ढांचे के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले से चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई।



दुनिया के विकसित देशों में, आर्थिक विकास का एक प्रमुख चालक मजबूत बुनियादी ढांचा रहा है, श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जिन भी देशों ने महत्वपूर्ण प्रगति और विकास हासिल किया है, वहां बुनियादी ढांचे की उन्नति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि भारत भी इस मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस संदर्भ में, प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में नई वंदे भारत रेलगाड़ियां शुरू करने की घोषणा की। बनारस-खजुराहो वंदे भारत के अलावा, उन्होंने फिरोजपुर-दिल्ली वंदे भारत, लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत और एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत को भी हरी झंडी दिखाई। इन चार नई ट्रेनों के साथ, देश में चालू वंदे भारत ट्रेनों की कुल संख्या अब 160 से अधिक हो गई है।

इस अवसर पर वाराणसी जं. स्टेशन पर ट्रेन के प्रथम आगमन के समय कुलदीप तिवारी, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे लखनऊ एवं स्टेशन निदेशक वाराणसी अर्पित गुप्ता ने स्वम् उपस्थित होकर लोको पायलेट को पुष्प माला पहनाकर उनका का स्वागत किया। इस अवसर पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में यात्रियों की उपस्थिति रही। स्टेशन पर देशभक्ति संगीत के साथ पारंपरिक स्वागत समारोह ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया।

यात्रियों एवं रेलवे अधिकारियों द्वारा ट्रेन का भव्य स्वागत किया गया। स्टेशन परिसर को विशेष रूप से सजाया गया तथा यात्रियों का पुष्पमालाओं और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच स्वागत किया गया। यह अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस बनारस और खजुराहो के बीच तीव्र, आरामदायक एवं आधुनिक रेल सेवा प्रदान करेगी, जो उत्तर प्रदेश के धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है। बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस 26422 सप्ताह में 6 दिन (गुरुवार को छोड़कर) चलेगी। यह ट्रेन बनारस से प्रातः 05.25 बजे प्रस्थान कर 13.10 बजे खजुराहो पहुंचेगी तथा वापसी में खजुराहो-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस 26421 खजुराहो से 15.20 बजे रवाना होकर रात 23.00 बजे बनारस पहुंचेगी। इस ट्रेन के प्रमुख ठहराव वाराणसी जं.विंध्याचल, प्रयागराज छिवकी, चित्रकूटधाम, बांदा एवं महोबा स्टेशनों पर है।

# डामर रोड अपनी दुर्दशा पर बहा रहा आंसू

## जलभराव व गड्ढों को लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग के विरुद्ध आक्रोश, ऊबड़-खाबड़ रास्ते की वजह से हो सकती है दुर्घटना





समृद्धि न्यूज

**कैसरगंज, बहराइच।** नेशनल हाइवे से लगा बरखुद्दारापुर चौराहे से लेकर इसी ग्राम पंचायत के निवासी मोहम्मद शमीम के घर तक पीडब्ल्यूडी विभाग की डामर रोड की खुद की दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। उक्त रास्ते पर आने-जाने वाले राहगीरों को जगह-जगह गड्ढे, गंदगी व जल भराव जैसी स्थितियों से बखूबी निपटने के बाद अपने रास्ते को तय करके बाजार और अपने घरों को किसी भी प्रकार से पहुंचने को मजबूर होते हैं।

उपरोक्त के संबंध में ग्रामवासियों ने बताया कि इस ऊबड़-खाबड़ रास्ते की वजह से ग्राम वासियों को जल भराव सहित गर्भवती महिलाओं एवं बुजुर्गों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज तक ले जाने में हम गांववासियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उक्त के संबंध में पंचायत के जिम्मेदार सहित विभिन्न लोगों को अवगत कराया जा चुका है उपरोक्त के मद्देनजर लगभग 700 मी के रास्ते पर किसी भी अधिकारी एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदार अफसरों की नजर नहीं पड़ती है।

ग्रामवासी कालिका प्रसाद पुत्र नक्छेद, रामधीरज पुत्र कल्लू,जगदीश प्रसाद पुत्र बुद्धू सहित सभी लोगों के मुताबिक उक्त डामर रोड का निर्माण ठाकुर हुकुम सिंह द्वारा जनता के हितों को देखते हुए कराया गया था उक्त के बाद से लेकर अब तक लेपन कार्य तो कई बार किया जा चुका है किंतु जल भराव और ऊबड़-खाबड़ रास्ते का निदान अभी तक किसी भी जनप्रतिनिधि व अधिकारियों द्वारा नहीं निकाला जा सका है। वैसे कहने को तो उपरोक्त रास्ता 120 फीट चौड़ी बताई जा रही है किंतु वर्तमान स्थिति को देखते हुए मौके पर सिंगल डामर रोड ही देखी जा सकती है। हिन्दू अंत्येष्टि स्थल अतिक्रमण के साथ गंदगी का शिकार जिससे भी ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

# संजीवनी लॉ कालेज में आयोजित हुआ विधिक जागरुकता व साक्षरता शिविर



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** विधिक सेवा दिवस के अवसर पर उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में संजीवनी लॉ कालेज, कीर्तनपुर बहराइच में विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन। शिविर में कालेज के प्राचार्य डॉ. रोहित प्रकाश सिंह, असिस्टेन्ट, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल रिषभ पाठक, प्रवक्तागण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन आचार्य डॉ. सुधाकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। सर्वप्रथम विधि संकाय के छात्र-छात्राओं अंजली निषाद, सूफियान, भारती यादव, मुस्कान यादव, इति पटेल, अनु, अंजलि कुमारी, देवी प्रसाद मिश्रा, सूफियान वारसी, अरीबा शेख, इमरान, मकबूल अली शाह, अंकित शुक्ला, फ़िरोज़ खान, सैय्यद मोहम्मद, शान, जैद रजा व अन्य द्वारा विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये गये। तत्पश्चात प्रवक्तागण डॉ. सी.पी. वर्मा, मनीष कुमार श्रीवास्तव, निशा त्रिपाठी, शिखा त्रिपाठी, डॉ. अरुण कुमार कन्नौजिया द्वारा लीगल ऐड की उपयोगिता के बारे में विधि छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया तथा उन्हें उनके कर्तव्यों की गंभीरता के बारे में बताया गया। इसके उपरांत असिस्टेन्ट, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल ने विधिक जानकारी के साथ-साथ विधिक सेवा अन्तर्गत असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों को न्याय दिलाएं जाने में के सम्बन्ध में उपयोगी सुझाव दिये गये।

सचिव श्री शिरोमणि ने शिविर को सम्बोधित करते हुए बताया कि न्यायपालिका किसी भी जनतंत्र के तीन प्रमुख अंगों में से एक है। न्यायपालिका संविधान और कानून की रक्षक है। भारत में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। इसी के अंतर्गत प्रत्येक जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यरत है, जो समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करती है। आर्थिक रुप से कमजोर व्यक्ति, जो न्यायालय अथवा तहसील में अपने मुकदमे की पैरवी करने में असमर्थ है, वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तालुका विधिक सेवा समितियों से संपर्क कर निःशुल्क अधिवक्ता पा सकता है।

इस अवसर पर सचिव द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के टोल फ्री नम्बर 15100 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किसी मामले विधिक जानकारी/सुझाव के लिए टोल फ्री नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य डॉ. सिंह ने कालेज में विधिक जागरुकता से सम्बन्धित कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सचिव श्री शिरोमणि के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए छात्र-छात्राओं का आहवान किया आमजन को विधिक साक्षरता के लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि 09 नवम्बर विधिक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में सचिव श्री शिरोमणि के निर्देश पर जिला कारागार में आयोजित विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर में रिषभ पाठक व असिस्टेन्ट, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल प्रशांत शुक्ला द्वारा बन्दियों को उनके अधिकार, जेल लोक अदालत व निःशुल्क लीगल ऐड के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

## खबरें एक नजर में

### टंकी की सफाई के दौरान आग से युवक झुलसा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कैसरगंज इलाके में पानी की टंकी साफ करते समय आग लगने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। यह घटना सिदरखी ग्राम में हुई, जहां विपिन यादव नामक युवक अपने घर में लगी पानी की टंकी की सफाई कर रहा था। टंकी की खराब टोटी निकालने के लिए उसने थोड़ा पेट्रोल डाला और जैसे ही माचिस जलाई, टंकी में आग लग गई। आग की चपेट में आने से विपिन बुरी तरह झुलस गया। उसकी चीख सुनकर परिजन दौड़े और आग बुझाई। घायल युवक को तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उसे बहराइच जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में डॉक्टरों के अनुसार, विपिन की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज जारी है।

### रामानंद का बहराइच से हुआ तबादला, हाथरस के होंगे नए एएसपी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश शासन ने रविवार को बड़े पैमाने पर अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले किए हैं। इसी क्रम में बहराइच के अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानंद कुशवाहा को हाथरस का नया अपर पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं, हाथरस के अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार को बहराइच का नया अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। प्रदेश सरकार ने यह तबादले रविवार को जारी किए। रामानंद कुशवाहा ने 16 दिसंबर 2023 को बहराइच में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) का पदभार संभाला था। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने जिले में घटित कई महत्वपूर्ण घटनाओं का सफलतापूर्वक अनावरण किया।

रंजिश में ट्रैक्टर ट्रॉली से दीवाल गिराया, विरोध करने पर पीटा,तीन पर मुकदमा

गोंडा ,समृद्धि न्यूज। वजीर गंज थाना क्षेत्र में रंजिश को लेकर ट्रैक्टर ट्रॉली से दीवाल को गिरा दिया।विरोध करने पर एक युवक को मार पीट कर घायल कर दिया गया। पीड़ित चंद्र मणि यादव ने विनोद कुमार यादव संजय यादव बब्बन यादव के खिलाफ में तहरीर देकर मुकदमा लिखाया है। वजीर गंज थाना क्षेत्र के चंदा पुर पूरे शंकर गांव के निवासी चंद्र मणि यादव पुत्र राम केवल ने तहरीर दिया कि उस के गांव के ही विनोद कुमार यादव संजय यादव बब्बन यादव ने उस के घर के दीवाल को ट्रैक्टर ट्रॉली लगा कर गिरा दिया गया।विरोध करने पर उस को मारा पीटा गया। तहरीर पर विनोद कुमार यादव संजय यादव और बब्बन यादव के खिलाफ में मुकदमा दर्ज कराया है।

### मां की डांट से नाराज किशोर की सुसाइड की कोशिश



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मां की डांट से नाराज एक किशोर ने फंदे से लटककर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने उसकी चीख सुनकर उसे नीचे उतारा और तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया। किशोर की हालत गंभीर बनी हुई है। हुलासपुर गांव निवासी 15 वर्षीय अमृत लाल को उसकी मां नीतू ने किसी बात पर डांटा था। इस दौरान अमृत लाल ने भी मां से बहस की। कुछ देर बाद वह घर के बाहर बने एक कमरे में गया और फंदे से लटक गया। उसकी चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने अमृत लाल को फंदे से लटकता देखा और तुरंत नीचे उतारा। उसे आनन-फानन में स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद किशोर को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने बताया कि किशोर को सांस लेने में परेशानी हो रही थी। हालांकि, अब उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

### मिशन शक्ति के तहत आयोजित हुई चौपालें

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले के नानपारा, कैसरगंज, रुपईडीहा, दरगाह शरीफ, हुजूरपुर, जरवल रोड सहित कई थानों में मिशन शक्ति टीम ने भ्रमण किया और चौपालें लगाईं। इन कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, उनकी समस्याओं को भी सुना गया और उनका संज्ञान लिया गया। चौपालों में महिला संबंधी अपराधों की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108 की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, साइबर संबंधी अपराधों की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 के बारे में भी बताया गया।

# आगजनी-तोड़फोड़ कांड पर पुलिस ने की कार्रवाई

▸ चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा न्यायलय



समृद्धि न्यूज

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** जनपद के थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र के सुल्ताना सरहदी गांव में बीते 8 नवम्बर शनिवार को पुरानी रंजिश के चलते हुए हुई आगजनी, तोड़फोड़ और मारपीट की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दद्दन पुत्र जगराम सोनकर ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि दोपहर करीब एक बजे कुछ लोग उसके घर पर आ धमके और घर में खड़ी उसकी बलेनो कार को बुरी तरह तोड़-फोड़ दिया।

विरोध करने पर हमलावरों ने उसकी दुकान और रिहायशी मकान में आग लगा दी, जिससे दुकान और घर में रखा सामान जलकर राख हो गया।वहीं पीड़ित के साथ आई राजना पुत्री पुत्तन को भी आरोपितों ने मारा-पीटा और जानमाल की धमकी देते हुए जातिसूचक गालियाँ दी थी,जिसके क्रम में बीट इंचार्ज अरुण कुमार गौतम नें स्थानीय थाना पर पहले ही सूचना देकर मु0अ0सं0 413/2025 धारा 190/191(2)/326(ह्)/115 (2)/324(4) बीएनएस व 7 सीएलए एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया था/मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार एक ही घटना में दूसरी एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती इसलिए पीड़ित द्वारा देरी से मिली नई तहरीर पर तस्करा दर्ज कर घायल पीड़िता को आवश्यक चिकित्सा के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशेश्वरगंज भेज कर मूल प्रार्थना पत्र विवेचक को सौंप दिया गया था। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष बिशेश्वरगंज राजकुमार पाण्डेय नें बताया की मामले में उच्चधिकारियों के आदेश पर गठित टीम नें नौ नवम्बर 2025 को दबिश देकर चार आरोपियों मंशाराम पुत्र बृजमंगल, लव कुमार उर्फ बडकऊ तिवारी पुत्र ननके तिवारी, भगतराम पुत्र रामआशीष और जगतराम पुत्र रामआशीष निवासी बैजू बरगदही को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

# तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ चला अभियान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** यातायात पुलिस ने तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 30 वाहनों पर 62 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से की गई है। शासन के निर्देशानुसार, सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी लाने के लिए यातायात पुलिस लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है।

इसी क्रम में, लखनऊ-बहराइच राजमार्ग पर यातायात निरीक्षक राम यादव ने अपनी टीम के साथ तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान स्पीड राडार यंत्र का उपयोग कर वाहनों की गति की जांच की गई। निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार पर वाहन चलाते पाए गए कुल तीस वाहनों के खिलाफ नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई। इन वाहनों पर कुल 62 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। इस दौरान, यातायात पुलिस कर्मियों ने आम जनता से वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

# विकसित यूपी 2047 के लक्ष्य पर कार्यक्रम का किया गया आयोजन



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** श्री महादेव शिक्षा संस्थान महाविद्यालय राम नगर तरहर गोण्डा में विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के लक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता के रूप में श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ रेखा शर्मा एवं डॉक्टर स्मृति शिशिर थी वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में बताया कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसके लिए लोगों को जागरूक होने की जरूरत है जब हम समाज के निचले तबके से जागरूकता अभियान चलाएंगे एवं सभी को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा तभी विकसित उत्तर प्रदेश 2047 का सपना साकार होगा अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य ने किया छात्रा गोल्डी पाण्डेय ने कार्यक्रम का संचालन किया इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ कौशलेंद्र सिंह। विजय प्रताप सिंह सुधीर पाण्डेय अशोक यादव शिव कुमार पाण्डेय रिंकू यादव समस्त प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### विकासखंड पड़री कृपाल के ग्राम पंचायत बेलावां में बना सामुदायिक शौचालय निष्प्रयोग

**गोंडा।** केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन गोंडा में दम तोड़ती हुई नजर आ रही है यहां इसलिए इस बात को कहना पड़ रहा है कि प्रदेश सरकार ने करोड़ों रुपया लगाकर सामुदायिक शौचालय का निर्माण तो करा दिया किंतु या तो कहीं बना नहीं है और अगर बना भी है तो प्रयोग में नहीं है जैसे की विकासखंड पड़री कृपाल के ग्राम पंचायत बेलावा में सामुदायिक शौचालय बना हुआ है।

बाहर से रंग रोगन भी है अंदर सीट इत्यादि भी लगा हुआ है सब कुछ होने के बाद वहां पानी की व्यवस्था नहीं है अब ऐसे में यदि किसी को नहाना हो या शौचालय का इस्तेमाल करना हो तो कैसे संभव है क्योंकि पानी की व्यवस्था सबसे ज्यादा आवश्यक है और पानी की उपलब्धता नहीं है ऐसे में यदि उसे यह कहा जाए की हाथी दांत बना बेलावा का सामुदायिक शौचालय तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी ।

# उचित दर विक्रेताओं की मनमानी से हलकान हो रहे हैं उपभोक्ता, बिना बोर्ड के भी चल रही है उचित दर दुकानें

प्रदेश सरकार के आदेश के क्रम में उचित दर विक्रेताओं को वितरण दिवस पर प्रातः 8 बजे से शाम 5 तक वितरण करना चाहिए गल्ला





समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** आवश्यक वस्तु निगम के तहत उचित दर विक्रेता पूरी तरह से मनमानी पर उतर आए यह बातें यहां इसलिए कहीं जा रही हैं क्योंकि रविवार को समृद्धि न्यूज़ की टीम ने एक पड़ताल किया जिसके तहत कई दुकानें बंद पाई गई उपभोक्ता आकर लौट रहे थे और दुकान बंद थी।

इसके तहत जब जानकारी की गई तो पता चला विक्रेता किसी काम से गए हैं जब आएंगे तब राशन बटेगा जिले के विकासखंड पंडरी कृपाल में ग्राम पंचायत परसा सोहसा में अजय कुमार वर्मा के यहां जानकारी की गई कि आज दुकान बंद क्यों है तो वहां बताया गया कि उनके यहां रिश्तेदारी में मिट्टी हो गई इसलिए आज बंद है इसी प्रकार जब तेलियानी उपाध्याय पहुंच कर उचित दर विक्रेता सरवर अली से पूछा गया आज आप गला क्यों नहीं बांट रहे हैं तो उन्होंने कहा कि हम अभी मकान बनवा रहे हैं जब मकान बन जाएगा तो गल्ला बांट दूंगा इसके बाद जब टीम कपिसा पहुंची तो वहां के उचित दर्द विक्रेता के द्वारा भी बताया गया रिश्तेदारी में मिट्टी हो गई है इसलिए आज दुकान बंद है अंत में भदवा सोमवंशी में जाकर देखा गया तो वहां भी उचित दर दुकान बंद पाई गई जब उचित दर विक्रेता रणजीत सिंह से पूछा गया तो उन्होंने बताया मैं किसी काम से बाहर हूं आने पर राशन बाटूँगा।

# आरपीएफ की मुश्किलें बढ़ी, बढ़ेंगी केस की धाराएं

समृद्धि न्यूज़

**गोंडा।** रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ की हिरासत में संजय सोनकर की मौत के मामले में जांच शुरू हो गई है। नगर कोतवाल और मामले के विवेचक विवेक त्रिवेदी ने जांच प्रक्रिया आरंभ कर दी है। इस घटना को लेकर पुलिसकर्मियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे में अनुसूचित जाति/ जनजाति एससी,एसटी अधिनियम की धाराएं बढ़ाई जाएंगी।इसके लिए मृतक संजय सोनक र के परिजनों से जाति प्रमाण पत्र मांगा गया है

मृतक के भाई राजू सोनकर से पुलिस ने प्रारंभि क पूछताछ की है।प्रमाण पत्र मिलने के बाद आरपीएफ के दो सब इंस्पेक्टर और एक पुलि सकर्मी के खिलाफ एससी,एसटी एक्ट की धारा एं जोड़ी जाएंगी। ऐसे में अब गोंडा रेलवे सुरक्षा बल के तीनों पुलिसकर्मियों के ऊपर एससी, एसटी की धाराएं लगने के बाद मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही है। वर्तमान में तीनों पुलिस कर्मियों के खिलाफ केवल हत्या की धाराओं में ही मुकदमा दर्ज है।परिजनों ने आरोपी पुलिस कर्मियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है और सवाल उठाया है कि उन्हें अब तक क्यों नहीं पकड़ा गया है जिसको लेकर के परिजनों के अंदर काफी नाराजगी है। और अब इसको लेकर राजनीतिक दलों के लोग भी सरकार पर सवाल उठा रहे हैं।गोंडा नगर कोतवाली पुलिस द्वारा की जा रही इस जांच में गोंडा रेलवे सुरक्षा बल पूरा सहयोग कर रहा है,आरपीएफ के द्वारा मांगी गई सभी सूचनाएं और विवरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आरपीएफ ने तीनों पुलिसक र्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए भी आगे पत्र भेजा है। साथ ही साथ गोंडा रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे बोर्ड को भी पूरे मामले को लेकर रिपोर्ट भेजी गई है। नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी धारा की बढ़ोतरी की जानी है, जिसके लिए परिजनों से जाति प्रमाण पत्र मांगा गया है। प्रमाण पत्र मिलते ही धाराएं बढ़ाई जाएंगी और उस मामले की जांच सीओ नगर द्वारा की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हत्या की विवेचना उनके द्वारा की जा रही है और परिजनों से प्रारंभिक जानकारियां हासिल कर ली गई हैं।

### रविवार को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन इकाई परसपुर की बैठक संपन्न हुई

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** रविवार को बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जी (गोंडा) एवं महामंत्री सुभाष शर्मा के मार्गदर्शन में की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन में दायित्व परिवर्तन का निर्णय लिया गया नवगठित इकाई का विवरण इस प्रकार है –

वरिष्ठ संरक्षक
शिवाकान्त पाण्डेय गाँधी बाबा
अरुण कुमार सिंह
अध्यक्ष – विवेक कुमार तिवारी
महामंत्री – शिवकुमार शुक्ला
उपाध्यक्ष – राघवेन्द्र सिंह
उपाध्यक्ष/सह कोषाध्यक्ष – कृष्णानन्द पाण्डेय
कोषाध्यक्ष – असलम शेर खान
संगठन मंत्री – महेन्द्र कुमार सैनी
सह संगठन मंत्री – अरुणवीर तिवारी (शिवम तिवारी)

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं और संगठन की एकता एवं मजबूती पर बल दिया।



प्रतियोगिता | पुलिस लाइन गोण्डा क्रिकेट ग्राउण्ड में 25वीं अंतर्जनपदीय, गोरखपुर जोन, क्रिकेट प्रतियोगिता

# दीपक 'प्लेयर ऑफ द मैच' व 'बेस्ट बॉलर' अनुराग



समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा स्थित क्रिकेट ग्राउण्ड में गोरखपुर जोन की 25वीं अन्तर्जनपदीय क्रिकेट (पुरुष) प्रतियोगिता-2025 के तहत सेमी फाइनल मैचों का आयोजन हुआ है। प्रतियोगिता के चौथे दिन पहला मैच पूल-बी की टीमों गोरखपुर बनाम कुशीनगर के बीच खेला गया, जिसमें गोरखपुर टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी।

गोरखपुर टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 04 विकेट पर 260 रन का विशाल लक्ष्य रखा। जिसमें दीपक यादव ने 53 गेंदों में 109 रन की शतकीय पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुशीनगर टीम 20 ओवर में 07 विकेट खोकर 154 रन ही बना सकी। इस मैच में गोरखपुर टीम के दीपक यादव को 'प्लेयर ऑफ द मैच' व 'बेस्ट बैटर' घोषित किया गया, 'बेस्ट बॉलर' कुशीनगर टीम के अनुराग यादव को घोषित किया गया जिन्होने 04 ओवर में 38 रन देकर 03 विकेट लिए। दूसरा मैच पूल-ए की टीमों *गोण्डा बनाम देवरिया के बीच हुआ। जिसमें गोण्डा टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। गोण्डा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 06 विकेट पर 210 रन लक्ष्य रखा। जिसमें गोण्डा टीम के प्रवीण कुमार ने 19 गेंदो पर 48 रन की तुफानी पारी खेली। देवरिया टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 09 विकेट खोकर 144 रन ही बना सकी। इस मैच में गोण्डा टीम के अरविन्द राय को 'प्लेयर ऑफ द मैच' एवं 'बेस्ट बॉलर' घोषित किया गया, जिन्होंने 03 ओवर में 12 रन देकर 03 विकेट लिए व 17 बाल पर 31 रन बनाए, बेस्ट बेस्ट बैटर गोण्डा टीम के अमित कुमार को घोषित किया गया जिन्होने 37 बाल पर 54 रन बनाए। प्रतियोगिता के दौरान कमेंट्री का संचालन अजय कुमार पाण्डेय व आनन्द कुंवर भट्ट द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने जोशपूर्ण अंदाज़ में खिलाड़ियों व दर्शकों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का समापन व फाइनल मुकाबला दिनांक 10 नवम्बर 2025 को आयोजित किया जाएगा, जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### जानलेवा साबित हो रही है सड़क की पटरी पर हुई कटान

**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ फतेहपुर मार्ग पर नेवाज गंज गांव के पास सड़क किनारे हुई कटान मौत का कुआं साबित हो रही है बीते 1 वर्ष में इसी स्थान पर कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं जिससे लोगों में लोक निर्माण विभाग की हीला हवाली और उदासीनता के चलते भारी आक्रोश व्याप्त है प्रांतीय कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर इसी मार्ग से लाखों श्रद्धालु का आवागमन रहा और कई श्रद्धालु इसमें गिर कर चोटहिल भी हो गए लेकिन जिले के आला अधिकारियों के निर्देश के बावजूद भी लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क किनारे हुई कटान को बंद नहीं कराया गया जिसके चलते बीते शुक्रवार को जूही कानपुर निवासी अनिल कुमार की मौत पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन की टक्कर से हो गई गांव के राम कुमार दिनेश यादव बनवारी लाल महेश कुमार राम बहादुर अयोध्या प्रसाद आदि के साथ अन्य लोगों ने बताया कि बीते 1 वर्ष में इस मार्ग पर अब तक चार लोग अपनी जान गवा चुके हैं यही नहीं बीते चार और पांच नवंबर को प्रांतीय कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व में लाखों श्रद्धालु इसी मार्ग से गुजरे और जिले के उच्च अधिकारियों के निर्देश के बावजूद भी सड़क की पटरी में जानलेवा काटन को दुरुस्त नहीं कराया गया उप जिला अधिकारी डलमऊ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि यदि सड़क की पटरी में कटान हुआ है तो लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पत्र के माध्यम से सूचित कर इसे दुरुस्त कराया जाएगा।

### राष्ट्रीय सवर्ण आर्मी ने जन मिलन कर किया जागरूकता कार्यक्रम



**सीतापुर।** राष्ट्रीय सवर्ण आर्मी भारत युवा मोर्चा के तत्वावधान में अनुज त्रिवेदी समेत संगठन के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा संगठन की कार्य योजनाओं पर लोगों को जागरुक करते हुए जन मिलन कार्यक्रम महोली में किया गया इस अवसर पर अनुज त्रिवेदी द्वारा लोगों को संगठन से जोड़ने के लिए डोर टू डोर कंपेन किया गया। पदाधिकारीयों द्वारा स्थानीय स्तर पर लोकल सभाओं का भी आयोजन कराया गया इस अवसर पर लल्लन अवस्थी बेचेलाल तिवारी महंत महाराज अवधेश पंडित सौरभ श्रीवास्तव यश श्रीवास्तव सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। संगठन के पदाधिकारी ने बताया संगठन स्वर्ण समाज के हितों के लिए कार्य कर रहा है और निरंतर कार्यकर्ता रहेगा।

### अमेठी के कांग्रेस प्रदेश सचिव बने ओम प्रकाश द्विवेदी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कांग्रेस किसान के नाम पहचान बनाई। और कांग्रेस का ढांचा तैयार कर अमेठी की नयी पहचान किसानो के बीच बनाई। और लोक सभा चुनाव मे किशोरीलाल शर्मा को सांसद बनाकर लोक सभा भेजकर कांग्रेस किसान मोर्चा अमेठी तत्कालीन जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश द्विवेदी ने इतिहास के पन्नो मे लिखा। कर्तव्य निष्ठा,निडर, निर्भीक, साहसी कांग्रेस नेता ओम प्रकाश द्विवेदी ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल मे उप निरीक्षक के पद पर रहकर देश की सेवा की। अब किसान की अवाज बुलंद करने मे जुटे है।उत्तर प्रदेश कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ लखनऊ अध्यक्ष ने अब ओम प्रकाश द्विवेदी को नयी जिम्मेदारी सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ की सौपी है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस मोर्चा लखनऊ के सचिव ओम प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि देश के किसानो के हक और अधिकार की लड़ाई लडेगे। रार नहीं ठानेंगे और हार नहीं मानेंगे की चरितार्थ करने की ठान ली है। हर खेत को पानी और खाद, बीज की उपलब्धता बनी रहे। किसान की आवाज बुलंद सदैव रहेगी। किसानो के कार्यक्रम मे अपनी बात मंच पर रखे। सुनवाई होगी। किसान को अधिकार के लिए आगे आना होगा। हक कांग्रेस किसान दिलाने के लिए दृढ़संकल्प ले रखी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की मौत, पत्नी ने जताई अनहोनी की आशंका

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर के अंतर्गत सुबह घर से काम पर गए मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी होने पर रोते बिलखते परिजनों ने मौके पर पहुंचने के उपरांत पुलिस को तहरीर देकर जांच पडताल की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के पूरे लाला ईश्वरीदास मजरे मिश्रौली गांव निवासी गीता ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि मेरे पति दिनेश उम्र करीब 45 वर्ष रोज की भांति बीते दिन घर से काम करने के लिए पूरे चितई स्थित स्कूल गए जहाँ पूरे गुलजार मजरे मऊ अतवारा निवासी मंगरूराम पासी के साथ काम कर रहे थे इसी दौरान मेरे पति की तबियत खराब होने व अस्पताल ले जाने की जानकारी मिली। तत्पश्चात जगदीशपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने पर ढूंढ़ने के काफी प्रयास के बाद उनका शव एक लावारिस स्टार्ट वाहन मे पडा मिला जिसके आसपास कोई नहीं था और जो घर से काम करने के लिए कपडे पहनकर गए थे वह भी बदले हुए थे। उनके साथी मंगरूराम से संपर्क करने पर बताया कि तबियत खराब होने के बाद वाहन से ईलाज के लिए जगदीशपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। जिसके चलते मृतक की पत्नी गीता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है। इस संबंध मे प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा।

### गंगोत्री से रामेश्वरम तक जल संरक्षण का संदेश लेकर निकले रामधीरज सिंह



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ और भारतीय सांस्कृतिक विरासत को संजोने का संदेश लेकर जनपद के सादीपुर निवासी वरिष्ठ समाजसेवी रामधीरज सिंह एक ऐतिहासिक पैदल यात्रा की शुरुआत करेंगे। वे 11 नवम्बर को गंगोत्री धाम से पवित्र मां गंगा का जल लेकर रामेश्वरम तक लगभग साढ़े तीन हजार किलोमीटर की लंबी पदयात्रा पर निकले हैं। इस यात्रा का उद्देश्य देशभर में जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के प्रति जन–जागरूकता फैलाना है। इस यात्रा में उनके साथ इटावा के प्रसिद्ध पर्यावरणविद रोबिन सिंह भी शामिल हैं। दोनों पर्यावरण प्रेमी वन, पर्यावरण, जल संरक्षण एवं नदियां हमारी जीवन रेखा हैं इस मूल मंत्र को लेकर देश के विभिन्न राज्यों, नगरों और गांवों में जनजागरण करेंगे। पदयात्रा के दौरान वे लोगों को नदियों की पवित्रता, वृक्षारोपण, जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता के महत्व पर संदेश देंगे। गंगोत्री से यात्रा आरंभ करने से पूर्व रामधीरज सिंह और रोबिन सिंह को स्थानीय संतों, श्रद्धालुओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आशीर्वाद दिया। स्वामी दर्शन चैतन्य जी महाराज, विश्व हिन्दू परिषद के पवन सिंह जामों, किसान संघ अमेठी के जिलाध्यक्ष हरित सिंह, जय कुमार, अवधेश कुमार सिंह, राज कुमार सिंह वरिष्ठ समाजसेवी, सादी पुर मुसाफिरखाना सहित सैकड़ों संभ्रांत नागरिकों ने उन्हें स्वागत के साथ मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

### दारुल उलूम गौसिया तेगिया प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र मुसाफ़िर खाना अंतर्गत दारुल उलूम गौसिया तेगीया रसूलाबाद में प्रबंध समिति का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। बैठक में संस्था की 15 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया तथा सभी का निर्वाचन निर्विरोध हुआ। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव प्रक्रिया शनिवार को संपन्न होनी थी। इस दौरान प्राप्त शिकायतों के बाद जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने निर्देश जारी किए थे कि चुनाव प्रक्रिया डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटी एवं चिट्स द्वारा प्रमाणित साधारण सभा की सूची के आधार पर ही कराई जाए। निवर्तमान कार्यकारिणी के अध्यक्ष इरशाद हुसैन की अध्यक्षता में चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने का प्रस्ताव पारित किया गया। संस्था के सरपरस्त डॉ.जीशान हुसैन ने बताया कि 180 सदस्यों की प्रमाणित सूची में से 154 जीवित सदस्यों के आधार पर निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की गई। उन्होंने बताया कि सभी पदों पर एकल नामांकन होने से पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध हुआ है। निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष इरशाद हुसैन, उपाध्यक्ष वसीम उल्ला खां, प्रबंधक मो.जुबैर खां, उप प्रबंधक जहीर अहमद, खजांची अकील अहमद, नायब खजांची वसी उल्ला खां, ऑडिटर हाजी मो. अकबाल खां शामिल हैं। इसके अलावा 6 अन्य सदस्यों को भी कार्यकारिणी में सम्मिलित किया गया है।

### महिला डिग्री कॉलेज में हुआ माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रशिक्षण का आयोजन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** महिला माहवारी एवं स्वास्थ्य स्वच्छता से जुड़ी गंभीर चुनौतियों को देखते हुए सोसाइटी फॉर एनिमल हेल्थ, एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमैनिटी एवं बी द चेंज के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता अभियान मंगलम महिला डिग्री कॉलेज मुसाफिरखाना में किया गया। कार्यशाला शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अलका सोनकर एयमओ ने किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म की स्वच्छता बनाए रखने के तरीके तथा गर्भाशय–ग्रीवा कैंसर के कारण और उनसे बचाव के उपायों पर प्रकाश डालना रहा। उन्होंने बताया सूती, हवादार पैड या सैनिटरी टैम्पोन पर्यावरण के अनुकूल विकल्प के लिए मासिक धर्म कप का भी उपयोग किया जा सकता है। हर 4–6 घंटे में सैनिटरी पैड बदलें। यदि आप रात के लिए अधिक सोखने वाले पैड का उपयोग कर रहे हैं, तो उन्हें 8 घंटे तक इस्तेमाल किया जा सकता है। लालमणि कश्यप सदस्य जिला युवा कार्यक्रम परामर्श दात्री समिति एवं संस्थापक साहस ने महिलाओं और बच्चियों से असामान्य लक्षण की स्थिति में तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी। अंत में प्रधानाचार्या डॉ. लक्ष्मी शुक्ला और डॉ. अलका सोनकर को स्मृति चिन्ह देकर इंजी. लालमणि कश्यप ने सम्मानित किया। इस अवसर पर डेजी तिवारी, वंदना मिश्रा, प्रतीक्षा मौर्या, प्रेमशिला शुक्ला, अनामिका श्रीवास्तव,उर्मिला मौर्या सहित 207 से अधिक बच्चियां उपस्थित रही।

---

**जांच में हुआ बड़ा खुलासा**

# दिल्ली हाईकोर्ट में लगा रायबरेली जिला अस्पताल का 'फर्जी' मृत्यु प्रमाणपत्र

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जन्म प्रमाणपत्रों के बाद अब रायबरेली के जिला अस्पताल से फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र जारी किए जाने का बड़ा खेल उजागर हुआ है। यह मामला तब खुला जब जिला अस्पताल से बना एक कथित फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र दिल्ली हाईकोर्ट में पेश किया गया।

**हाईकोर्ट के आदेश पर खुली पोल:** दिल्ली हाईकोर्ट में विनोद रावत बनाम स्टेट (मुकदमा संख्या 2236/2025) के मामले में यह मृत्यु प्रमाणपत्र लगाया गया था। हाईकोर्ट को आशंका हुई, जिसके बाद कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को प्रमाणपत्र का सत्यापन करने का आदेश दिया। दक्षिणी दिल्ली के महरौली थाने की उप निरीक्षक (एसआई) वर्षा गत शुक्रवार को स्वयं प्रमाण पत्र का सत्यापन करने के लिए रायबरेली जिला अस्पताल पहुंचीं।

**मृत्यु का विवरण:** प्रमाणपत्र के अनुसार, यह जिले के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के नरेथुआ गाँव निवासी विजय कुमार पुत्र शियाराम का है, जिसे पंजीयन संख्या डी-2024 ÷ 9-90347-004023 के माध्यम से 1 नवंबर को जारी दिखाया गया है। त्क्र कोड पर भी मृतक का ब्योरा इस फर्जीवाड़े का सबसे जटिल पहलू यह है कि प्रमाणपत्र पर अंकित त्क्र कोड को स्कैन करने पर मृतक विजय कुमार का ही विवरण प्रदर्शित हो रहा है। इससे यह सवाल खड़ा होता है कि अगर प्रमाणपत्र जिला अस्पताल ने जारी नहीं किया, तो यह इतनी सटीकता के साथ कहाँ से बनाया गया।

सीएमएस, जिला अस्पताल, पुष्पेंद्र कुमार ने दिल्ली पुलिस को रिपोर्ट सौंपते हुए बताया कि जिला अस्पताल से विजय कुमार का मृत्यु प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया। संबंधित तारीख में उसे भर्ती करके इलाज भी नहीं किया गया। दिल्ली पुलिस को रिपोर्ट भेज दी गई है। मृतक विजय कुमार दिल्ली में फ्लावर डेकोरेशन का काम करते थे और ग्रामीणों के अनुसार, पिछले सप्ताह उनकी मौत दिल्ली में हार्ट अटैक से हुई थी। यह मामला अब गंभीर फर्जीवाड़े की ओर इशारा कर रहा है, जिसकी आगे की जाँच दिल्ली और रायबरेली पुलिस द्वारा की जाएगी।

**जांच में सामने आए चौंकाने वाले तथ्य**

दिल्ली पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचकर सीएमएस को पत्र सौंपा और इमरजेंसी व कार्यालय के अभिलेखों की गहन जाँच की। जाँच में निम्नलिखित चौंकाने वाले तथ्य सामने आए-

**अभिलेखों में नाम नहीं:** मृतक विजय कुमार (50) का नाम अस्पताल के किसी भी अभिलेख में, यहाँ तक कि भर्ती होने के रिकॉर्ड में भी अंकित नहीं मिला।

**अस्पताल ने नहीं किया जारी:** जिला अस्पताल ने स्पष्ट किया कि संबंधित मृत्यु प्रमाणपत्र उनके यहाँ से जारी ही नहीं किया गया है।

**फर्जी मुहर और हस्ताक्षर:** प्रमाणपत्र पर सबसे ऊपर जिला अस्पताल रायबरेली लिखा है, लेकिन यह अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर और जिला अस्पताल की फर्जी मुहर के साथ जारी किया गया है।

## वरिष्ठ भाजपा नेता रहे राम शंकर वर्मा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



**महराजगंज, रायबरेली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे राम शंकर वर्मा की पुण्यतिथि पर उनके आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया तथा वरिष्ठ भाजपा नेता के जीवन पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं व्यापारियों एवं समाजसेवियों ने प्रकाश डाला। 9 11 2021 को पंचतत्व में विलीन हुए राम शंकर वर्मा की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि विपक्ष में रहते हुए भी वर्मा जी ने ऐसे कार्य किया कि आज सत्ता पक्ष में रहते हुए वह कार्य नहीं हो पा रहे हैं ।भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने उनके नेतृत्व को याद करते हुए कहा कि महराजगंज से भारतीय जनता पार्टी जिले तक पहचानी जाती थी वह एक ऐसे नेता रहे हैं जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी के लिए अपना तन मन धन सब कुछ अर्पित कर दिया था आज उनकी यादें हम सबके बीच में है और हम सभी कई ऐसे किस्से हैं जिन्हें याद करते रहते हैं और बाबूजी पर गर्व करते रहते हैं। इस मौके पर कंचन वर्मा रंजन वर्मा सूर्य प्रकाश वर्मा डॉ मातादीन पासी विद्यासागर अवस्थी सरदार फत्ते सिंह मनोज कसेरा शिव कैलाश सोनी राम जी जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कोर्ट के आदेश पर विपक्षी समेत विद्युत विभाग के जेई व एक्सईएन पर केस दर्ज




**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कुंदनगंज गांव के रहने वाले राम सजीवन पुत्र पूर्णमासी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 22 मई 2025 को गांव के रहने वाले मोहम्मद मुकीम पुत्र मोहम्मद बशीर ने अपने खेतों में समरसेबल की बोरिंग करवाई है। उसके बगल में ही उसका भी खेत है। मोहम्मद मुकीम ने बिजली की लाइन का सर्वे नही करवाया है। पीड़ित आरोप है कि जेई विद्युत विभाग हरचंदपुर व एक्सईएन वितरण खंड गोरा बाजार रायबरेली के सहयोग से उसकी भूमिधरी जमीन गाटा संख्या 1372 पर जबरन बिजली के पोल गढ़वा दिए गए हैं। खेत में मौजूद आम के पेड़ व बांस कोठी को भी जबरन काट दिया गया। जिससे उसका लगभग 25000 का नुकसान हुआ है। जब उसने बिजली की लाइन चालू करने से मना किया, तो विपक्षीगणों ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उसके साथ मारपीट की है। घटना के बाद उसने बछरावां पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। परंतु न्याय न मिलने पर उसने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय ने मामले में विपक्षी मोहम्मद मुकीम समेत जेई व एक्सईएन पर बीएनएस की धारा 115(2), 324(4), 351(3), 352 के तहत केस दर्ज करने का आदेश दिया है। स्थानीय थाने में केस दर्ज किया गया है। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह बताया कि न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज किया गया है, जांच की जाएगी।

## सरदार पटेल स्वाभिमान जनहित संकल्प यात्रा के रथ का हुआ स्वागत

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



रविवार दोपहर सरदार पटेल स्वाभिमान जनहित संकल्प यात्रा का रथ बछरावां पहुंचा। यात्रा का कन्नावा, पहुरावां व कस्बे के मुख्य चौराहे समेत अन्य स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया है। संकल्प यात्रा का नेतृत्व कर रहे सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर एस पटेल का कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा पिछड़े, दलितों व वंचितों पर कथित अत्याचार और हत्याओं के विरोध में शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि समाज को जागरूक करने, उनके हक, अधिकार, रोजगार दिलाने के लिए सरदार सेना पूरे प्रदेश में सरदार पटेल स्वाभिमान रथ के माध्यम से जनहित संकल्प यात्रा चल रही है। कार्यक्रम के आयोजक संजय वर्मा ने कहा कि सरदार सेना सदैव अनुशासनात्मक तरीके से काम करती है शोषितों के हितों के लिए सदैव हर मोर्चे पर उनके साथ खड़ी रहेगी। यात्रा का रथ कस्बा स्थित नगर पंचायत कार्यालय पहुंचा। जहां विशाल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता राजू बाबू सिंह ने की है। इस मौके पर चिराग पटेल, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष परवेज वर्मा, राजकुमार सिंह, दिनेश सिंह, गुड्डू वर्मा, प्रदीप चौधरी, विपिन चौधरी, मुकेश चौधरी, परमानंद चौधरी समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एन्यूमरेशन फॉर्म के वितरण कार्यों का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**सीतापुर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने 146-सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला कांशीराम कालोनी और विकास नगर में मतदाता सूची से संबंधित गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) के वितरण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची से संबंधित गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) का वितरण शुरू हो चुका है। बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर यह गणना फॉर्म मतदाताओं को दे रहे हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि शुद्ध निर्वाचक नामावली मज़बूत लोकतंत्र के उद्देश्य से चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वह घर घर जाकर पूरी शुद्धता से निर्वाचक नामावली तैयार कराए जाने में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन करें। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, तहसीलदार सदर अतुल सेन सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डलमऊ महोत्सव में विद्यालय के बच्चों ने प्रस्तुत किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




डलमऊ महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों द्वारा अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं वही डलमऊ महोत्सव के मंच पर स्थानिय कलाकारों एवं स्कूली बच्चों द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए सभी को अपनी और आकर्षित कर रहे हैं जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो रही है डलमऊ महोत्सव में क्षेत्र के एस वी आई कॉन्वेंट स्कूल जोहवा नटकी के बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य एवं कला का प्रदर्शन किया बच्चों द्वारा देश रंगीला रंगीला देश मेरा रंगीला एवं मेरे ढोलना सुन मेरे प्यार की धुन गीत पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया और दर्शकों का मन मोह लिया विद्यालय की छात्राओं द्वारा पांच अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसे देखकर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए और तालियां बजाकर सरहाना की महोत्सव में लखनऊ से आए कलाकार अमित दीक्षित की टीम द्वारा संपूर्ण रामायण कथा की प्रस्तुति दी गई वही बरेली से आए अंकित राज कृष्णा ग्रुप द्वारा जंगल में नाचे मोरनी गाने पर मनमोहन सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया प्रयागराज से आए कलाकारों द्वारा रण में कूद पड़ी महाकाली गाने पर आकर्षक प्रस्तुति दी गई जिससे दर्शकों ने जमकर सराहा और तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष ब्रजेश दत्त गौड़, अध्यक्ष प्रतिनिधि शुभम गौड़, अधिशासी अधिकारी सिकंदरादित्य, लिपिक सोहराब अली, सतीश जायसवाल, गिरजा शंकर त्रिपाठी, अमित तिवारी, आशीष श्रीवास्तव, मिंटू तिवारी, सत्येंद्र जायसवाल, फिरोज खान सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## किसानों और मजदूरों द्वारा किया गया किसान मजदूर मेले का उद्घाटन

**सीतापुर।** गाँव की मिट्टी की खुशबू और मेहनतकश किसानों की झलक से सजा तीन दिवसीय किसान मज़दूर मेला–ग्रामीण ज़िंदगियों के रंग का आज पहला दिन रहा। मेले का शुभारंभ किसानों द्वारा सात प्रकार के देशी अनाज को एक साथ मिलाकर मिली–जुली खेती, जगत हितैषी के नारे के साथ किया गया। मेले में ग्रामीण संस्कृति की झलक दिखाने वाले अनेक स्टालों पर लोगों ने जानकारी हासिल की। देशी अनाज से बने व्यंजन, चाक और मिट्टी के खिलौने, हस्तशिल्प एवं हमारी विरासत से जुड़े अनेक प्रदर्शनी स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे। मेले में आँख अस्पताल की टीम द्वारा 86 लोगों की नेत्र जांच की गई, जबकि जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने लोगों का बीपी और शुगर परीक्षण किया। डॉ. वसुंधरा चर्चा द्वारा डेंगू से बचाव पर एक उपयोगी चर्चा भी आयोजित की गई। इसके अलावा सांस्कृतिक मंच पर नुक्कड़ नाटक, गीत–संगीत और जागरूकता आधारित कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। मेले मे उर्दू अकादमी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसके बाद सीतापुर के कवियों ने कवि सम्मेलन मे कविता पाठ कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर रामदेवी, रामबेटी, लज्जावती, जसना, सरोजनी, पुष्पा, मंजू देवी, मंजू पाल, राजाराम, सुधीर, रामसागर, जगन्नाथ, प्रकाश, रामकुमार, राजाराम अर्थापुर, सुधा, ऋचा, डॉक्टर वसुंधरा, पिंटू, सुरबाला सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



संगतिन द्वारा आयोजित मेले मे उमड़ी लोगों की भीड़

## शासन की मंशानुरूप क्षेत्र की जनता को मिले बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचारः जिलाधिकारी

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महोली का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, भर्ती वार्ड, महिला वार्ड, लेबर रूम, पैथॉलोजी, किचेन आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। चिकित्सालय में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये तथा अवस्थापना सुविधाओं में सुधार किया जाये। सभी स्थलों पर सफाई का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने डिलीवरी रजिस्टर की गहनतापूर्वक जांच की तथा स्टॉफ नर्स संतोष सिंह द्वारा दर्ज किया गया विवरण त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। स्टॉफ नर्स गरिमा मिश्रा एवं पूजा गौतम का आज का वेतन रोकते हुये मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से स्पष्टीकरण प्राप्त किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बेडशीट नियमित रूप से बदलवायी जाये। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित यूनीफार्म में रहें। डिलीवरी रजिस्टर का पूरा विवरण दर्ज कराया जाये तथा जन्म पंजीकरण प्रमाण-पत्र डिस्चार्ज के समय ही उनके परिवारजन को दे दिया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि भर्ती मरीजों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन एवं नाश्ते का वितरण सुनिश्चित किया जाये। फैमिली प्लानिंग के संबंध में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि डिलीवरी के उपरान्त समुचित काउंसलिंग की जाये। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में तैनात चिकित्सकों, फार्मासिस्टों एवं अन्य कार्मिकों का विवरण भी प्राप्त किया। उन्होंने फार्मेसी में जाकर दवाओं के रख-रखाव, कोल्ड चेन आदि का भी गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि मानकों के अनुरूप दवाओं का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाये तथा दवाओं से संबंधित समस्त रिकार्ड अद्यतन रखा जाये। समय पर मांग पत्र भी प्रेषित कराया जाये, जिससे किसी प्रकार की दवाओं की कमी न हो।

## प्रिन्सू पाण्डेय की मौत से कस्बे में दौड़ी शोक की लहर

**महाराजगंज, रायबरेली।** कस्बे के वरिष्ठ पत्रकार रहे सुभाष पांडे के भतीजे की लंबी बीमारी के चलते आज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया उनके निधन की सूचना जैसे ही कस्बे वासियों को मिला उनके आवास पर ढ़ाढस बंधाने वालों का तांता लग गया। महाराजगंज कस्बे के निवासी प्रिन्सू पाण्डेय पुत्र जगदीश पांडे उम्र लगभग 44 वर्ष का निधन रविवार को एक निजी अस्पताल में लखनऊ में हो गया वरिष्ठ पत्रकार रहे अमर उजाला के सुभाष पांडे के भतीजे हैं प्रिन्सू पांडेय वही उनके शव को उनके पैतृक स्थान पर लाया गया जहां दुख प्रकट करने वालों का तांता लग गया।

## हत्या के प्रयास में वांछित मुख्य षड़यंत्रकर्ता सहित तीन गिरफ्तार



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के अंतर्गत बीते 4 नवंबर को विमलेश सिंह पुत्र स्व.राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पूरे मंशा गूजर टोला द्वारा लिखित तहरीर देकर बताया गया था कि उनके पुत्र अंकित सिंह बाजार से मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे तभी पीछे से चार पहिया वाहन ने टक्कर मार कर गिरा दिया था तथा वाहन से निकल कर 6 लोगों ने जान से मारने की नीयत से असलहे से फायर कर दिया था तथा लोहे की राड से कई वार करके भाग गये थे। तहरीर पर थाना गौरीगंज पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। उसी क्रम में रविवार को क्षेत्राधिकारी अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में गौरीगंज पुलिस द्वारा मुकदमा से संबंधित मुख्य षड़यंत्रकर्ता मो इस्लाम सहित कुल तीन अभियुक्तों मो इस्लाम पुत्र मुनीर निवासी ग्राम पूरे सूबेदार मजरे ऐंधी, मो वसीम उर्फ रज्जन पुत्र स्व नूर मोहम्मद निवासी दौलतपुर मजरे ऐंधी थाना गौरीगंज व मोबीन पुत्र अब्दुल अजीज निवासी ग्राम पूरे घुरण्डी मजरे फतेहपर मवईया थाना जायस को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि वह अपने बेटे जीशान की मृत्यु का बदला लेने के लिए साथियों के साथ मिलकर योजना बनाकर घटना करायी थी। गिरफ्तार करने वाली टीम में श्याम नारायण पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक गौरीगंज, निरीक्षक जिलेदार यादव, का. दीपचन्द यादव, का. अमित प्रताप सिंह, का. जसवन्त यादव, का. अरुण कुमार आदि शामिल रहे।

## ग्यारह नवंबर को होगी कृषि यंत्रों की ई-लॉटरी

**अमेठी।** उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि कृषि निदेशक के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 25-26 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना एवं प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू योजना के अंतर्गत विभिन्न कृषि यंत्रों जैसे कस्टम हायरिंग सेंटर, हाईटेक हब आदि के लिए किसानों द्वारा किए गए आवेदनों की ई-लॉटरी 11 नवम्बर को आयोजित की जाएगी। यह ई-लॉटरी अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 1:30 बजे से प्रारंभ होगी, इसमें उन आवेदकों का चयन किया जाएगा जिन्होंने उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत निर्धारित तिथियों के बीच लक्ष्य से अधिक टोकन बुकिंग की थी। उप कृषि निदेशक ने किसानों से अपील की है कि जो किसान भाई इन योजनाओं के अंतर्गत अनुदान पर कृषि यंत्र क्रय करने हेतु आवेदन किए हैं, वे निर्धारित तिथि व समय पर कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित रहें ताकि ई-लॉटरी की प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो किसान ई-लॉटरी में अनुपस्थित रहेंगे, उन्हें उपस्थित किसानों एवं समिति द्वारा की गई चयन प्रक्रिया से सहमति प्रदत्त माना जाएगा।

## आंचल गुप्ता मौत प्रकरण में आरोपी पति गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**




इन्हौना थाना क्षेत्र के अंतर्गत विवाहिता आँचल गुप्ता की मौत के मामले में पुलिस ने त्वरित और कठोर कार्रवाई करते हुए आरोपी पति सुशील कुमार उर्फ बउवा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। मृतका के पिता जगदीश प्रकाश निवासी बाज़ार शुक्ल ने तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि उनकी पुत्री की हत्या कर साक्ष्य छिपाने की नीयत से उसके शरीर को जलाया गया। उन्होंने यह भी बताया कि सुशील कुमार द्वारा दहेज को लेकर लगातार प्रताड़ना और मारपीट की जाती थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए इन्हौना थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने जांच शुरू की और आरोपी को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है।

# भारत की चेतना का स्वर

वंदे मातरम् यह केवल दो शब्दों का उच्चारण नहीं है, यह तो भारत की आत्मा की अनंत गूंज है। यह उस भावना का प्रतीक है जो प्रत्येक भारतीय के हृदय में अपनी मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम और समर्पण का संचार करती है। इस गीत ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लाखों देशवासियों को प्रेरित तो किया ही, आज भी यह भारत की राष्ट्रीय चेतना का अमर प्रतीक बना हुआ है। वंदे मातरम् का उद्भव बंगाल के प्रसिद्ध साहित्यकार बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय की लेखनी से हुआ। उन्होंने 7 नवम्बर 1875 को अपने ऐतिहासिक उपन्यास 'आनंदमठ' में इस गीत की रचना की। यह उपन्यास 1882 में प्रकाशित हुआ और शीघ्र ही पूरे देश में लोकप्रिय हो गया। उस समय भारत अंग्रेजों की गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था। ऐसे वातावरण में यह गीत भारतीयों के लिए आशा और आत्मविश्वास का दीपक बना। वंदे मातरम् के शब्दों में निहित मातृभूमि की भक्ति ने भारतीयों के हृदय में स्वतंत्रता की चिंगारी जला दी। सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम् जैसे शब्द भारत माता के प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्धि की छवि प्रस्तुत करते हैं, वहीं वंदे मातरम का जयघोष मातृभूमि के चरणों में समर्पण का भाव जगाता है। 1896 में कलकत्ता कांग्रेस अधिवेशन में जब पंडित रवीन्द्रनाथ टैगोर ने पहली बार इसे सुरों में पिरोकर राष्ट्रीय मंच से गाया, तो पूरा सभागार इस गीत की भावनाओं से अभिभूत हो उठा। यह वह क्षण था जब वंदे मातरम् राष्ट्रीय चेतना का स्वर बन गया। इसके बाद हर कांग्रेस अधिवेशन की शुरुआत इसी गीत से होने लगी। 1905 में जब अंग्रेजों ने बंगाल विभाजन की घोषणा की, तो इस गीत ने आंदोलन की आत्मा का रूप ले लिया। लाखों लोग सड़कों पर वंदे मातरम् के नारे लगाते हुए अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध एकजुट हो गए। यह गीत अब केवल भक्ति या साहित्य नहीं, बल्कि विद्रोह और आत्मसम्मान की पुकार बन गया था। 1906 के कांग्रेस अधिवेशन में वंदे मातरम् को आधिकारिक रूप से राष्ट्रगीत का दर्जा मिला। इसके बाद यह हर राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन का अभिन्न हिस्सा बन गया। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस, लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी और अन्य नेताओं ने इसे राष्ट्रभक्ति का प्रतीक माना। गांधीजी ने कहा था, वंदे मातरम् भारत के हृदय की पुकार है, जिसे कोई भी शक्ति दबा नहीं सकती। क्रांतिकारी आंदोलनों में भी इसका प्रभाव स्पष्ट दिखा। भगत सिंह, रामप्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस जैसे अनेक स्वतंत्रता सेनानी वंदे मातरम् के उद्घोष के साथ फाँसी के तख्ते पर झूल गए। बंगाल में तो वंदे मातरम् संप्रदाय तक बना, जिसके सदस्य प्रभात फेरियों में यह गीत गाकर जनमानस में देशभक्ति का संचार करते थे। ब्रिटिश हुकूमत इस गीत के प्रभाव से भयभीत थी। उन्होंने कई बार इसके सार्वजनिक गायन पर प्रतिबंध लगाया। स्कूलों और कॉलेजों में वंदे मातरम् गाने वाले छात्रों को दंडित किया जाता था। देखने में आया कि यह प्रतिबंध जनता के जोश को दबा नहीं सके। गीत के प्रतिबंधित होने से इसकी लोकप्रियता और भी बढ़ी। यह ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध भारतीय एकता का प्रतीक बन गया। स्वतंत्रता के बाद यह स्कूलों, सरकारी आयोजनों, खेलकूद समारोहों, संसद की बैठकों और कई सरकारी अवसरों पर गाया जाता है। जन भावना से जुड़ा यह गीत आज भी भारत की आत्मा की आवाज है। यह गीत हमें बार-बार स्मरण कराता है कि भारत की महानता उसकी विविधता, उसकी संस्कृति और उसकी मातृभूमि के प्रति प्रेम में निहित है।

# वैश्विक वित्तीय अनुशासन में भारत का उदय

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) की नवीनतम रिपोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब वैश्विक वित्तीय अनुशासन का अनुयायी नहीं रहा है, वह अब उससे एक कदम आगे उसकी दिशा निर्धारित करने वाला देश बन चुका है। संपत्ति पुनर्प्राप्ति मार्गदर्शन तथा श्रेष्ठ अभ्यास (एसेट रिकवरी गाइडेंस एंड बेस्ट प्रैक्टिसेज) शीर्षक से जारी यह दस्तावेज अंतरराष्ट्रीय वित्तीय अपराध नियंत्रण की सोच में एक क्रांतिकारी परिवर्तन है। इसमें भारत और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जिस तरह प्रशंसा की गई है, वह संस्थागत सफलता का प्रमाण है और पारदर्शी शासन तथा उत्तरदायी प्रशासन के प्रति भारत की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यहां उल्लेखित है कि पिछले तीन दशकों में पहली बार एफएटीएफ ने किसी विकासशील देश को वैश्विक नीतिगत निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का श्रेय दिया है। भारत ने घरेलू स्तर पर आर्थिक अपराधों, ठगी और पोंजी योजनाओं पर नियंत्रण किया है। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सुरक्षा ढांचे को सुदृढ़ बनाने में निर्णायक उपस्थिति दर्ज कराई है। संपत्ति पुनर्प्राप्ति मार्गदर्शन के प्रारूप को तैयार करने में भारत ने नेतृत्वकारी भूमिका निभाई, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि भारत अब नीतियों का पालन करने वाला नहीं, उन्हें आकार देने वाला देश बन चुका है। वस्तुतः एफएटीएफ की नई नीति के अंतर्गत देशों को यह अधिकार प्राप्त होगा कि वे अपराध सिद्ध हुए बिना भी अवैध संपत्तियों को जब्त कर सकें। यह परिवर्तन उन मामलों में उपयोगी सिद्ध होगा जहाँ अपराधी न्यायिक प्रक्रिया से बचने के लिए विदेश भाग जाते हैं या मुकदमे लंबे समय तक चलते रहते हैं। भारत में यह मॉडल पहले ही सफल सिद्ध हुआ है। ईडी ने एग्री गोल्ड निवेश घोटाला, बिटकनेक्ट क्रिप्टो घोटाला और आइआरईओ समूह प्रकरण में संपत्तियाँ जब्त कर प्रभावित निवेशकों को राहत दी है। एफएटीएफ ने इन मामलों को न्याय केंद्रित प्रवर्तन प्रणाली का आदर्श उदाहरण बताया है।

इस तरह देखें तो आज एफएटीएफ के माध्यम से भारत की पीड़ित केंद्रित नीति को वैश्विक मान्यता प्राप्त हुई है। रोज वैली चिटफंड घोटाले और पेन अर्बन सहकारी बैंक धोखाधड़ी के मामलों में संपत्तियाँ जब्त की गईं और हजारों निवेशकों को उनका धन वापस मिला। यह भारत की न्याय व्यवस्था की नई सोच का प्रतीक है, जो आर्थिक अपराध को विधिक उल्लंघन से आगे बढ़कर सामाजिक विश्वासघात के रूप में देखती है। यह दृष्टिकोण अपराधियों को दंडित करने के साथ ही आम नागरिकों में वित्तीय व्यवस्था के प्रति विश्वास पुनर्स्थापित करता है। भारत की सफलता का आधार कठोर कानूनों के साथ संस्थागत क्षमता और तकनीकी दक्षता है। एफएटीएफ ने भारत की तकनीक-आधारित जाँच प्रणाली की विशेष रूप से सराहना की है। प्रवर्तन




**वस्तुतः पहला कानून उन अपराधियों के खिलाफ असरदार साबित हुआ है जो विदेश भागकर न्याय से बचने का प्रयास करते हैं, जैसे नीरव मोदी और विजय माल्या। दूसरा कानून जाँच, अभियोजन और संपत्ति जब्ती की प्रक्रिया को सशक्त बनाता है। इन दोनों कानूनों ने अपराध नियंत्रण और संपत्ति वसूली का एक ठोस ढाँचा तैयार किया है। हाल ही में 17,520 करोड़ के पोंजी (निवेश) घोटाले की जाँच में भारत की तकनीकी दक्षता ने विश्व समुदाय को प्रभावित किया है। ईडी ने डेटा विश्लेषण और डिजिटल फॉरेंसिक की मदद से फर्जी कंपनियों, खातों और धन प्रवाह की पहचान की। एफएटीएफ ने इसे जटिल किन्तु परिणामकारी जाँच का उदाहरण बताया। इस कार्रवाई ने यह संदेश दिया कि भारत अब अपने हितों की रक्षा करने के साथ-साथ वैश्विक वित्तीय अपराधों के विरुद्ध एक निर्णायक साझेदार बन चुका है।**

निदेशालय और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा तैयार की गई केंद्रित ठगी निगरानी प्रणाली÷ को वैश्विक स्तर पर एक आदर्श नवाचार माना गया है। इस प्रणाली ने संदिग्ध आर्थिक लेन-देन की पहचान और जाँच प्रक्रिया को अधिक वैज्ञानिक और पारदर्शी बनाया है। इसके साथ ही भारत के दो प्रमुख कानून, भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), एफएटीएफ की नज़र में विश्व स्तरीय विधिक उपकरण हैं।

वस्तुतः पहला कानून उन अपराधियों के खिलाफ असरदार साबित हुआ है जो विदेश भागकर न्याय से बचने का प्रयास करते हैं, जैसे नीरव मोदी और विजय माल्या। दूसरा कानून जाँच, अभियोजन और संपत्ति जब्ती की प्रक्रिया को सशक्त बनाता है। इन दोनों कानूनों ने अपराध नियंत्रण और संपत्ति वसूली का एक ठोस ढाँचा तैयार किया है। हाल ही में 17,520 करोड़ के पोंजी (निवेश) घोटाले की जाँच में भारत की तकनीकी दक्षता ने विश्व समुदाय को प्रभावित किया है। ईडी ने डेटा विश्लेषण और डिजिटल फॉरेंसिक की मदद से फर्जी कंपनियों, खातों और धन प्रवाह की पहचान की। एफएटीएफ ने इसे जटिल किन्तु परिणामकारी जाँच का उदाहरण बताया। इस कार्रवाई ने यह संदेश दिया कि भारत अब अपने हितों की रक्षा करने के साथ-साथ वैश्विक वित्तीय अपराधों के विरुद्ध एक निर्णायक साझेदार बन चुका है।

कहना होगा कि एफएटीएफ की रिपोर्ट आज वास्तव में प्रशंसा के साथ भारत को उसकी जिम्मेदारी का स्मरण भी कराती है। संस्था ने भारत को सुझाव दिया है कि वह अपने जाँच तंत्र को और अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाए। यहां की गईं तीन प्रमुख सिफारिशें भी ध्यान देने योग्य हैं। वित्तीय अपराधों की सुनवाई हेतु विशेष न्यायालयों की स्थापना। जाँच एजेंसियों के मानव संसाधनों का विस्तार। त्वरित संपत्ति वसूली प्रणाली का विकास। अब भारत ने इस दिशा में काम आरंभ कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने संपत्ति पुनर्प्राप्ति प्रकोष्ठ की स्थापना की घोषणा की है, जो देश और विदेश दोनों स्तरों पर जब्त संपत्तियों की वसूली प्रक्रिया को समन्वित करेगा। एफएटीएफ ने संकेत दिया है कि भारत की नीतियों का प्रभाव अब एशिया-प्रशांत क्षेत्र से आगे तक पहुँच चुका है। सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया जैसे देशों ने भारत के साथ सूचना साझाकरण समझौते किए हैं ताकि वे भारत के अनुभव और प्रणालियों से सीख लेकर अपने वित्तीय तंत्र को सुदृढ़ बना सकें। यह भारत की नीति और संस्थागत विश्वसनीयता का प्रमाण है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भारत अब वैश्विक वित्तीय नैतिकता के निर्माण में एक मार्गदर्शक शक्ति बन रहा है। कुल मिलाकर इस रिपोर्ट से विदेशी निवेशकों का भारत की अर्थव्यवस्था में भरोसा और बढ़ेगा। जब निवेशक यह देखते हैं कि उनकी पूँजी सुरक्षित है और सरकार वित्तीय अपराधों से निपटने में सक्षम है, तो निवेश वातावरण मजबूत होता है। यह स्थिति भारत की आर्थिक स्थिरता के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है और मेक इन इंडिया÷ जैसी पहलों को नई गति प्रदान करेगी। भारत की यह उपलब्धि सिद्ध करती है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, कानूनी सुदृढ़ता और तकनीकी नवोन्मेष के समन्वय से आर्थिक अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। एफएटीएफ द्वारा भारत को आदर्श देश कहकर संबोधित किया जाना प्रशंसा के साथ भविष्य की दिशा भी दर्शाता है। अब भारत को इस विश्वास को स्थायी बनाना है। नीतियों और संस्थागत संस्कृति दोनों में पारदर्शिता को गहराई से स्थापित करना होगा।

## विचार

# भारत को भी चाहिए डिजिटल सुरक्षा की दिशा में ठोस कदम

**डॉ. निवेदिता शर्मा**

आज की दुनिया में तकनीक ने हमारे जीवन का हर पहलू बदल दिया है। मोबाइल फोन, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने हमें एक क्लिक पर जोड़ तो दिया है, किंतु कहीं न कहीं इस सुविधा की कीमत भी हम चुका रहे हैं, मानसिक असंतुलन, भावनात्मक दूरी और पारिवारिक विघटन के रूप में। हाल ही में दो घटनाएँ इस चर्चा को और भी प्रासंगिक बना देती हैं, डेनमार्क सरकार का साहसिक निर्णय और भारतीय वेब सीरीज 'थोड़े दूर थोड़े पास' का मार्मिक संदेश। दोनों ही हमें यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि क्या अब भारत में भी बच्चों के डिजिटल जीवन पर नियंत्रण की दिशा में कदम उठाने का समय नहीं आ गया है?



डेनमार्क सरकार ने 7 नवंबर 2025 को घोषणा की कि अब 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का उपयोग नहीं कर पाएंगे। इस कदम का उद्देश्य बच्चों को हानिकारक ऑनलाइन सामग्री, साइबर बुलिंग और डिजिटल लत से बचाना है। डेनमार्क की डिजिटल मामलों की मंत्री कैरोलीन स्टेज ने बताया कि देश में 13 वर्ष से कम उम्र के लगभग 94 प्रतिशत बच्चे सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं, यह आंकड़ा अपने आप में चिंताजनक है। बड़ी टेक कंपनियों के पास बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के पर्याप्त संसाधन हैं, पर वे इसका उपयोग करने में इच्छुक नहीं दिखतीं। इसलिए सरकार ने ठान लिया है कि अब कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। आने वाले महीनों में संसद में एक नया कानून पेश किया जाएगा और साथ ही एक राष्ट्रीय आयु-सत्यापन ऐप विकसित किया जाएगा, जिससे बच्चों की वास्तविक उम्र की पुष्टि की जा सके।

हम यदि इस निर्णय को देखें तो यह कदम दुनिया में ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरा सबसे बड़ा प्रतिबंध होगा, जहाँ पहले से ही 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर रोक है। डेनमार्क का उद्देश्य बच्चों को डिजिटल दुनिया से अलग करना नहीं है, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और स्वस्थ ऑनलाइन वातावरण देना है, ताकि वे वास्तविक दुनिया से जुड़ाव न खोएँ।

इसी दिन यानी 7 नवंबर 2025 को 5 पर रिलीज हुई वेब सीरीज 'थोड़े दूर थोड़े पास' भी आज के समाज की डिजिटल निर्भरता पर गहरा प्रश्न उठाती है। निर्देशक अजय भुयान और लेखक शीर्षक एस. आनंद ने इस सीरीज में एक मध्यमवर्गीय परिवार के माध्यम से यह दिखाया है कि कैसे मोबाइल, सोशल मीडिया और गैजेट्स ने इंसानी रिश्तों में दूरी पैदा कर दी है। कहानी के केंद्र में हैं कैप्टन अश्विन मेहता (पंकज कपूर), जो अपने बेटे कुणाल (कुणाल रॉय कपूर), बहू सिमरन (मोना सिंह) और पोते-पोतियों से मिलने अचानक घर पहुँचते हैं। लेकिन वहां वे पाते हैं कि हर कोई अपने-अपने डिजिटल संसार में खोया हुआ है। दादा-पोते का संवाद

**हम यदि इस निर्णय को देखें तो यह कदम दुनिया में ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरा सबसे बड़ा प्रतिबंध होगा, जहाँ पहले से ही 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर रोक है। डेनमार्क का उद्देश्य बच्चों को डिजिटल दुनिया से अलग करना नहीं है, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और स्वस्थ ऑनलाइन वातावरण देना है, ताकि वे वास्तविक दुनिया से जुड़ाव न खोएँ। इसी दिन यानी 7 नवंबर 2025 को 5 पर रिलीज हुई वेब सीरीज 'थोड़े दूर थोड़े पास' भी आज के समाज की डिजिटल निर्भरता पर गहरा प्रश्न उठाती है। कहानी के केंद्र में हैं कैप्टन अश्विन मेहता (पंकज कपूर), जो अपने बेटे कुणाल (कुणाल रॉय कपूर), बहू सिमरन (मोना सिंह) और पोते-पोतियों से मिलने अचानक घर पहुँचते हैं।**

खत्म हो गया है, पति-पत्नी एक-दूसरे से बात करने के बजाय स्क्रीन पर मुस्कुरा रहे हैं।

अश्विन मेहता यह सब देखकर परिवार को छह महीने के 'डिजिटल फास्टिंग' का प्रस्ताव देते हैं, कोई मोबाइल नहीं, कोई लैपटॉप नहीं, यहाँ तक कि स्मार्ट वॉशिंग मशीन और माइक्रोवेव तक नहीं। बदले में वे वादा करते हैं कि अगर यह प्रयोग सफल रहा, तो वे सभी को एक करोड़ रुपये देंगे। परिवार मजबूरी में मान जाता है, और फिर शुरू होती है एक भावनात्मक, कभी हास्यपूर्ण तो कभी आत्मचिंतन कराती यात्रा। सीरीज दिखाती है कि शुरुआत में यह 'डिजिटल उपवास' सबके लिए कितना मुश्किल होता है, बच्चों को स्कूल प्रोजेक्ट में परेशानी, बड़ों को कामकाज संभालने में दिक्कत और घर के सामान्य काम तक कठिन लगने लगते हैं। लेकिन धीरे-धीरे परिवार पुराने दौर की सरलता की ओर लौटता है। अब वे एक-दूसरे से बात करते हैं, साथ बैठकर खाना खाते हैं, खेलते हैं, यादें साझा करते हैं। यह सीरीज दर्शाती है कि कैसे थोड़ी देर के लिए डिजिटल दुनिया से दूरी, असल जीवन के रिश्तों को फिर से जोड़ सकती है। यह शो हमें सोचने पर मजबूर करता है, क्या हम वाकई में 'कनेक्टेड' हैं या बस 'ऑनलाइन' हैं? भारत में आज लगभग हर बच्चा इंटरनेट और सोशल मीडिया से जुड़ा हुआ है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया और मार्केटिंग डेटा एवं एनालिटिक्स कंपनी द्वारा संयुक्त रूप से संकलित इंटरनेट इन इंडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 10 से 14 वर्ष के लगभग 70 प्रतिशत बच्चे किसी न किसी रूप में सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं।

# क्या फिर विवादों में आएगा एस.आई.आर.

**अवधेश कुमार**

बिहार के बाद देश भर में विशेष मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान या एस.आई.आर. की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। चुनाव आयोग ने भले बिहार में एस.आई.आर. हर दृष्टि से सफलतापूर्वक सम्पन्न किया और उसके आधार पर विधानसभा चुनाव भी हो रहा है पर इसका यह अर्थ नहीं कि विरोधी इसे स्वीकार कर खामोश रहेंगे। 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में 28 अक्तूबर से 7 फरवरी तक चलने वाले एस.आई.आर. को लगातार विवादों में लाया जाएगा। ध्यान रखिए, जिन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में गहन पुनरीक्षण अभियान हो रहा है उनमें अगले 3 वर्षों के अंदर विधानसभा चुनाव होने हैं।

पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव 2026 में, गोवा, गुजरात, उत्तर प्रदेश में 2027 में और छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान में विधानसभा चुनाव 2028 में हैं। इसी में अंडेमान निकोबार व लक्षद्वीप केंद्र शासित प्रदेश हैं। अगले वर्ष असम में भी चुनाव हैं जबकि उसे शामिल नहीं किया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का स्पष्टीकरण है कि भारतीय नागरिकता कानून में असम के लिए अलग प्रावधान है। उच्चतम न्यायालय की देखरेख में वहां नागरिकता की जांच लगभग पूरी होने वाली है। इसलिए असम के लिए अलग से संशोधन के आदेश जारी किए जाएंगे। भाजपा और उसके कुछ साथी दलों को छोड़कर अनेक विरोधी चुनाव आयोग को निशाना बनाएंगे और संभव है फिर यह मामला न्यायालय में जाए। हालांकि उच्चतम न्यायालय ने बिहार में एस.आई.आर. पर रोक की अपील को स्वीकार नहीं किया। इसके लिए दिए गए ज्यादातर तथ्य गलत पाए गए। लेकिन जैसा हम जानते हैं पिछले काफी समय से भारत के चुनावों को विवादास्पद बनाने, उसे संदेह के घेरे में लाने की जिस तरह की कोशिश होती रही है वह जारी रहेगी। जिस तरह बिहार में इतने सशक्त, सघन और आक्रामक विरोधों तथा अस्वीकार्य आरोपों व लांछनों के बावजूद चुनाव आयोग ने अपना काम पूरा किया वैसे ही देश में भी यह पूरा होगा। जैसा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया इसके लिए एन्यूमरेशन फॉर्म को प्रिंट करने से लेकर राजनीतिक दलों के बी.एल.,बूथ लैवल एजैंट तथा सरकारी बी.एल.ओ. या बूथ लैवल आफिसर आदि का प्रशिक्षण 28 अक्तूबर से 3 नवम्बर तक चलेगा और उसके बाद 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी जुटाई जाएगी। दावे और आपत्तियों की अवधि 9 दिसंबर, 2025 से 8 जनवरी, 2026 होगी तथा 9 दिसंबर, 2025 को अंतरिम मतदाता सूची सार्वजनिक की जाएगी। सूचना चरण यानी सुनवाई और सत्यापन 9 दिसंबर, 2025 से 31 जनवरी, 2026 तक चलेगा तथा अंतिम सूची 7 फरवरी 2026 को जारी होगी। इसके बाद भी किसी को आपत्ति होगी तो वह निहित प्रक्रिया के तहत अपना नाम जुड़वा सकते हैं। संक्षेप में देखें तो जैसा बिहार में हुआ वही सभी राज्यों में होगा। यानी अभी तक की मतदाता सूचियों के मतदाताओं को बी.एल.ओ. द्वारा विशिष्ट गणना फार्म दिया जाएगा। जिनके नाम 2003 की मतदाता सूची में होंगे उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। जिनके माता-पिता के नाम सूची में होंगे उन्हें भी कोई अतिरिक्त दस्तावेज नहीं देना होगा। निश्चित रूप से दस्तावेज जुटाने में समस्याएं आती हैं। किंतु बिहार में अगर पात्र मतदाता वंचित नहीं रहे तो मान कर चलना चाहिए कि देश में भी ऐसा ही होगा। वास्तव में चुनाव आयोग की भूमिका समय-समय पर मतदाता सूची को अद्यतन करना है किंतु विशेष पुनरीक्षण अभियान सामान्य अद्यतन प्रक्रिया नहीं है। एक अंतराल के बाद मतदाता सूची में शामिल अनेक व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी होती है तो अनेक स्थान बदल लेते हैं। स्थान बदलने से कई बार एक व्यक्ति के नाम कई जगह शामिल हो जाते हैं।



# राशिफल

**मेषः-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**बृषभ :-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन :-** भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्क :-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव।

**सिंह :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी।

**कन्याः-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।

**तुलाः-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिकः-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**धनुः-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं।

**मकरः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा।

**मीनः-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा।

# नए राज्यों की बेमिसाल प्रगति के 25 साल

**सियाराम पांडेय 'शांत'**

देश के तीन राज्यों उत्तराखंड, झारखंड और छत्तीसगढ़ ने अपनी स्थापना के 25 वसंत पूरे कर लिए हैं। 1 नवंबर 2000 को ये तीनों राज्य अस्तित्व में आए थे। यह और बात है कि प्रगति के मामले में ये राज्य, उन राज्यों को चुनौती दे रहे हैं जिनसे अलग होकर ये अस्तित्व में आए। 25 साल का समय वैसे तो बहुत ज्यादा नहीं होता लेकिन अगर दूरदर्शिता और लगन से काम किया जाए तो हालात बदले जा सकते हैं। देश में समय-समय पर नये राज्यों की मांग के पीछे कमोबेश यही तर्क उठता रहा कि छोटे राज्य बनने पर वहां बेहतर प्रशासन तो होगा ही, उनका प्रमुखता से विकास भी हो सकेगा। तीनों राज्यों के 25 साल के अनुभव इस तथ्य पर मुहर लगाते नजर आते हैं।

छत्तीसगढ़ में प्रचुर प्राकृतिक संपदा है लेकिन इसका लाभ राज्य के पुनर्गठन से पूर्व स्थानीय लोगों को कितना मिल पाता था, यह किसी से छिपा नहीं है। इसी तरह झारखंड की खनिज संपदा का लाभ बिहार को मिलता था। उत्तराखंड के शासन की कमान वहां से 600 किलोमीटर दूर लखनऊ के हाथ में हुआ करती थी। राजधानी दूर होने की पीड़ा से तीनों ही राज्यों के नागरिक जूझ रहे थे। इन तीनों राज्यों के निर्माण के पीछे जो उभयनिष्ठ भावना थी, वह यह कि उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश का उस समय दायरा बहुत बड़ा था। इससे वहां क्षेत्रीय असंतुलन, राजधानी की दूरी, विकास की कच्छप गति और स्थानीय संस्कृति एवं पहचान की उपेक्षा सामान्य बात थी लेकिन नए राज्यों के गठन के बाद तीनों राज्यों ने प्रमुखता के साथ विकास के क्षेत्र में फर्राटे भरे हैं।

**छत्तीसगढ़ में प्रचुर प्राकृतिक संपदा है लेकिन इसका लाभ राज्य के पुनर्गठन से पूर्व स्थानीय लोगों को कितना मिल पाता था, यह किसी से छिपा नहीं है। इसी तरह झारखंड की खनिज संपदा का लाभ बिहार को मिलता था। उत्तराखंड के शासन की कमान वहां से 600 किलोमीटर दूर लखनऊ के हाथ में हुआ करती थी। राजधानी दूर होने की पीड़ा से तीनों ही राज्यों के नागरिक जूझ रहे थे। इन तीनों राज्यों के निर्माण के पीछे जो उभयनिष्ठ भावना थी, वह यह कि उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश का उस समय दायरा बहुत बड़ा था। इससे वहां क्षेत्रीय असंतुलन, राजधानी की दूरी, विकास की कच्छप गति और स्थानीय संस्कृति एवं पहचान की उपेक्षा सामान्य बात थी लेकिन नए राज्यों के गठन के बाद तीनों राज्यों ने प्रमुखता के साथ विकास के क्षेत्र में फर्राटे भरे हैं।**

देश में बिजली उत्पादन में छत्तीसगढ़ जहां नौवें स्थान पर पहुंच गया है, वहीं उसकी बेरोजगारी दर जहां 2001 में 5.8 प्रतिशत और गरीबी दर 49.4 प्रतिशत थी। अब यह घटकर क्रमशः 2.4 और 17.9 प्रतिशत हो गई है जबकि यहां की प्रति व्यक्ति आय भी वर्ष 2001 के मुकाबले वर्ष 2025 में 12240 रुपये से बढ़कर 1.40 लाख रुपये हो गई है। मध्य प्रदेश में बेरोजगारी दर तब 2.3 प्रतिशत और गरीबी दर 48.6 प्रतिशत थी। आज छत्तीसगढ़ की बेरोजगारी दर आधी से ज्यादा घटकर 20.6 प्रतिशत रह गई है। राज्य स्वास्थ्य सूचकांक के लिहाज से देखें तो छत्तीसगढ़ भारत के 10 शीर्ष राज्यों में है। बिजली उपलब्धता के क्षेत्र में उत्तराखंड इतिहास रच रहा है। उत्तराखंड जब बना था तो वहां 65 प्रतिशत घरों में बिजली थी, आज 99 प्रतिशत से अधिक घरों में बिजली आपूर्ति हो रही है। उत्तराखंड का सड़क संजाल 84 प्रतिशत तक बढ़ा है। उत्तराखंड में बजट का आकार भी 30 गुना तक बढ़ गया है। पर्यटन, उत्पादन और सेवा क्षेत्र में यहां जबरदस्त सुधार हुआ है। राज्य की सकल घरेलू आय का 14 फीसद हिस्सा पर्यटन से प्राप्त होता है। अविभाजित उत्तर प्रदेश के हालात पर विचार करें तो उस समय वहां गरीबी दर 41 प्रतिशत थी, जो अब 23 प्रतिशत है जबकि उत्तराखंड में गरीबी दर 8.6 फीसद है। पुनर्गठन के आरंभिक साल में उत्तराखंड की प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 15 हजार के करीब थी, आज यह बढ़कर दो लाख सत्ताईस हजार हो गई है। मतलब राष्ट्रीय औसत आय से लगभग दोगुनी। वर्ष 2002-03 में उत्तराखंड की पहली निर्वाचित कांग्रेस सरकार के मुखिया एनडी तिवारी ने 5,880 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया था। यह राज्य के रूप में उत्तराखंड की पहली बड़ी वित्तीय योजना थी। इसके बाद 25 वर्षों के दौरान बजट का आकार निरंतर बढ़ता गया और इस वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने 1,01,175 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया है। इस दौरान राज्य की वित्तीय नीतियों, उद्योगों और पर्यटन क्षेत्र में निवेश ने आर्थिक ढांचे को निश्चित रूप से अभिनव दिशा दी है। इन 25 वर्षों में उत्तराखंड की सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहरों ने दुनिया भर का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया है। सच तो यह है कि उत्तराखंड अब आर्थिक प्रगति के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हो गया है। राज्य की स्थापना के वक्त उत्तराखंड में बढ़ता शहरीकरण काबिले तारीफ है लेकिन इसके अपने भविष्य के खतरे भी हैं। नीति नियंताओं को अभी से इस पर विचार करके आगे बढ़ना होगा। राज्य में कुल 63 शहर थे, जो अब बढ़कर 110 हो गए हैं। राज्य में शहरों के खाते में अगर कई उपलब्धियां हैं, तो अनेक चुनौतियां भी हैं। इस बात को नकारा नहीं जा सकता। जिस तेजी के साथ पर्यटकों की तादाद बढ़ी है, उसे संभाल पाना किसी चुनौती से कम नहीं है। सरकार को देर-सबेर इसका हल तो निकालना ही होगा।

बिहार के दक्षिणी जिलों को काटकर बनाए गए झारखंड ने भी 25 साल में बेमिसाल तरक्की की है। आज वह घरेलू पर्यटन में बिहार से कहीं आगे खड़ा है। खनन से उसकी आय देश के किसी भी राज्य से सर्वाधिक ज्यादा है। उसके पूंजीगत व्यय पर गौर करें तो वह देश के औसत से डेढ़ गुना है। झारखंड का बजट विगत 25 साल में 13 गुना बढ़ गया है। अगर यह कहें कि झारखंड की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं होगा। झारखंड की प्रशासनिक क्षमता का विस्तार 18 से 24 जिलों तक हुआ है। पूरे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछ गया है। बिजली और संचार व्यवस्था में अभूतपूर्व बदलाव आया है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### अलग-अलग घटनाओं में चार घायल, तीन रेफर

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। सभी को लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर से तीन किलोमीटर दूर सिलौली गांव निवासी रिबिंदु (12) पुत्र जगदीश रविवार की सुबह अपने हमउम्र साथियों के साथ खेतों में कैथा तोड़ने गया था। इस दौरान कैथा के पेड़ पर चढ़े रिबिंदु का संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत बिगड़ने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं बिदोखर निवासी मानसी (18) पुत्री रामकिशोर, जो मानसिक अवसाद से ग्रस्त बताई गई, ने घर में रखी डाई की पुड़िया खा ली। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इसके अलावा सिसोलर थाना क्षेत्र के चांदी गांव निवासी रामकिशोर (45) पुत्र सुक्खू सड़क हादसे में घायल हो गए। उन्हें भी प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल भेजा गया। उधर स्टेशन रोड पर नगर निवासी बबुवा लंबरदार (45) बाइक से जा रहे थे, तभी अचानक दो बच्चे सड़क पर आ गए। बच्चों को बचाने के प्रयास में उनका संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया

### संदिग्ध हालत में भमौरा मोड़ पर बेहोश मिला युवक

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** पत्योरा मार्ग में भमौरा मोड़ के पास तीन दिन पूर्व संदिग्ध हालत में घायलावस्था में मिले युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। ग्रामीण हमले की आशंका जता रहे हैं युवक के होश में आने का इंतजार किया जा रहा है। गत शुक्रवार को सदर कोतवाली के बड़ागांव निवासी संदीप पाल को सुमेरपुर में छोड़कर शाम करीब 6 बजे बाइक से वापस गांव लौट रहा था। यह पत्योरा मार्ग में भमौरा मोड़ के पास संदिग्ध हालत में घायलावस्था में पड़ा मिला परिजनों ने इसको कानपुर के हैलट में भर्ती कराया है तीन दिन बाद यह होश में नहीं आया है।

ग्रामीणों ने बताया कि युवक की गांव में पुरानी रंजिश है रंजिश चलते यह सूरत चला गया था। दीपावली पर्व में गांव लौटा था परिजन युवक के होश में आने का इंतजार कर रहे हैं। घायल युवक के पिता बाबूलाल पाल ने बताया कि पुत्र के होश में आने के बाद ही पुलिस को तहरीर देंग।

### उद्घाटन मैच में सुमेरपुर बुल्स ने सुमेरपुर वुफ्लस को हराया




**भरूआ सुमेरपुर।** कस्बे के श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण में बुंदेलखंड यूथ एसोसिएशन द्वारा आयोजित बीएससीएल क्रिकेट लीग का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत फीता काटकर किया। यह लीग मैच आईपीएल की तर्ज पर होंगे। इसमें 6 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। फाइनल मैच 21 नवंबर को होगा।बीएससीएल के अध्यक्ष प्रशांत सिंह उर्फ अंकुर दद्दा ने बताया कि उद्घाटन मैच सुमेरपुर वुल्फस एवं सुमेरपुर बुल्स के मध्य खेला गया। पहले बैटिंग करते हुए सुमेरपुर बुल्स 10 ओवर में 112 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में सुमेरपुर वुल्फस ने आठ ओवर में 7 विकेट से मैच जीत लिया। मैच देखने के लिए कस्बा वासियों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी।

### पुलिस से अभद्रता करने पर पति-पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** दलित उत्पीड़न के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम से अभद्रता करने, वर्दी फाड़ने और मोबाइल छीनने के प्रयास में आरोपी युवक व उसकी पत्नी पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी है कोतवाली पुलिस के मुताबिक, उपनिरीक्षक अवधेश नारायण मिश्र ने तहरीर देते हुए बताया कि गुरदाहा गांव निवासी नीरज यादव दलित उत्पीड़न के मुकदमे में वांछित चल रहा था। न्यायालय के आदेश पर उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी नीरज यादव चकदहा गांव में लगने वाले भगत बाबा मेले में मौजूद है। पुलिस जब मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया, तो आरोपी व उसके साथ मौजूद महिलाओं ने विरोध शुरू कर दिया। इसी दौरान आरोपी की पत्नी ने वर्दी फाड़ने और पुलिसकर्मी का मोबाइल व चश्मा गिराने का प्रयास किया। महिलाओं ने पुलिस टीम के साथ अभद्रता भी की कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी नीरज यादव पुत्र लल्लू यादव व उसकी पत्नी अज्ञात के खिलाफ भा.दं.सं. (ब्न्हस) की धारा 132, 262, 263, 352 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम से अभद्रता करने वाले ऐसे दबंग आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जन जागरूकता रैली एवं विधिक सेवा शिविर का आयोजन





**कुलपहाड़/महोबा।** विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर नगर के जनतंत्र इंटर कॉलेज में जन जागरूकता रैली एवं विधिक सेवा शिविर का आयोजन बड़े ही उत्साह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर में विधिक जागरूकता रैली निकालकर किया गया, जिसमें विधालय के छात्र-छात्राओं ने विधिक जागरूकता से संबन्धित नारों एवं संदेशों के साथ नगर भ्रमण किया। रैली का नेतृत्व विद्यालय की स्काउट टीम के उद्घोषक दल ने अगवानी करते हुए किया, जिससे पूरे नगर में उत्साह एवं जागरूकता का वातावरण बना रहा। रैली समापन के बाद विद्यालय प्रांगण में विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल जज जूनियर डिवीजन कुलपहाड़ अरूण कुमार राणा की अध्यक्षता में उपस्थित छात्र छात्राओं को विधि साक्षरता, नागरिक अधिकारों, कर्तव्यों से सम्बन्धित विभिन्न जानकारी देते हुए प्रकाश चन्द्र यादव ने विधिक सेवा दिवस के महत्व एवं उद्देश्य से अवगत कराया। इस अवसर पर तहसीलदार प्रमित सचान, जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी,प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा,न्यायालय रीडर रामकुमार पासवान, शिक्षक प्रकाशचंद यादव, प्रवक्ता ज्ञानेंद्र सिंह पटेल, मदन पाल राजपूत, जानकी प्रसाद लोधी सहित समस्त शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने विधिक साक्षरता के संदेश को समाज में प्रसारित करने का संकल्प लिया। इसके अलावा तहसील कुलपहाड़, ब्लाक जैतपुर में भी विधिक साक्षरता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर बीडीओ जैतपुर संतराम, कस्तूरबा गांधी विद्यालय की शिक्षिकाएं,आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### गौशाला के संरक्षित पशुओं ने चर ली खेत में खड़ी फसल

**अजनर/महोबा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बछेछर कला के किसान ने खेत में खड़ी चने की फसल को गौशाला के जानवरों द्वारा चरा लेने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है । थाना अजनर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बछेछर कला निवासी किसान सतीश पाल ने थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसके खेत में चने की फसल लगी हुई है जिसमें गौशाला के चरवाहों ने जानवरों को खेत में छोड़ देने से पूरी फसल चरा ली गई है,जब पीड़ित मौके पर पहुंचकर देखा तो गौशाला चरवाहों द्वारा सभी जानवर ले जाए गए। पीड़ित ने कहा है कि इसकी शिकायत ग्राम प्रधान के साथ थाना पुलिस से कर फसल की क्षतिपूर्ति दिलाये जाने की मांग की है। उसने कहा कि पूर्व में भी मूंगफली की फसल इसी तरह चरवाहों द्वारा जानवरों से नष्ट कर दी गई थी। पीड़ित किसान ने पुलिस से फसल की क्षतिपूर्ति दिलाये जाने की गुहार लगाई है।

### ससुरालीजनों की प्रताड़ना से परेशान विवाहिता ने पुलिस से की न्याय की मांग

**अजनर/महोबा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कैथोरा निवासी महिला ने पति सहित ससुरालीजनों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय दिलाने मांग की है। थाना अजनर क्षेत्र के ग्राम कैथोरा निवासी महिला पूनम पत्नी प्रमोद राजपूत ने पुलिस को दिए पशिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए कहा है कि वह अपने पति सहित ससुरालीजनो से बेहद परेशान है पति साथ में नहीं रहता है और ससुरालीजन भी आये दिन गाली-गलौज कर प्रताड़ित करते हैं यहां तक की खेती आदि से कोई भी मदद नहीं देते हैं। महिला ने कहा है कि वह किसी तरह मजदूरी कर अपने व अपने दो बच्चों का भरण पोषण करती है । पीड़ित महिला ने पुलिस से इस ओर कार्यवाही कर मदद की गुहार लगाई है।

### सीएचसी कुलपहाड़ में निःशुल्क मानसिक चिकित्सा शिविर आज

**कुलपहाड़/महोबा।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस जागरूकता माह के अंतर्गत विशाल निःशुल्क मानसिक चिकित्सा शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुलपहाड़ में सोमवार को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 तक किया जाएगा। उक्त संबंध में जानकारी देते हुए अधीक्षक डॉक्टर महेश सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि शिविर में दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं निःशुल्क उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया जाएगा। आपने मानसिक रोगियों जैसे नींद ना आना चिड़चिड़ापन होना मिर्गी के दौरे पड़ना आदि के बारे में जो भी रोगी हो उक्त निःशुल्क उपचार शिविर में आकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प की वजह से देश बना पांचवीं अर्थव्यवस्था

- कस्बे के टाउन हाल में हुआ प्रबुद्ध सम्मेलन

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के नगर पंचायत टाउन हॉल में जिलाध्यक्ष सुनील पाठक की मौजूदगी में मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह की अध्यक्षता में आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि प्रबुद्ध वर्ग के प्रदेश संयोजक अनिल मिश्रा ने कहा प्रबुद्ध सम्मेलन में अधिकांश पढ़े लिखे लोग जैसे डॉक्टर वकील अध्यापक पत्रकार इत्यादि लोग ही समझ सकते हैं कि हमारा देश आज अर्थव्यवस्था में पांचवें पायदान पर पहुंच





चुका है। कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि हमारा देश आत्मनिर्भर भारत बने। जिलाध्यक्ष ने आत्मनिर्भर भारत के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जो मोबाइल फोन हम लोग दूसरे देशों से खरीदते थे। वह आज प्रधानमंत्री की मेहनत एवं प्रयास से अपने देश में बना रहे हैं। कार्यक्रम जिला संयोजक भार्गव मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, आकाश त्रिपाठी, सुदेश द्विवेदी मंच में उपस्थित रहे। संचालन जिला मंत्री स्वामी प्रताप सिंह ने किया। शासकीय अधिवक्ता मनोनीत किए जाने पर स्वामी प्रताप सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अरविंद श्रीवास्तव, सुशील शुक्ला, कृष्णकुमार रामू गुप्ता, योगेंद्र दीक्षित, अंकित सिंह, श्याम धुरिया, रवि गुप्ता, करण साहू, आशीष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध वर्ग सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

## परेहटा में इसी माह शुरू होगा निर्माण कस्बे के लिए मार्च में जारी होगा बजट



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** श्रीगायत्री तपोभूमि एवं काशीराम कॉलोनी के मध्य कडोरन नाले में बनने वाले रपटे की स्वीकृत प्रदान हो गई है। मार्च तक निर्माण के लिए बजट जारी होगा सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति ने कस्बे के कडोरन नाला एवं बिरखेरा में रपटा निर्माण का प्रस्ताव रखा था। इसके अलावा उन्होंने किसवाही एवं परहेटा में चंद्रावल नदी में रपटे का प्रस्ताव शासन को भेजे थे। इनमें किसवाही में रपटे का निर्माण पूर्ण हो गया है। परहेटा के रपटे का निर्माण इसी माह शुरू हो जाएगा। इसके लिए 13 नवंबर को भूमि पूजन की तैयारी हो रही है। सदर विधायक ने बताया कि तपोभूमि एवं काशीराम कॉलोनी के मध्य बनने वाला रपटा स्वीकृत हो चुका है। इसके निर्माण के लिए मार्च तक बजट जारी हो जाएगा। बरसात के पूर्व निर्माण शुरू हो सकता है। इसके बनने से कस्बा वासियों तपोभूमि आने-जाने में सुविधा होगी और कई किलोमीटर का चक्कर बचेगा साथ ही खूनी हाईवे से आने जाने से मुक्ति मिलेगी।

## कुसमरा में निःशुल्क नेत्र शिविर का किया गया आयोजन




**कुरारा, हमीरपुर।** कुसमुरा गांव में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया संध्या वर्मा एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष अनु मोर्चा भाजपा द्वारा आयोजित कराया गया जिसमें डॉ. सुरेश कुमार व डॉ. CP गुप्ता जिला अस्पताल द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया मरीजों का रजिस्ट्रेशन सूर्य कुमार रु ञ्ज ने किया जिसमें 105 मरीजो की आखों की जांच की गई जिसमें 35 मरीज मोतिया बिन्द से ग्रषित पाये गये 5 मरीज नाखूना के मिले 7 मरीज सबलबाई के मिले शेष मरींजों के चश्मे की जाँच की गई। सभी मरीजों को दवा व चश्मा निःशुल्क दिया गया मोतिया बिन्द के मरीजों को कल जिला अस्पताल के लिये रिफर किया गया जो Bp व सुगर की जांच की जायेगी उसके बाद ऑपरेशन होगा और संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनु मोर्चा पत्नी डा सुरेश कुमार ने सभी मरीजों को आँख को सुरक्षित कैसे रखा जाये व सावधानी बताई और हरी सब्जियों का उपयोग करे इस शिविर में टीम के लोग उपस्थित रहे।

## पंचायत सहायक का आरोप, सचिव ने डराकर लिखाया था इस्तीफा

- सचिव की ओटीपी से जारी हुए है फर्जी प्रमाण पत्र

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** बीहड़ों में बसी ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग में फर्जी प्रमाण पत्र जारी होने की शिकायत के बाद पंचायत सहायक के त्यागपत्र देने के बाद प्रकाशित हुई खबर में रविवार को नया मोड़ आ गया। भूमिगत पंचायत सहायक ने मीडिया के समक्ष आकर दावा किया कि उसने त्यागपत्र नहीं दिया। पंचायत सचिव ने कमरे में बंधक बनाकर डरा धमकाकर त्यागपत्र लिखवा लिया और हस्ताक्षर कराकर ब्लॉक पहुंचा दिया। वह पूरी तरह से निर्दोष है। उसे सचिव बलि का बकरा बना रहे हैं। जन्म प्रमाण पत्र सचिव के ओटीपी से जारी होते हैं। गांव में कुछ युवक फर्जी प्रमाण पत्र बनाने का सिंडिकेट चला रहे हैं। जिन्हें पंचायत सचिव का संरक्षण प्रदान है। पंचायत सचिव का दावा है कि उसके भी



हस्ताक्षर फर्जी बनाए गए हैं। जिसकी जांच खंड विकास अधिकारी कर रहे हैं। विगत दिनों सुरौली बुजुर्ग की प्रधान रामप्यारी निषाद ने उच्च अधिकारियों को शिकायत भेज कर पंचायत में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी होने का आरोप लगाया था। इस शिकायत को प्रशासन ने गंभीरता के साथ लिया और जांच खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार को सौंपी है। शिकायत होने पर पंचायत सहायक जयप्रकाश तिवारी का 17 अक्टूबर को इस्तीफा हो गया। खबर प्रकाशित होने के बाद रविवार को पंचायत सहायक जयप्रकाश तिवारी मीडिया के सामने आया और पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने अपने कमरे में बुलाकर पूर्व में तैयार कागजातों पर जबरिया हस्ताक्षर कराकर त्यागपत्र लिखवा लिया। साजिश के तहत सचिव ने त्यागपत्र को ब्लॉक कार्यालय में जमा कर दिया, जबकि वह पूरी तरह से निर्दोष है।जन्म प्रमाण पत्र बनाने में उसकी कोई भूमिका नहीं है। उसे मुकदमे का भय दिखाकर अभी भी डराया जा रहा है। पंचायत सहायक ने बताया कि फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने में सचिव की ही भूमिका है, क्योंकि उनकी ओटीपी से ही प्रमाण पत्र जारी होते हैं। उसके अधिकार क्षेत्र में कुछ भी नहीं है। बताया कि उसे पिता की कोरोना काल मौत के कारण उसका चयन हुआ था। लेकिन सचिव ने साजिश के तहत उसकी रोजी-रोटी छीन ली है। इसकी शिकायत वह सोमवार को जिलाधिकारी से करेगा। पंचायत सचिव सुरेंद्र पटेल ने कहा कि पंचायत सहायक के आरोप निराधार हैं। मामले की जांच चल रही है,जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

## गायत्री शक्तिपीठ आश्रम में चल रहे 24 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि कार्यक्रम का आयोजन



**मौदहा, हमीरपुर।** मां गायत्री शक्तिपीठ आश्रम में चल रहे 24 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा के दूसरे दिन धार्मिक उत्साह और आध्यात्मिक माहौल में कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रही। सुबह प्रज्ञा योग व्यायाम और प्राणायाम सत्र के बाद नवदंपति सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में नवविवाहित दंपतियों को गृहस्थ जीवन में आने वाली कठिनाइयों, तनाव और मानसिक अवसाद से निपटने के उपाय बताए गए। वक्ताओं ने कहा कि प्रेम, समझदारी और सहयोग ही सुखी दांपत्य जीवन के मूल मंत्र हैं।वक्ताओं ने आधुनिक जीवनशैली की चकाचौंध और पाश्चात्य सभ्यता की अंधी दौड़ में बिखरते रिश्तों को समाज के लिए चिंता का विषय बताया। कहा कि गृहस्थ आश्रम जीवन की एक योग साधना है, जिसमें सेवा, प्रेम, त्याग और उदारता जैसे गुण ही इसकी आधारशिला हैं। यह वह योग है, जिसमें पति-पत्नी और संतान मिलकर एक पूर्ण जीवन का निर्माण करते हैं और आत्मीयता का विस्तार परिवार से समाज तक होता है। गायत्री परिवार के प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के राहुल द्विवेदी ने कहा कि जीवन में संस्कारों का विशेष महत्व है। संस्कारों से ही जीवन सुखमय और संतुलित बनता है। कार्यक्रम का संचालन ब्रजेश कश्यप ने किया। इस अवसर पर रामसेवक रूरा (कानपुर देहात), अमित शर्मा (गायत्री परिवार आगरा), लक्ष्मण लाल त्रिपाठी (राठ), कृपा शंकर त्रिपाठी (कुरारा) सहित गायत्री परिवार मौदहा के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे सम्मेलन में लगभग 108 नवदंपति शामिल हुए।

## पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने युवक पर झोंका फायर

- गोली लगने से घायल युवक को जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज किया गया रेफर
- पीड़ित पिता की तहरीर पर दो के खिलाफ दर्ज मुकदमा दर्ज

**कबरई/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुरानी रंजिश के चलते हुए विवाद में दबंगों ने युवक को गोली मार दी। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टरों ने हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर नामजद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए



मामले की गहनता से जाँच पड़ताल शुरु कर दी है।

थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम गुगौरा निवासी 22 वर्षीय संजय सिंह पुत्र अरविंद्र उर्फ भूरा की गांव के पुष्पेंद्र के साथ पुरानी रंजिश चल रही थी। रंजिश को लेकर शनिवार को पुष्पेंद्र गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर मारपीट करते हुए उसे गोली मार दी। गोली संजय सिंह के सीने में लगी। जिससे वह खून से लथपथ हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद दबंग शिकायत करने पर जानमाल की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। घायल के भाई अंतिम सिंह ने घायल संजय को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने पहुंचकर जानकारी हासिल की। पिता अरविंद्र उर्फ भूरा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित पुष्पेंद्र और जयचंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी सत्यवेंद्र सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपितों की छानबीन कर रही है। संदेह के आधार पर दो को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## डीजे बजाने वाले युवक की हत्या का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बीते मंगलवार को कस्बा निवासी डीजे बजाने वाले युवक की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, जबकि अन्य की तलाश जारी है मामला कस्बे के फतेहपुर निवासी दयाराम की हत्या से जुड़ा है, जिसका शव गहबरा चौकी के पास मिला था। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने रीवन गांव निवासी चंद्रपाल, उसके भाई और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या व एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी लगातार की गई पुलिस जांच में रीवन गांव निवासी मयंक और



आकाश के नाम सामने आए। दोनों की हत्या में संलिप्तता की पुष्टि होने पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को बीती रात हाईवे के निकट मदारपुर मोड़ से उपनिरीक्षक सूर्यबली, हरी भूषण, अमन, सुधाकर व अन्य सिपाहियों की टीम ने दबोचा। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## घर में घुसकर दबंगों ने हेड कांस्टेबल को पीटा

- पीड़ित कांस्टेबल की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज कुलपहाड़/महोबा।** दबंगों ने घर में घुसकर महिला प्रधान के हेड कांस्टेबल पति के साथ मारपीट की और शिकायत करने पर जानमाल की धमकी दी है। पुलिस ने महिला प्रधान की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की गहनता से जाँच पड़ताल शुरु कर दी है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ठठेवरा गांव प्रधान सुमन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति रामाधार वर्तमान में जालौन जिले में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात है। गांव के दबंग चरन सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह व हरेंद्र पुत्र चरन सिंह, सुगर सिंह ने गाली-गलौज की। दबंगों ने लाठी डंडो से मारपीट करते हुए विरोध करने पर जानमाल की धमकी दी। बीच बचाव करने पर पति के भाई केर सिंह के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित चरन सिंह उसके पुत्र हरेंद्र और सुगर सिंह पुत्र लक्ष्मण के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए छानबीन शुरु कर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा का कहना है कि ग्राम प्रधान सुमन का पति हेड कांस्टेबल है। उसका बेटा भी पुलिस में चयनित हुआ है। जिसकी पार्टी चल रही थी जिसको लेकर विवाद हुआ है। महिला प्रधान की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए जाँच पड़ताल शुरु कर दी है।

## किसानों के समर्थन में उतरे बुंदेलखंड किसान यूनियन के पदाधिकारी

- संगठन के पदाधिकारियों ने किसानों के साथ किया थाने का घेराव
- रबी की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे वनरोज

**महोबकंठ/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

रबी की फसलों को वनरोज से बचाने के लिए किसानों के द्वारा शिकारी बुलाए गए जिसकी भनक लगने पर पुलिस ने किसानों की सूची तैयार कर कार्यवाई की तैयारी की तो किसान यूनियन ने थाने का घेराव कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों का आरोप है कि पुलिस




किसानों को परेशान कर रही है।

महोबकंठ थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम टोला पांतर, परा, ब्यारजो सहित अन्य गांवों में नील गाय का आतंक है। वनरोज किसानों की फसलों को तहस नहस करने में जुटे हैं। कुछ किसानों ने वनरोज की समस्या के लिए शिकारियों को बुलाया तो पुलिस को भनक लग गई पुलिस ने किसानों की सूची तैयार कर कार्रवाई का खाका तैयार किया तो रविवार को बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ पंकज तिवारी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने किसानों के साथ थाने का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि किसान प्राकृतिक आपदाओं की मार से तबाह है,अब पुलिस उत्पीड़न कर रही है। विरोध प्रदर्शन कर पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी से मुलाकात करते हुए कहा कि अगर किसानों पर फर्जी तरीके से कार्रवाई हुई तो आंदोलन किया जाएगा। मामले को लेकर महोबकंठ थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि कुछ किसान नीलगाय मारने की अनुमति लेने आए थे। अनुमति न देने पर किसानों ने बंदूक से नीलगाय मारने के लिए शिकारियों को बुलाया है। किसान कह रहे हैं कि नील गाय फसलें बर्बाद कर रहे हैं। हमने बोल दिया कि आप नील गाय तो भगा सकते हैं मार नहीं सकते।

## पुलिस की सक्रियता से वापस मिली साइबर ठगों के शिकार पीड़ितों को धनराशि

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौड़ के पर्यवेक्षण में जनपदीय साइबर क्राइम पुलिस थाना महोबा द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों की आर्थिक सहायता हेतु निरंतर अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आवेदक रविकांत निवासी ग्राम रिवई सुनैचा द्वारा ऑनलाइन शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज करायी




गयी थी, जिसमें उनके साथ धोखाधड़ी की घटना घटित हुई थी। साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा तत्परता से जांच एवं कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता की बाइस हजार चार सौ रुपये की संपूर्ण धनराशि सफलतापूर्वक वापस करायी गयी। इसी प्रकार मुख्यालय के बिलबई चुंगी निवासी दिनेश राजपूत द्वारा ऑफलाइन शिकायत प्रस्तुत की गयी थी। जांचोपरांत साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर उनकी नौ हजार पाँच सौ रुपये की धनराशि वापस करायी गयी। दोनों शिकायतकर्ताओं ने अपनी सम्पूर्ण धनराशि प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक सहित साइबर क्राइम थाना टीम के प्रति आभार व्यक्त किया तथा स्वयं थाने पर उपस्थित होकर धन्यवाद पत्र प्रदान किया।

## क्षेत्राधिकारी ने किया थाना कुलपहाड़ का औचक निरीक्षण

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड द्वारा थाना कुलपहाड़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय के अभिलेख, बैरक, मैस, मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष आदि का सूक्ष्म निरीक्षण किया तथा थाना परिसर की साफ-सफाई एवं लम्बित मामलों की स्थिति की समीक्षा की। क्षेत्राधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को महिला अपराधों के प्रति विशेष संवेदनशीलता बरतने, प्राप्त शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा सभी अभिलेखों के सही रख-रखाव एवं समयानुसार अद्यतन किये जाने के



निर्देश दिये गये। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ राधेश्याम वर्मा, अपराध निरीक्षक अनिल कुमार सिंह सहित थाना में नियुक्त सभी पुलिस कर्मियों से वार्ता कर उनके कार्यो की समीक्षा की गयी है। इस दौरान बीट बुक का अवलोकन कर बीट बुक में सूचनाओं को अद्यावधिक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देशित किया गया कि थानाक्षेत्र में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु निरंतर भ्रमणशील रहें, प्रत्येक छोटी-बड़ी घटना पर पैनी नजर रखें, तथा पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। इस अवसर पर थाना कुलपहाड़ के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध तथा अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम ममलखन पुत्र रामरूप निवासी महोखर थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा है।

### वृद्धा आश्रम में गर्म कपड़े, मिठाई, फल आदि का हुआ वितरण



**बांदा।** रविवार को बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा साहब और सह संरक्षक चंद्रमौलि भारद्वाज के संरक्षण में, सुनील सक्सेना संगठन मंत्री की अध्यक्षता में, महिला टीम की कोषाध्यक्ष श्रीमती रेणुका गुप्ता जी के नेतृत्व में,महिला टीम की सदस्य श्रीमती बीना गुप्ता पत्नी समृद्ध गुप्ता सराफ़ के जुड़वाँ पुत्रों कार्तिक गुप्ता, प्रखर गुप्ता और श्रीमती आरती गुप्ता पत्नी अमित कुमार गुप्ता जी के पुत्र अभी गुप्ता द्वारा अपने जन्मदिन के शुभ अवसर पर वृद्धजनों को मिठाई,फल, बिस्किट,गरम इनर आदि का वितरण नरैनी रोड पर स्थित वृद्धाश्रम में किया गया इस सामान पाकर वृद्धजनों ने सभी लोगों को दुआओं और आशीर्वाद से नवाज़ा इस कार्यक्रम में बाँदा रोटी बैंक की महिला टीम ने भी अपना सहयोग एवं सेवा प्रदान की। रिज़वान अली संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, तरन्नुम फ़ातमा महिला उपाध्यक्ष, निहाल खान, राशिद अहमद, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाँदा आदि मौजूद रहे।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाया मणिकर्णिका सप्ताह

**बांदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत के बांदा जिला द्वारा आयोजित मणिकर्णिका प्रतियोगिता के तहत शहर के विभिन्न स्कूलों में रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सैकड़ों बालिकाओं ने प्रतिभाग किया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों को इस प्रतियोगिता के उद्देश्य महारानी लक्ष्मी बाई की जयंती से दो सप्ताह पूर्व मनाने का उद्देश्य बताया गया, और बालिकाओं को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बांदा विभाग संगठन मंत्री श्री शिवम पांडे, नगर अध्यक्ष नवीन पांडेय, बांदा विभाग छात्रा प्रमुख आयुषी त्रिपाठी, सुभाष त्रिपाठी, नगर मंत्री श्लोक द्विवेदी, तहसील संयोजक राज सिंह, अभय साहू, मानसी धुरिया, विकास आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### यातायात सुरक्षा को लेकर चलाया अभियान



**बबेरू/बांदा।** बबेरू कस्बे के मुख्य चौराहे में यातायात सुरक्षा अभियान को लेकर अभियान चलाया गया है। एक सैकड़ा से अधिक बाइक व चार पहिया वाहनों का चालान किया गया है। बबेरू कस्बे के मुख्य चौराहे के परिवहन विभाग के टीआई संजय मिश्रा के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आज रविवार की दोपहर बाइक चालक व चार पहिया वाहन चालकों को जागरूक किया गया है। साथ ही एक सैकड़ा से अधिक गाड़ियों जिसमें बाइक व चार पहिया वाहनों का चालान किया गया है। वही जो चार पहिया वाहनों पर शीशे में लगी काली फिल्म को उतराया, और कई बाइक सवारों को जो सड़कों में चल रहे थे, और हेलमेट गाड़ी में टांगे हुए थे, उनको अपने हाथों से टीआई संजय मिश्रा के द्वारा बाइक सवारों को हेलमेट पहनाया गया। और यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया है। और सभी वाहन चालकों को बताया गया की बाइक सवार हेलमेट पहने और चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट लगाकर चले, और यातायात नियमों का पालन करें जो भी नियमों का पालन नहीं करेगा उन गाड़ियों का चालान किया जाएगा। इस मौके पर टीआई संजय मिश्रा हेड कांस्टेबल वीरेंद्र पाल, सर्वेश ,अवधेश कुमार, ट्रैफिक कांस्टेबल सुरजीत, बृज किशोर संहिता अन्य पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### स्वच्छता सर्वे अभियान की शुरुआत, घर-घर पहुंची जागरूकता टीम



**बाँदा।** नगर पालिका परिषद के सहयोग से एस.डी.सेवा संस्थान टीम द्वारा स्वच्छता सर्वे अभियान की शुरुआत नवंबर माह में की गई,वहीं रविवार को स्वराज कॉलोनी वार्ड नंबर 14 में कारवां पहुंचा। अभियान के तहत संस्थान की टीम ने घर–घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और गीला व सूखा कचरा अलग–अलग रखने की अपील की।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती मालती गुप्ता बासू, प्रतिनिधि अंकित बसु, अधिशासी अधिकारी श्रीचन्द्र, एसबीएम डीपीएम अधिकारी एवं वार्ड सदस्य मौजूद रहे। संस्था की टीम ने हर घर में दो–दो बाल्टियां वितरित कर समझाया कि हरी बाल्टी में गीला कचरा तथा नीली बाल्टी में सूखा कचरा रखें और कचरा वाहन में अलग–अलग डालें।संस्थान के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह अभियान स्वच्छ बांदा–सुंदर बांदा के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### वंदे मातरम् गीत को लेकर पार्टी के दोहरा चरित्रः नीरज

**इटावा।** सर्वोदय जागरण मंच के अध्यक्ष नीरज कुमार ने भारतीय जनता पार्टी पर वंदे मातरम् गीत और बंगाल को लेकर पार्टी के दोहरे चरित्र पर आधारित महत्वपूर्ण बयान दिया है उन्होंने बताया है कि वंदे मातरम गीत और बंगाल के बीच गहरा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध है, क्योंकि यह मूल रूप से बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा एक बंगाली कविता के रूप में लिखा गया था और उनके उपन्यास आनंदमठ का हिस्सा था। यह गीत भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय नारा बन गया था, जिसने बंगाल सहित पूरे देश में राष्ट्रवाद की भावना जगाई। वंदे मातरम् के प्रति प्रेम और बंगाल से कथित नफ़रत की भावनाएं दोनों एक साथ नहीं चल सकतीं, क्योंकि गीत की उत्पत्ति और सार अविभाज्य रूप से बंगाल की मिट्टी और संस्कृति से जुड़े हुए हैं। सर्वोदय जागरण मंच के अध्यक्ष नीरज कुमार ने भाजपा की इस कथित दोहरी नीति की ओर इशारा करते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी एक तरफष्वंदे मातरमष् के गौरव का गुणगान करती है।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक ने इलाज दौरान दम तोड़ा

**इकदिल, इटावा।** डेढ़ माह पहले सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक ने इलाज दौरान दम तोड़ दिया। गांव मानिकपुर विशू के रहने वाले राम प्रकाश का 19 वर्षीय बेटा कुलदीप डेढ़ माह पहले 10 सितंबर को ग्वालियर बाईपास पर एक ढाबा के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। जिससे परिजन लोग जिला अस्पताल ले गए उसके बाद इलाज के बाद युवक को आराम मिलने पर परिजन लोग अपने घर ले गए और घर ही युवक का इलाज करा रहे थे रविवार सुबह तबियत बिगड़ने पर परिजन लोग उसे ग्वालियर के लिए ले जा रहे थे तभी उसने रास्ते मे दम तोड़ दिया। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने चौकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक तीन भाइयों में घर का छोटा बेटा था।

### हाइवे पर मिला वृद्ध का शव, मचा हड़कंप

**इकदिल, इटावा।** आगरा–कानपुर नेशनल हाईवे पर पिलखर नहर के पास रविवार सुबह 55 वर्षीय वृद्ध का शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे एसआई रामौतार सिंह ने शव को अपने कब्जे में लिया और और आस पास के लोगों को बुलाकर उसके शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया लेकिन देर शाम तक शव की शिनाख्त नही हो सकी मृतक पीली रंग की हाफटीशर्ट और ऊपर लाल रंग की फुल टीशर्ट व काले रंग की लोवर पहने हुए था। उसके सिर में चोट और एक पैर का मांस फटा होने से सड़क दुर्घटना में मौत होने की आशंका जताई गई।

### भाविप द्वारा गुरुवंदन छात्र अभिनंदन समारोह



**भरथना, इटावा।** भारत विकास परिषद स्वामी विवेकानंद शाखा भरथना द्वारा गुरुवंदन छात्र अभिनंदन समारोह के तहत नगर के 15 विद्यालयों में इस कार्यक्रम का आयोजन क्रमबद्ध ढंग से नियमित चल रहा है। जिसके क्रम में शनिवार को संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल ब्रजराज नगर भरथना में समस्त छात्र–छात्राओं के मध्य स्कूल स्तर पर परिषद द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय जूनियर वर्ग के छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया एवं थाल सजाओ प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्र–छात्राओं एवं कार्यक्रम की शिक्षिका अनन्या अवस्थी एवं भारत को जानो प्रतियोगिता सम्पन्न कराने वाले शिक्षक अश्वनी कुमार, प्रधानाचार्या प्रियंका सिंह एवं डायरेक्टर अंकित यादव को शाल, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं कस्बा के नेविलगंज में संचालित एनएसबी स्कूल में भी छात्र–छात्राओं के मध्य स्कूल के मेधावी छात्र–छात्राओं, प्रधानाचार्य राजश्री भदौरिया, निदेशक रुद्रपाल सिंह भदौरिया गतिविधि संयोजक सेवा, शिक्षक सत्यम शर्मा, शिक्षका शिवानी कुशवाह को शाल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दोनों विद्यालयों में कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित व वन्देमातरम गायन करके हुआ। इस दौरान प्रांतीय संगठन सचिव डा. आरएन दुबे, शाखा अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह राठौर, सचिव रामप्रकाश पाल, कोषाध्यक्ष लविश कौशल, विनोद दुबे सहित परिषद के कई सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# विधिक जागरूकता शिविर में दी गईं कानूनों की जानकारियां

- वृद्धाश्रम में हुआ शिविर का आयोजन

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**





उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला जज/अध्यक्षा-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा अल्पना के निर्देशानुसार आज 9 नवम्बर, 2025 को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक सेवाओं के सम्बंध में वृद्धाश्रम-बांदा में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता श्रीपाल सिंह, अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा द्वारा की गयी। आज 9 नवम्बर, 2025 को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक सेवाओं से आमजन को जागरुक किये जाने हेतु विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन नरैनी रोड बांदा स्थित वृद्धाश्रम में किया गया। सर्वप्रथम श्रीमान श्रीपाल सिंह-अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा द्वारा अपने सम्बोधन में कहा कि आर्थिक, सामाजिक व शैक्षिक रुप से कमजोर वर्ग के समुदायों, महिलाओं, पुरुषों एवं अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को प्रायः विधिक जानकारी बहुत कम अथवा बिल्कुल नही होती हैं, विधिक सेवा दिवस पर ऐसे लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जानकारी प्रदान करना, उनको प्राप्त मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में शिक्षित और जागरुक करना इस दिवस का मुख्य उद्देश्य हैं। प्रत्येक नागरिक के मध्य कानूनी / विधिक जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से ही विधिक सेवा दिवस की स्थापना की गयी थी। यह दिन भारत के नागरिकों को इस बात का एहसास दिलाता हैं कि आपकी पहचान, पृष्ठभूमि चाहें कुछ भी हो, प्रत्येक पात्र व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने का अधिकार रखता हैं। ऐसे प्रत्येक नागरिक को राहत प्रदान करने के लिऐ माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पारित किया गया था। विधिक सेवा दिवस का उद्देश्य विधिक मामलों के बारे में आम जनता में जागरुकता फैलाना, समाज के कमजोर वर्ग को मुफ्त विधिक सहायता प्रदान करना, अपराध से पीड़ितों को क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराना, वैकल्पिक विवाद समाधान एवं सुलह के आधार पर मामलों के निपटान सुनिश्चित करना, लोक अदालतों के माध्यम से विवादों का निपटान करना आदि हैं। यह समाज के कमजोर वर्ग के लोगों के लिए कानूनी सुरक्षा और प्राविधानों का वादा करता हैं, इससे विवादों के निपटारें में सहायता मिलती हैं। शिविर में तरुण कुमार खरे-पराविधिक स्वयं सेवक द्वारा वृद्धों को उनकी सम्पत्ति के अधिकारों के सम्बंध में तथा माता-पिता, वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम-2019 के अधिकारों के सम्बंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। शिविर के अन्त में वृद्धाश्रम प्रबन्धक श्याम किशोर त्रिवेदी द्वारा सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया गया। शिविर में राशिद अहमद अन्सारी डी.ई.ओ. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण-बांदा, पराविधिक स्वयं सेवकों में देवेन्द्र सिंह, राहुल गौतम, अशोक त्रिपाठी तथा ओम गुप्ता उपस्थित रहें।

## किसी रिपोर्टर को कोई फर्जी मुकदमे में धमकाए तो बताएंः विधायक

- ट्रस्ट के पदाधिकारियों को विधायक ने सराहा



**बांदा।** बीपीटी पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण समारोह के दूसरे दिन पी डब्लू डी डाक बंगले में शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी का माल्यार्पण भव्य स्वागत किया। शिक्षक एमएलसी ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने विधायक से कहा कि कवरेज और खबर से बौखलाए सरकारी एवं गैर सरकारी कर्मियों ने रिपोर्ट्स को कई मर्तबा फर्जी मुकदमे लगाने को धमकाया इस मुद्दे को विधान सभा में उठाया जाए। जिससे कि किसी पत्रकार के साथ अन्याय नहीं हो सके।श्री तिवारी ने कहा कि जिस वक्त धमकी मिले मुझको अवगत कराए ये मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा। इस दौरान संरक्षक के एस दुबे, सचिव अनिल तिवारी, नवीन मिश्रा, अध्यक्ष रमाकांत तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी ललित विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष अविनाशचंद्र दीक्षित, सह सचिव नवीन मिश्रा, महासचिव अंशू गुप्ता, प्रमुख अनिल गौतम, सचिव दिलीप जैन, शबाना खान, निर्मल शुक्ला, बालेंद्र तिवारी, राजेंद्र शर्मा, देशराज आदि मौजूद रहे।

## क्षेत्राधिकारी नगर ने थाना मटौंध का किया त्रैमासिक निरीक्षण

- थाना अभिलेखों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के दिए निर्देश
- पुलिसकर्मियों की शस्त्रों की हैण्डलिंग, टर्न आउट आदि का किया निरीक्षण

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक द्वारा थाना मटौंध का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, अभिलेखों तथा शस्त्रागार का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के समय थाना अभिलेखों की स्थिति देखी गई और उन्हें अद्यावधिक एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी नगर ने पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, ड्यूटी पालन एवं अनुशासन की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी कर्मियों को अपने कार्य के प्रति सजग रहते हुए जनता के साथ संवेदनशील एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि वांछित व्यक्तियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों की शस्त्रों की हैंडलिंग की जांच की गई। अधिकारियों को शस्त्रों के सुरक्षित रख-रखाव, सफाई एवं उपयोग के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए साथ ही निर्देशित किया गया कि थाने में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होने थाना कार्यालय, अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र, महिला हेल्प डेस्क, कम्प्यूटर कक्ष तथा थाने की साफ-सफाई आदि का गहन अवलोकन किया गया। थानाध्यक्ष मटौंध को थाना परिसर की साफ-सफाई तथा कर्मचारियों से नियमित रुप से सैनिक सम्मेलन कर उनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया । इस दौरान उन्होने निर्देशित किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु निरंतर गश्त एवं निगरानी को प्रभावी बनाए रखा जाए । निरीक्षण के उपरांत सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा भारी पुलिस बल के साथ कस्बा मटौंध में पैदल गश्त की गई तथा आमजनमानस से बातचीत कर उन्हे सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।

## इनामिया अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

- अवैध तमंचा, कारतूस व नकद रुपए बरामद

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज व क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह गौर के निकट पर्यवेक्षण में आज थाना जसपुरा क्षेत्र में अपहरण की घटना को अंजाम देने वाला मुख्य अभियुक्त भानू उर्फ भानू प्रताप पुत्र कमल को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया । गौरतलब हो कि थाना जसपुरा क्षेत्र के ग्राम गौरीकला के रहने वाले शिवशंकर पाल ने को अपने 20 वर्षीय पुत्र के 2 सितंबर 25 की शाम ग्राम में आयोजित मेले में आपसी विवाद के दौरान भानू ने अपने साथियों के साथ मिलकर पुत्र का अपहरण करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसके क्रम में 3 सितंबर 25 को थाना जसपुरा पुलिस द्वारा अपहृत युवक को 24 घण्टों के भीतर सकुशल बरामद करते हुए घटना में शामिल 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था जबकि घटना में शामिल मुख्य अभियुक्त फरार था, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है । इसी क्रम में आज थाना जसपुरा पुलिस टीम रात्रि गश्त, संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग में मामूर थे। गश्त के दौरान मुखबिर खास सूचना मिली कि थाना जसपुरा से 2 किमी आगे झंझरी रोड पर कुछ संदिग्ध व्यक्ति पैदल-पैदल जा रहे है जिसमें एक भानू लग रहा है जो आपके मुकदमे में वाछिंत है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए मौंके पर पहुंचकर व्यक्ति को आत्मसमर्पण हेतु कहे जाने पर स्वयं को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करना शुरू कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक कारतूस, 2 खोखा व 530 नकद रुपए बरामद हुए है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम भानू उर्फ भानू प्रताप पुत्र कमल निवासी वाहुण्डरी थाना जसपुरा जनपद बांदा है।

## हमला कर घायल करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

- घटना में इस्तेमाल दो स्कॉर्पियो और हथियार बरामद

**उदी, इटावा, समृद्धि न्यूज़।**



थानां बढ़पुरा क्षेत्र उदी-वाह मार्ग स्थित जिम में काम कर रहे लोगो पर कार में सवार होकर आए लोगों द्वारा लाठी-डंडों से मारपीट की गयी, मारपीट में तीन लोग हुए गंभीर घायल। थाना में नौ नामदर्ज एवं कई अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गयी, पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई के तहत नामदर्ज चार आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ मारपीट में प्रयुक्त लाठी-डंडे सहित दो कार भी कब्जे में ली गयी। घटना के मामले थानां क्षेत्र के ग्राम खेड़ा अजब सिंह एवं हाल निवास उदी मोड़, चकरनगर रोड निवासी राजेश कुमार सिंह पुत्र सोवरन सिंह ने रिपोर्ट में कहा है कि मेरे पुत्र अंकित सिंह व विपिन सिंह एवं उत्तम सिंह पुत्र स्व. सामंत सिंह निवासी नगला भवानीदास थानां बढ़पुरा इटावा ने इटावा निवासी अंकित पोरवार के साथ उदी मोड़ वाह रोड पर जिम खोला है। जहां शनिवार को शाम उक्त मेरे पुत्र सहित उक्त तीनों लोग जिम में काम करा रहे थे कि तभी दो गाड़ियों में भरकर मेरे गांव के मुकेश सिंह उर्फगब्बर पुत्र रामपाल सिंह, ध्रुव सिंह पुत्र पुत्तू सिंह, बंटू पुत्र रणवीर सिंह, सुधीर सिंह पुत्र लालबहादुर सिंह, रोहित पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी गण खेड़ा अजब सिंह थानां बढ़पुरा एवं राहुल पुत्र प्रदीप यादव, शालू व सानू पुत्रगण राजेश विधौलिया निवासीगण उदी मोड़ थानां बढ़पुरा, राहुल विधौलिया पुत्र ओमप्रकाश निवासी उदी मोड़ इटावा रोड, थानां बढ़पुरा इटावा व कुछ अन्य अज्ञात लोग अपने -अपने हाथ में लाठी, डंडा, लोहे की रॉड एवं कुल्हाड़ी इत्यादि लेकर जिम में घुस आए और हमारे दोनों बच्चों व काम कर रहे लोंगो को गाली गलौज व लाठी-डंडो व कुल्हाड़ी आदि से जमकर मारपीट की गयी। जिसमें उत्तम सिंह को गंभीर चोट आई तो विपिन सिंह का दो जगह से हाथ टूट गया तथा अंकित के सिर में चोटें आई हैं। थाना प्रभारी केके मिश्रा ने बताया कि उपरोक्त मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गयी है। नामदर्ज नौ आरोपियों में चार आरोपी क्रमशः मुकेश उर्फ गब्बर, ध्रुव सिंह, राहुल यादव, सुधीर सिंह को उदी मोड़ से खेड़ा अजबसिंह संपर्क मार्ग से गिरफ्तार किया गया है। दो स्कार्पियो कार रंग काली व सफेद को बरामद किया गया है।

## भाजपा सरकार में जो वोट चोरी हो रहे है...: प्रशांत



**इटावा।** एसआईआर के संबंध में भरथना विधान सभा क्षेत्र की लखना नगर पंचायत में विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी गढ़ की बैठक हुई इस बैठक के मुख्य अथिति एवं बीएलए 1 प्रशांत तिवारी रहे। अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने की एवं संचालन नगर अध्यक्ष संजीव त्रिपाठी ने किया। प्रशांत तिवारी ने बताया कि जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्र की बीएलऐ 2 की सूची तैयार हो गई हे जो जल्द निर्वाचन ऑफिस में जमा करवाई जाएगी एवं तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में जो वोट चोरी हो रहे है उस पर लगाम लगाने का समय आ गया है जो अब इनकी वोट चोरी से सरकार बनाने की नियत खत्म होगी आने वाले विधानसभा चुनाव में सरकार जाएगी। जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने कहा जिला कार्यकारणी च ब्लॉक एवं मंडल एवं बूथ कमेटी लगभग तैयार है जो हमारे नेता ने हमे जिम्मेदारी दी हे वो काम करके दिखाया हे अब जनपद के हर बूथ पर संगठन होगा। बैठक में सुभाष गुप्ता, सतीश नागर, मुकेश यादव, यशपाल यादव, अनुराग कर्ण, ब्रजपाल सिंह चौहान, रणवीर यादव, राजकुमार परिहार, संजीव त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला में पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**सैफई, इटावा, समृद्धि न्यूज़।**




जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान को प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए रविवार को एसएस मेमोरियल स्कूल सैफई में कार्यशाला आयोजित की गई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं जसवंतनगर के विधायक शिवपाल सिंह यादव की मौजूदगी में एसआईआर इटावा जिले के प्रभारी उदयभान सिंह यादव ने पुनरीक्षण प्रक्रिया से जुड़े बिंदुओं पर चरणबद्ध मार्गदर्शन दिया।

प्रभारी ने बूथ स्तर पर घर-घर सत्यापन, फॉर्म-6, 6ए, 7 और 8 की प्रविष्टियों, ब्लू पेज की संरचना और संबंधित कॉलमों में जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया को प्रोजेक्टर स्क्रीन के माध्यम से व्यवहारिक उदाहरणों के साथ समझाया। उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना ही एसआईआर अभियान का मुख्य उद्देश्य है, इसलिए प्रत्येक प्रविष्टि पूरी सावधानी और तथ्यात्मक आधार पर दर्ज की जाए। कार्यशाला में विकास खंड सैफई के दस सेक्टरों के अंतर्गत आने वाले 99 बूथों में नए मतदाताओं के पंजीकरण, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन तथा पते व अन्य प्रविष्टियों के संशोधन की प्रगति की समीक्षा की गई। वहीं, बसरेहर ब्लॉक के 60 बूथों से जुड़े पदाधिकारियों ने भी पुनरीक्षण से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके साथ ही बताया गया कि जसवंतनगर ब्लॉक के 164 बूथों पर कार्यशाला पूर्व में ही सम्पन्न हो चुकी है। रविवार को सैफई स्थित सत्र सुबह 9 बजे से 12.30 बजे तक आयोजित हुआ। इसके बाद दोपहर 1 बजे से चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज, हैवरा में ताखा ब्लॉक के 129 बूथों के पदाधिकारियों के साथ कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें अभियान की एकरूपता, प्रपत्रों के समयबद्ध संकलन और सतत निगरानी के निर्देश दिए गए। संचालन समाजवादी पार्टी जसवंतनगर विधानसभा के अध्यक्ष रामनरेश यादव ने किया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर की जिम्मेदारियां स्पष्ट हैं और प्रत्येक पदाधिकारी को प्रशिक्षण में बताई गई प्रक्रिया का कड़ाई से पालन करना होगा, ताकि मतदाता सूची शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित हो सके।

## जागरूक मुस्लिम मतदाता मंच द्वारा एसआईआर जागरूकता एवं साक्षरता कार्यशाला का सफल आयोजन

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर अभियान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने और मतदाता सूची को सही एवं अद्यतन रखने के उद्देश्य से जागरूक मुस्लिम मतदाता मंच, इटावा के तत्वावधान में तथा एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स एपीसीआर के सहयोग से इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, उर्दू मोहल्ला में एक महत्वपूर्ण जागरूकता एवं साक्षरता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी वर्ग, शिक्षकों, महिलाओं, युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथियों का स्वागत मोहम्मद फारिक और सरताज हुसैन सिद्दीकी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाफ़िज़ मोहम्मद अहमद चिश्ती ने तथा संचालन मौलाना तारिक शम्सी ने किया। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता एवं एपीसीआर के वरिष्ठ अधिवक्ता नौफ़ल मीराज एडवोकेट ने कहा कि एसआईआर अभियान लोकतांत्रिक ढाँचे को सशक्त बनाने का आधार है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाना, संशोधन कराना और त्रुटियों को दूर करना केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि यदि बी.एल.ओ. घर पर न पहुँच पाएँ तो नागरिकों को स्वयं संबंधित कार्यालय से संपर्क कर अपना विवरण सत्यापित कराना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि एसआईआर के दौरान फॉर्म-6 (नया नाम जोड़ने), फॉर्म-7 (गलत नाम हटाने, आपत्ति दर्ज) और फॉर्म-8 (नाम, त्रुटि सुधार) का भरना सरल है और नागरिकों को इसका लाभ अवश्य लेना चाहिए। एसआईआर अभियान को पूरा करने के लिए आवश्यक दस्तावेज नया नाम जोड़ने या संशोधन के लिए निम्न प्रमाण आवश्यक हैं।

1. आयु प्रमाण- हाईस्कूल/इंटर प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड (उम्र सत्यापन हेतु स्वीकार्य, परंतु प्राथमिक दस्तावेज नहीं)।
2. पता प्रमाण- राशन कार्ड, बिजली/पानी/गैस बिल, बैंक/डाकघर पासबुक, किराया समझौता (यदि लागू हो)।
3. पहचान प्रमाण- आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस।
4. यदि नाम सुधार या पुनर्बहाली करानी हो, पुराना मतदाता पहचान पत्र (यदि उपलब्ध हो) सही स्पेलिंग या सही विवरण का आधिकारिक प्रमाण

फ़तेहपुर से आए इंजीनियर अब्दुल्ला शहीमी ने वक्फ संपत्तियों के संरक्षण और वक्फ उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ये संपत्तियाँ क़ौम की अमानत हैं, जिनकी सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम संचालक मौलाना तारिक शम्सी ने कहा कि वोट केवल अधिकार नहीं, बल्कि अमानत है। इस अमानत को सही ढंग से दर्ज रखना और इसके प्रति जागरूक रहना मिल्लत और समाज की मजबूती का महत्वपूर्ण साधन है। कार्यक्रम के अध्यक्ष हाफ़िज़ मोहम्मद अहमद चिश्ती ने एसआईआर को जरूरी बताया। पूर्व चेयरमैन नगर पालिका फ़ुरकान अहमद ने अपील करते हुए कहा कि सभी लोग आयोग के कर्मचारियों से सहयोग करें और अपने घर-परिवार तथा पड़ोस को भी जागरूक करें। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे एसआईआर अभियान को घर-घर तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँगे।

# नेशनल हाईवे की लापरवाही से बर्बाद हो गया परिवार

- पूर्वी तिराहे पर नहीं थम रहे हादसे
- डेढ़ साल बाद भी शुरू नहीं हुआ प्रस्तावित मेजर जंक्शन का निर्माण

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर में पूर्वी तिराहे पर हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। नेशनल हाईवे की लापरवाही से बहवलपुर का एक परिवार बर्बाद हो गया है। इसके साथ ही यहां पल-पल पर लगने वाले जाम में फंसकर वाहन चालक बेहाल हो जाते हैं। इन समस्याओं से निजात पाने के लिए प्रस्तावित मेजर जंक्शन का निर्माण डेढ़ साल बाद अब तक नहीं शुरू हो पाया है।

एनएचएआई के प्रस्तावित मेजर जंक्शन वाली जगह पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। ऐसा ही एक हादसा 3 नवंबर की सुबह 5 बजे हुआ। बहवलपुर निवासी राजू पाल (36) पुत्र स्व. राम सिंह पाल अपने खेत से मेथी की सब्जी लेकर साइकिल से नवीन मंडी में बेचने जा रहा था तभी किसी वाहन ने टक्कर मार दी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे यहां से सौ सैया संयुक्त राजकीय चिकित्सालय, फिर सिटी हॉस्पिटल फर्रुखाबाद और वहां से न्यू सिटी हॉस्पिटल कानपुर भेजा गया जहां अब तक हालत नाजुक होने से कोमा में है। मात्र एक बीघा खेत में सब्जी उगाकर परिवार का भरण पोषण करने वाले राजू पाल के इलाज पर प्रतिदिन लगभग 20 हजार खर्च हो रहे हैं। दूसरी तरफ इस हादसे की रिपोर्ट काफी प्रयासों के बावजूद पुलिस ने दर्ज नहीं की। वार्ड 2 पटेलनगर के पूर्व सभासद पति जयप्रकाश ने बताया उसके परिवार में पत्नी अर्चना सहित बेटियां रागिनी (14), लक्ष्मी (12), काजल (10), काव्या (8), शिवानी (6), अनुष्का (3) और इसी 7 अक्टूबर को पैदा हुआ इकलौता पुत्र है। सभी का रो- रोकर बुरा हाल है। इससे पहले हुए दो एक्सीडेंट में उपासना पुत्री रमेश सिंह व बाबूराम शाक्य पुत्र करोड़ीलाल दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी।


अस्पताल में भर्ती राजू पाल


राजू पाल की पत्नी, 6 पुत्री और 1 पुत्र

### मेजर जंक्शन की जगह बनी वाहनों की पार्किंग स्थल

प्रस्तावित मेजर जंक्शन की जगह पर अब प्राइवेट बसें खड़ी होने लगी हैं। तालग्राम रोड पर चलने वाली एक प्राइवेट बस यहां पर पार्किंग के लिए आ रही थी तभी चालक उसे पर नियंत्रण खो बैठा और उसकी बस राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साइन बोर्ड से जा टकराई इससे बोर्ड तिरछा हो गया और वहां पर खड़े लोगों ने भाग कर जान बचाई।

### हाई कोर्ट के आदेश पर हट पाया था अतिक्रमण

पूर्वी बाईपास तिराहा पर मेजर जंक्शन बनाने के लिए पिछले वर्ष 31 मई 2024 को हाईकोर्ट के आदेश के बाद 19 जून 2024 को ज़िला प्रशासन ने यहां पर अधिग्रहीत की गई दुकानों को तोड़ कर अतिक्रमण हटवा दिया था और मेजर जंक्शन बनाने के लिए मुक्त कराई गई जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के हवाले कर दी थी। लेकिन मलबा हट जाने के बावजूद अभी तक इस स्थान पर मेजर जंक्शन बनाने का कार्य शुरू नहीं हुआ है। सौरिख व तालग्राम रोड से आने वाले बड़े डम्परों व कंटेनरों को हाइवे पर चढ़ने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इनके टायर फटने की घटनाएं आम बात हो गई है।

### एनएचएआई के पीडी कर रहे अनसुना

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहां मैंने इसी वर्ष 26 फरवरी को प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण को ज्ञापन देकर मेजर जंक्शन शीघ्र बनवाने की मांग की थी लेकिन उसे भी एनएचएआई के पीडी ने अनसुना कर दिया। उन्होंने एनएचएआई के परियोजना निदेशक, कानपुर से मेजर जंक्शन का निर्माण जल्द शुरू करने की मांग की है। उनका कहना है कि निर्माण में देरी से न केवल हादसे बढ़ रहे हैं, बल्कि व्यापार और आवागमन भी प्रभावित हो रहा है।

## मारपीट व अवैध कब्जा प्रकरण में एक गिरफ्तार



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने मारपीट और अवैध कब्जे के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। बीते 8 नवम्बर सौरिख थाना क्षेत्र के खड़िनी गांव निवासी वादी खुशीराम पुत्र होरीलाल ने थाना सौरिख में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि अभियुक्तगण ने एक राय होकर उसकी दुकान का शटर बंद कर ताला लगाकर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। साथ ही वादी के घर में घुसकर वादी व उसकी पत्नी के साथ मारपीट, तोड़फोड़ तथा जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में थाना सौरिख पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जयंती प्रसाद गंगवार, उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार राजपूत सहित पुलिस टीम ने अभियुक्त रोहित कुमार (35) पुत्र लाखन सिंह, निवासी ग्राम रुदौली, मतौली, कोतवाली कन्नौज आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे अण्डरपास गोदावरी पुल के पास से गिरफ्तार। कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया।

## सपा व्यापार सभा की बैठक में स्थानीय मुद्दों पर चर्चा



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन व प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार, समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक में स्थानीय मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर के कार्यालय पर आयोजित हुई बैठक में जिले के प्रमुख व्यापारिक व नागरिक मुद्दों पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। विशेष रूप से स्मार्ट मीटर की बढ़ती समस्या, आवास विकास क्षेत्र में सीवर व्यवस्था की खामियां तथा अन्य स्थानीय चुनौतियों पर गंभीर चर्चा हुई। सदस्यों ने इन मुद्दों के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया। इसके अलावा, आगामी मतदाता सूची संशोधन में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्णय लिया गया। कार्यकर्ता नाम जुड़वाने और अनुचित कटौती की शिकायतों का निपटारा सुनिश्चित करेंगे।जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर ने कहा समाजवादी व्यापार सभा हमेशा व्यापारियों व आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु प्रतिबद्ध रहेगी।

बैठक में कोषाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, अवनीश गुप्ता, रामू वर्मा, गोविंद यादव, प्रवेश, उमेश, शिवम कुमार, दिनेश राठौर, शशिकांत राठौर, विपिन शर्मा सहित प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लखनऊ के राष्ट्रीय अधिवेशन में उठेगी स्वर्णकार आयोग के गठन की मांग

- अधिवेशन की सफलता के लिए बनाई रणनीति

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

आल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन का राष्ट्रीय अधिवेश लखनऊ में 21 दिसंबर को होगा। जिसमें मुख्यमंत्री व रक्षामंत्री के समक्ष स्वर्णकार आयोग के गठन की मांग उठाई जाएगी। अधिवेशन की सफलता के लिए सराफा व्यापारियों ने बैठक कर रणनीति बनाई। अधिवेशन में शामिल होने के लिए आस-पास के क्षेत्रों से सैकड़ों व्यापारी रवाना होंगे।

आल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन की बैठक राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामानंद वर्मा के प्रतिष्ठान पर हुई। उन्होंने बताया कि 21 दिसंबर को लखनऊ में संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन होना है। इस अधिवेशन में नगर के अलावा गुरसहायगंज, तिर्वा, सौरिख, तालग्राम व इंदरगढ़ से बड़ी संख्या में व्यापारी पहुंचकर अपनी आवाज को बुलंद करेंगे। उन्हाने बताया कि अधिवेशन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहेंगे। उनको स्वर्णकार समाज की समस्याओं की जानकारी दी जाएगी। प्रदेश मंत्री विनीत वर्मा सिंपल ने कहा कि आईपीसी की धारा 411 सराफा व्यापारियों के लिए अभिशाप बन चुकी है, जिससे सराफा कारोबारियों को अपमानित कर उनका शोषण किया जाता है। व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए स्वर्णकार आयोग का गठन किया जाए। बैठक में जिलाध्यक्ष सौरभ वर्मा रिंकू, आशीष वर्मा, जवाहर लाल वर्मा, अरविंद वर्मा बंटी, अवधेश वर्मा, नवनीत वर्मा, संजीव वर्मा, कुलदीप वर्मा पप्पी, अरविंद वर्मा, सुनील वर्मा व सुभाष वर्मा, समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।



# अस्पताल में गंदगी देख सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता ने लगाई फटकार

- मानीमऊ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएमओ ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने मनीमाऊ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया जा रहा था, जिसमें कुल 65 मरीजों का पंजीकरण कर उपचार किया गया।
निरीक्षण के दौरान मेडिकल ऑफिसर, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन एवं वार्ड बॉय ड्यूटी पर मौजूद मिले। हालांकि, कुछ कर्मचारी निर्धारित वर्दी (ड्रेस कोड) में नहीं थे। इस पर सीएमओ डॉ. गुप्ता ने संबंधित कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए भविष्य में नियमों के पालन के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्र परिसर की स्वच्छता व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए सीएमओ ने बताया कि सीढ़ियों पर गंदगी पाई गई, जिसके लिए सपोर्टिंग स्टाफ को फटकार लगाई गई। उन्होंने निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार किया जाए और केंद्र को हमेशा स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखा जाए। सीएमओ ने कहा कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का उद्देश्य जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराना है। इसके लिए सभी स्वास्थ्यकर्मियों को अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहना चाहिए और मरीजों के प्रति सहयोगपूर्ण व्यवहार अपनाना चाहिए।



# चिकित्सकों ने पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों की जांची सेहत

- पुलिस लाइन में निःशुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में पुलिस लाइन में शनिवार को पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य संरक्षण और कल्याण के उद्देश्य से निःशुल्क मासिक होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने पुलिसकर्मियों व उनके परिवारजनों की स्वास्थ्य जांच की और आवश्यक परामर्श व दवाएं प्रदान कीं। स्वास्थ्य जांच में रक्तचाप, शुगर, त्वचा संबंधी रोग, श्वांस समस्याएं एवं जोड़ों के दर्द आदि की जांच की गई।


पुलिस कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

चिकित्सकों ने पुलिस कर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार लेने, नियमित व्यायाम करने और तनाव प्रबंधन अपनाने की सलाह दी। एसपी ने शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस कर्मियों को लगातार ड्यूटी और व्यस्तता के चलते अक्सर अपने स्वास्थ्य की अनदेखी करनी पड़ती है। ऐसे स्वास्थ्य शिविर समय- समय पर आयोजित किए जाने से उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सुविधा आसानी से प्राप्त होगी।

इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया।

## खबरें एक नजर में

### जागरूकता शिविर में दी विधिक अधिकारों की जानकारी



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में ल विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन कर विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश नरेन्द्र कुमार झा के निर्देशन और प्रभारी सचिव सिविल जज सी.डि. श्रीमती ज्योत्स्ना यादव के मार्गदर्शन में नगला लक्षीराम में आयोजित मुख्य शिविर में पैनल अधिवक्ता मयंक कुमार ने कहा विधिक अधिकारों की जानकारी प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक है, जो उन्हें न केवल सुरक्षित बनाती है बल्कि सशक्त भी करती है। उन्होंने नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला। इसके अलावा प्राविधिक स्वयंसेवक साजिब, सीमा व रिया ने विधिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति महिलाओं को जागरूक किया। प्राविधिक स्वयंसेवक नितिन व शोभा वृद्धाश्रम एवं विघालयो में भी विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए।

### अवैध लाउडस्पीकरों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, की कार्रवाई

- 85 मिले मानक के विरुद्ध, 31 उतरवाए गए



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** अपर पुलिस महानिदेशक, कानून– व्यवस्था उत्तर प्रदेश के निर्देश पर 08 से 10 नबम्वर तीन दिवसीय चलाए गए विशेष अभियान के तहत जनपद में अवैध लाउडस्पीकरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। एसपी विनोद कुमार के निर्देशन में थाना स्तर पर गठित टीमों ने जनपदभर में 171 धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकरों की जांच की। जांच के दौरान 85 लाउडस्पीकर मानकों के विरुद्ध पाए गए। इनमें से 54 लाउडस्पीकरों की आवाज निर्धारित मानक के अनुरूप कराई गई, जबकि 31 लाउडस्पीकर उतरवाकर स्कूलों व कॉलेजों आदि को वितरित किए गए। पुलिस अधिकारियों ने संबंधित धार्मिक स्थलों व आयोजकों को निर्देश दिए कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग केवल निर्धारित नियमों एवं अनुमति के अनुसार ही किया जाए। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने लोगों को ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए जागरूक भी किया। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी धार्मिक, सामाजिक या व्यक्तिगत कार्यक्रम में लाउडस्पीकर का प्रयोग निर्धारित समय सीमा और ध्वनि स्तर के भीतर ही किया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बाइकों की भिड़ंत में चार घायल, एक गंभीर

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ताजपुर रोड पर खाटू श्याम पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की आमने–सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए पहले सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया, यहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायलों में एक व्यक्ति की हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। घायलों की पहचान गयाप्रसाद उम्र 65 वर्ष पुत्र गुरुदयाल निवासी फगुआ भट्ठा तिर्वा कन्नौज, उनके पुत्र विपिन और राजा तथा अरविंद पुत्र जगदीश यादव, निवासी कुंवरपुर जनू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अरविंद कल शाम बाइक से अपनी बुआ के यहां दावत खाने ग्राम बरा मोहम्मदाबाद (फर्रुखाबाद) गए थे। सुबह वापसी के दौरान यह हादसा हुआ। दूसरी ओर विपिन अपने पिता गयाप्रसाद और भाई राजा के साथ मोहम्मदाबाद में किसी वैद्य के पास पिता के इलाज के लिए जा रहे थे। दोनों बाइकें खाटू श्याम कोल्ड स्टोरेज के ठीक सामने टकरा गईं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया और यहां से सभी को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। विपिन की हालत सबसे गंभीर बताई जा रही है।

### दो वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे



**कोंच (कैलिया), समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देश पर बांछित/वारंटी पकड़ों अभियान पूरे जनपद में चलाया जा रहा है इसी अभियान के तहत थाना कैलिया पुलिस ने सुरेश पुत्र मेवालाल व शीलू पुत्र सुरेश निवासी ग्राम व थाना कैलिया को मुखबिर की सूचना पर घर के बाहर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की।

# शैक्षणिक, सांस्कृतिक व शारीरिक कार्यक्रम से होता है सर्वांगीण विकास : डॉ. घनश्याम

- एस आर ग्रुप की प्रत्येक शाखा सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध : अशोक राठौर
- एस आर पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव हुआ आयोजन

*उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।*



कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते प्रबंधक

एस आर पब्लिक स्कूल कालपी रोड उरई में बच्चों ने सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं शारीरिक कार्यक्रमों से अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथियों डा.घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूल चन्द्र निरंजन ने कहा कि विद्यालय की विभिन्न एक्टिविटीज से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और इसके लिए जनपद में एस आर ग्रुप ने हमेशा सराहनीय कार्य किया है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। एस आर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अशोक कुमार राठौर, चेयरमैन उर्मिला द्विवेदी, प्रधानाचार्य रश्मि शुक्ला सहित विद्यालय परिवार ने आगंतुक अतिथियों का सम्मान किया।

प्रबन्धक अशोक राठौर ने कहा कि एस आर ग्रुप की प्रत्येक शाखा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहतीं है इसीलिए विद्यालय के बच्चे आज हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रहे हैं।

कार्यक्रम में बच्चों ने पुरानी एवं नई पीढ़ी में अन्तर, पारिवारिक गतिविधियों पर आधारित कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, आपरेशन सिंदूर एवं शारीरिक दक्षता पर आधारित पिरामिड आदि मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिन्हें अभिभावकों सहित उपस्थित जनसमूह एवं अतिथियों ने उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय मंत्री संजीव उपाध्याय, नगर पालिका उरई के अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौधरी, नगर पालिका कोंच के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव, विद्यार्थी परिषद के जनपद प्रमुख सौरभ शर्मा, डॉ उमाशंकर सोनी, लक्ष्मण दास बावानी, आशीष चतुर्वेदी, डा राम अवतार राठौर, दीपक पाण्डेय, अरुण त्रिपाठी, सन्तोष गुप्ता, उदित कुशवाहा, शैलेन्द्र गुप्ता, राजीव निरंजन, बब्लू माहेश्वरी, अकील सर, पूजा सेंगर सहित हजारों की संख्या में अतिथि गण, अभिभावक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार चेयरपर्सन रमाकान्त द्विवेदी ने किया जबकि संचालन विद्यालय के सीनियर लेक्चरार विकास पटैरिया ने किया।

### विमल क्लीनिक का शुभारम्भ

**कोंच–जालौन), समृद्धि न्यूज।** रविवार को मार्कण्डेश्वर तिराहा के समीप विमल क्लीनिक का भव्य शुभारंभ एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर मोतियाबिंद ऑपरेशन जांच एवं फ्री दवा का वितरण किया गया। शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र निरंजन एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने फीता काटकर उद्घाटन किया जिसमें विमल क्लीनिक के सौजन्य से जरूरत मन्दों को 1सौ 50 कम्बल वितरित किये गए इसके उपरांत लखनऊ कानपुर एवं ग्वालियर से आये डॉक्टरों की टीम ने मरीजों के निशुल्क ब्लड शुगर ब्लड प्रेशर पल्स बुखार सहित नेत्र जांच की वही जनरल फिजिशियन नेत्र रोग विशेषज्ञ बाल रोग विशेषज्ञ पेट एवं लीवर रोग विशेषज्ञ श्वास रोग विशेषज्ञ एवं चर्म रोग विशेषज्ञों ने लगभग 730 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया और उन्हें नि:शुल्क दवा भी वितरण की वहीं नेत्र जांच के दौरान लगभग 150 मरीजों मै मोतियाबिंद पाया गया जिसमें 60 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए ग्वालियर एवं कानपुर भेजे गए और 230 मरीजों को चश्मा नि:शुल्क दिए गए वहीं कार्यक्रम में विमल नेत्र क्लीनिक के संचालक डॉ कुलदीप सिंह ने आये हुए अतिथियों को साल उड़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया इस दौरान भा ज पा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह उर्फ शीलू पड़री ग्राम प्रधान विरगुवां रवि महाराज सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# बेरोजगारी खत्म करने के लिए युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है : कटियार

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने आत्मनिर्भर भारत को लेकर जिले की कार्यशाला स्टेशन रोड पर संपन्न की जिसकी मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश सरकार वर्तमान विधायिका नीलिमा कटियार रही कार्यक्रम के अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की मुख्य अतिथि ने बताया कि देश से बेरोजगारी खत्म करने के लिए युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है सरकार ने इसके लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की हैं मोदी सरकार के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ता यह नया भारत अब विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने को तैयार है केंद्र सरकार ने गरीब युवा अन्नदाता और नई इन चारों स्तंभों को राष्ट्रीय विकास की धुरी बनाया है इस काल खंड में सरकार ने सेवा संस्कार सुशासन को प्राथमिकता बनाकर एक विकसित आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की नींव रखी है। मुख्य रूप से उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी विधायक मूलचंद्र निरंजन पूर्व जिलाध्यक्ष नागेंद्र गुप्ता, जगदीश तिवारी जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान मनोज राजपूत,पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय चौधरी अमित निरंजन विवेक ऊषा गुप्ता कुशवाहा मयंक तिवारी मनोज यादव एवं सैकड़ों की संख्या में व्यापारी वकील डॉक्टर प्रोफेसर अध्यापक एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यशाला में विधायिका नीलिमा कटियार व अन्य

# डीएम ने अनेक बूथों का किया निरीक्षण


बूथों का निरीक्षण करते डीएम साथ में एसडीएम व तहसीलदार

- बीएलओ की विशेष प्रगाण पुनरीक्षण कार्यक्रम की परखी हकीकत

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के मुताबिक कालपी तहसील के 322 बूथों में एस आई आर कार्यक्रम गतिशीलता से शुरू हो गया है। रविवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कालपी क्षेत्र के दर्जनों बूथों का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने विशेष प्रगाण पुनरीक्षण 2025 को लेकर कर्तव्यों को बताकर ड्यूटी में मौजूद बीएलओ को जिम्मेदारियो से काम करने के निर्देश दिये।

एसडीएम मनोज कुमार सिंह, तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, बीआरसी प्रभारी शशांक कुमार विश्वकर्मा के साथ जिलाधिकारी ने कालपी नगर के अंदर स्थानीय,मनीगंज आदि बूथों का निरीक्षण किया।इस दौरान क्षेत्रीय जनता से संवाद करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा उत्तर प्रदेश में विशेष प्रगाण पुनरीक्षण का कार्यक्रम को जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वी एल ओ द्वारा घर-घर जाकर गढ़ना प्रपत्र 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक उपलब्ध कराकर संग्रह करेंगे। निर्वाचित नामावली का आलेख प्रकाशन 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक की अवधि निर्धारित की गई है। निर्वाचित नामावली का आलेख प्रशासन 9 दिसंबर को किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियां 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक किए जाएंगे। निर्वाचित नामावली का अंतिम प्रकाशन 7 जनवरी 2026 को किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त वी एल ओ मतदाता स्थल के मतदाताओं से संपर्क करते हुए प्रत्येक मतदाता को दो प्रतियां उपलब्ध करायी जाएगी। सभी वी एल ओ घर-घर जाकर प्रपत्र वितरण एवं संग्रह का कार्य सक्रियता से करेंगे। अगर कोई घर बंद हो तो बाहर स्लिप चस्पा करेगा प्रपत्र में 9 बिंदु भरे जाएंगे। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि सभी वी एल ओ सक्रियता पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वाह करें इसमें किसी प्रकार की उदासीनता नहीं होनी चाहिए। बूथों में मौजूद बीएलओ हरिशरण कुशवाहा, उमेश नारायण,पूनम विश्वकर्मा, आरती देवी आदि के कामों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये।

# विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यक्रम में कोतवाल ने दी कानूनी जानकारी

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

रविवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी एवं वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह की मौजूदगी में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में विधिक सेवा प्राधिकरण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को कानून की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। नगर पालिका कालपी के सभागार में आयोजित विधिक साक्षरता दिवस में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने कहा की साशान की योजनाओं एवं कानून के प्रति सभी नागरिकों को जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए साक्षरता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया की तमाम मुकदमों में पैरवी न होने से वास्तविक अपराधी बच जाते हैं इसलिए कानूनी पैरवी मजबूती से की जानी चाहिए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि देश में नागरिकों के हेतु एवं संरक्षण के लिए तमाम कानून संचालित हैं। नागरिकों को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जानकारी होनी चाहिए।


विधिक सेवा दिवस में कोतवाल, एस एस आई, पालिका अध्यक्ष व सभासद

वरिष्ठ उपनिरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने बताया कि सरकार के द्वारा स्कूलों कॉलेजों में भी कानूनी साक्षरता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया की कानून की जानकारी के लिए जो भी कार्यक्रम चलाए जाएंगे उनमें पालिका के सभी सभासद एवं कर्मचारी पुरी शिदत से सहयोगात्मक कदम उठाएंगे इस मौके पर दिनेश वर्मा, कपिल, रियाजुल अंसारी, सुनील पटवा, रविंद्र कोरी, पप्पू अदल सराय, बरकत, खान बाबू, जिलाल खान, धर्मेंद्र सिंह पाल, विनोद अहिरवार, अतुल सिंह चौहान, पवन कुमार जाटव,आदि शामिल रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में बीटेक छात्र व डिलीवरी बॉय की मौत, एक घायल

**पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल, घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद**



मृतकों की फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतक संभव मिश्रा के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीती देर रात बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गयी, जबकि एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। इस भीषण दुर्घटना में दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

सूचना मिलते ही पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। दुर्घटना का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया है।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नुनहाई निवासी 24 वर्षीय संभव मिश्रा पुत्र राजन मिश्रा अपने साथी 35 वर्षीय निश्चल अग्निहोत्री पुत्र प्रदीप निवासी कादरीगेट के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान थाना कादरीगेट क्षेत्र के अनोखेलाल मिष्ठान भंडार के सामने बढ़पुर में सामने से आ रहे पिज्जा डिलीवरी बॉय 28 वर्षीय प्रवीन यादव पुत्र करी सिंह यादव निवासी तिर्वा कोठी फतेहगढ़ की बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सभी को तत्काल लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां रात करीब 12:02 बजे प्रवीन यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं 2:20 बजे सूचना विभाग कर्मी के पुत्र संभव मिश्रा को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक संभव उर्फ मानू मिश्रा बीटेक का छात्र था। वह दो भाईयों में दूसरे नम्बर का था। उसके पिता राजन मिश्रा सूचना विभाग में कर्मचारी हैं। मृतक संभव की माँ ममता मिश्रा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं मृतक प्रवीन यादव चार भाईयों में तीसरे नम्बर का था। उसकी माँ रेशमा देवी पत्नी सविता का भी रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस मामले की जाँच कर रही है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। जिसमें डिलीवरी बॉय की गलती सामने आ रही है। वह तेजी से बाइक से जा रहा था। इसी दौरान वह संभव मिश्रा की बाइक से जा टकराया।

# तेज धमाके के साथ टायर फैक्ट्री में लगी आग, चार झुलसे



टायर फैक्ट्री में धमाके के बाद का दृश्य



लोहिया में भर्ती झुलसे मजदूर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तेज धमाके के साथ टायर फैक्ट्री में आग लग गयी। इस घटना में चार कर्मचारी झुलस गये। जिनमें से दो की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। फिलहाल धमाका किन कारणों की वजह से हुआ, इसकी जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव धीरपुर स्थित एक टायर की फैक्ट्री में रविवार दोपहर तेज धमाका हुआ। इसमें कन्नौज जिले के थाना सौरिख के गांव रोसेन निवासी लालू 24 वर्ष, महावीर 22 वर्ष, अखिलेश 30 समेत चार कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गए। इनमें से तीन को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर होने पर तीनों को रेफर कर दिया गया। वहीं मौके पर मौजूद मजदूरों ने बताया कि धमाका ढक्कन खोलते समय हुआ। जिससे आग और भड़क गयी।

फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच पड़ताल की जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की।

# भ्रष्ट पेशकार के खिलाफ चल रही जांच ठंडे बस्ते में, भाजपा नेताओं में रोष

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



आरोपी पेशकार

सितम्बर माह में उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह के पेशकार संजय चौरसिया का रिश्वत मांगते हुए एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस ऑडियो में शस्त्र लाइसेंस की फाइल पास कराने के नाम पर एक हजार रुपए की मांग का जिक्र किया गया था।

ऑडियो वायरल होते ही प्रशासन हरकत में आया था। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पेशकार के खिलाफ जांच के आदेश दिए थे, लेकिन डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी अब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी है।

इस मामले को लेकर भाजपा नेताओं ने कड़ी नाराजगी जताई है। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ0 विकास शर्मा एवं भाजपा जिला मंत्री अवनीश चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी से मांग की कि पेशकार के खिलाफ जांच शीघ्र पूरी कर सख्त कार्रवाई की जाए।

भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार के मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिलाधिकारी इस मामले में जल्द ही कोई ठोस कदम उठाकर कार्यवाही प्रस्तुत करेंगे।

# प्रशिक्षु अधिकारियों ने पिलखना गांव में चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्यायें

**नायब तहसीलदार, खंड शिक्षाधिकारी व एडीओ पंचायत आदि से ली जानकारियां**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



चौपाल में समस्यायें सुनते प्रशिक्षु अधिकारी

रविवार को ब्लॉक के पिलखना गांव में छह प्रशिक्षु अधिकारी पहुंचे। इन अधिकारियों ने गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया और गांव से संबंधित विभिन्न जानकारियां जुटाई।

प्रशिक्षु अधिकारियों में अक्षय दिलीप, राहुल कुमार चौधरी, आदित्य कुमार, कृष्ण कान्त लूना, दिव्यांशी अग्रवाल और नन्दना जीपी शामिल हैं। इस अवसर पर कायमगंज नायब तहसीलदार अनवर हुसैनए स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डॉ0 लोकेश शर्मा, बीडीओ अमरेश चौहान, एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा और पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह ने बताया कि यह ग्राम पंचायत सबसे बड़ी है। उन्होंने बताया कि नवाबगंज ब्लॉक में 18 सचिव के बजाय केवल 12 ग्राम सचिव कार्यरत हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि यदि एक साल के भीतर जन्म प्रमाण पत्र और मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनवाया जाता है, तो उसे तहसील से बनवाना होगा। इसके अतिरिक्त सभी परिवारों को शौचालय निर्माण के लिए 12,000 रुपये की सहायता राशि मिलती है। नायब तहसीलदार अनवर हुसैन ने जानकारी दी कि बड़ी ग्राम पंचायत होने के कारण यहां दो लेखपाल अरुण कुमार और राहुल कुमार कार्यरत हैं। इस ग्राम पंचायत के अंतर्गत 14 गांव आते हैं। उन्होंने बताया कि दैवीय आपदा की स्थिति में 24 घंटे के भीतर सहायता प्रदान की जाती है।

खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने पिलखना ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में 116 बच्चे नामांकित हैं और उन्हें निःशुल्क किताबें मिल चुकी हैं। बच्चों के खातों में 1200 रुपये की राशि पहुंचाई जा रही है। जिसमें से 90 बच्चों की पहुंच चुकी हैं। शेष बच्चों को अपने खाते जांचने होंगे। यह प्रक्रिया यूएसडी डेटा के माध्यम से होती है। प्रशिक्षु अधिकारियों ने मनरेगा जॉब कार्ड, कोटेदार और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संबंधित जानकारी भी ग्रामीणों से ली। खंड विकास अधिकारी अमरेश चौहान ने बताया कि ये प्रशिक्षु अधिकारी अगले तीन दिनों तक गांव में चौपाल लगाकर जनसमस्याओं की जानकारी प्राप्त करते रहेंगे।

इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, पीडी कपिल कुमार, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ आईएसबी सुखदेश सिंह, सचिव सुनील कुमार, मोतीलाल यादव, बृजेश कुमार, प्रवीण कुमार, वेद प्रकाश, कामता प्रसाद पटेल, अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, थाना प्रभारी मेरापुर अजब सिंह, सीडीपीओ सुनीता उपाध्याय, सीएमएस डॉक्टर लोकेश शर्मा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा चालक ने फांसी लगाकर दी जान



घटना के संबंध में पड़ोसी से पूछताछ करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ई-रिक्शाचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी।

जानकारी के अनुसार जनपद शाहजहांपुर के परसिमियां चोहनापुर शेरामऊ दक्षिण निवासी 45 वर्षीय कमल मिश्रा पुत्र मुनेश मिश्रा अपनी पत्नी गायत्री मिश्रा के साथ कादरीगेट थाना क्षेत्र में संजीव अवस्थी के मकान की ऊपरी मंजिल पर किराए पर रह रहे थे। कमल ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। बताया गया कि दो दिन पूर्व उसकी पत्नी मायके चली गई थी। रविवार को कमल के फांसी लगा लेने की जानकारी पुलिस को मिली।

सूचना पर थानाध्यक्ष कपिल कुमार व दारोगा के0के0 कश्यप ने दरवाजा खुलवाया, तो अंदर कमल का शव छत के कुंडे में गमछे के सहारे फांसी पर झूलता मिला। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर आवश्यक जांच पड़ताल की और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को आत्महत्या मान रही है, जबकि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### एएसपी डॉ. संजय कुमार सिंह का तबादला, अशोक जायसवाल होंगे नये एएसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय कुमार सिंह का स्थानान्तरण हो गया है। वह जनपद सीतापुर भेजे गये हैं, जबकि फर्रुखाबाद के नये एएसपी अशोक जायसवाल होंगे। जानकारी के अनुसार डॉ0 संजय कुमार सिंह का तबादला सीतापुर कर दिया गया है। रविवार को शासन द्वारा जारी स्थानांतरण सूची में उन्हें 27वीं वाहिनी पीएसीए सीतापुर में उपसेना नायक के पद पर भेजा गया है। फर्रुखाबाद के नए अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जायसवाल होंगे। बताते चलें कि अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय कुमार सिंह ने जिले में लगभग तीन वर्ष तक अपनी सेवाएं दीं।

### गर्म दूध से दो बहनें झुलसीं

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज की ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर खास निवासी सौम्या उम्र 1 वर्षीय पुत्री सूरज अपने घर पर खेल रही थी। चूल्हे पर दूध खौल रहा था। उसी दौरान उसकी बड़ी बहन शिवानी उम्र 7 वर्ष गर्म दूध पीने के लिए गिलास में लेकर आई और उसने दूध नीचे रख दिया। खेलते-खेलते उसकी छोटी बहन सौम्या खौलते दूध के ऊपर जा गिरी। जिससे सौम्या झुलस गई। पास में बैठी शिवानी भी झुलसकर घायल हो गई। आनन-फानन में परिजन दोनों बहनों को गम्भीर अवस्था में प्राइवेट वाहन द्वारा कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

### आज जनपद दौरे पर वन पर्यावरण मंत्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वन पर्यावरण एवं जन्तु उद्यान व जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री डा0 अरुण कुमार 10 नवम्बर 10:30 बजे जनपद में आकर स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में जिला ताइक्वांडो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में बतौर मुख्यअतिथि प्रतिभाग करेंगे। उसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर पुठरी में वृक्षारोपण करेंगे। साथ ही धर्मेन्द्र श्रीवास्तव के निवास पर भेंट करेंगे।

# पांच निजी नलकूपों पर लगे ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



वह ट्रांसफार्मर जिसको चोरों ने बनाया निशाना

नवाबगंज क्षेत्र में ट्रांसफार्मर से तेल चोरी व उपकरण चोरी की घटनायें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीते एक माह में करीब दर्जनों ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी व उपकरण चोरी की घटनायें हो चुकी हैं। इसके बावजूद भी पुलिस इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। जिससे घटनायें और बढ़ रही हैं।

जानकारी के अनुसार बीती रात चोरों ने पांच निजी नलकूपों को निशाना बनाते हुए कटर से काटकर उसका तेल चोरी कर लिया। घटनाक्रम के अनुसार राजाराम यादव निवासी आसलमपुर व पुठरी निवासी छविनाथ यादव ने बताया कि चोरों ने बीती रात उनके निजी नलकूपों पर लगे ट्रांसफार्मरों को कटर से काट दिया और कीमती तेल चोरी कर लिया। जब वह सुबह अपने-अपने खेतों पर पहुंचे, तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। वहीं सुखराम पुत्र द्वारिका निवासी बांसमई, हरिनाथ सिंह पुत्र गेंदन लाल निवासी पुठरी, राम सिंह निवासी करनपुर के निजी नलकूपों पर लगे ट्रांसफार्मरों से भी शातिर चोरों ने तेल चोरी कर लिया। आये दिन हो रहीं तेल चोरी व उपकरण चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों की नींद काफूर हो गयी है। ग्रामीणों का कहना है कि एक माह में करीब एक दर्जन से अधिक ट्रांसफार्मरों से तेल चोरी व उपकरण चोरी की घटनायें हो चुकी हैं। इसके बावजूद भी पुलिस इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं।

### नगर मजिस्ट्रेट के आदेश के बाद भी पुलिस ने निर्माण कार्य पर नहीं लगाई रोक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर मजिस्ट्रेट के निर्माण कार्य रोके जाने के आदेश के बाद भी दबंग बिना नक्शा पास कराये अवैध निर्माण करने में लगे हैं। जिससे कभी भी शांतिभंग होने की संभावना प्रबल हो गयी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली फर्रुखाबाद के अंतर्गत मोहल्ला 2/54 जगत नरायन स्ट्रीट केशव साध गली सधवाड़ा में पूनम त्रिवेदी पुत्री स्व0 राम भरोसे की जगह पड़ी हुई है। उपरोक्त जगह पर दबंग सोनू पुत्र लल्ला, राहुल साध, रवि साध पुत्रगण विक्रम साध निवासी सधवाड़ा फर्रुखाबाद की नियत खराब है। उपरोक्त लोग जबरन दबंगई के बल पर प्रार्थिनी की उपरोक्त जगह पर जबरन कब्जा कर बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण कार्य कर रहे हैं। प्रार्थिनी ने इसकी शिकायत बीते दिन नगर मजिस्ट्रेट से की थी। जिस पर नगर मजिस्ट्रेट ने एसएचओ फर्रुखाबाद को मौके पर शांति व्यवस्था के बनाये रखने के उद्देश्य से निर्माण कार्य पर रोक लगाने के आदेश दिये थे, लेकिन इसके बाद भी एसएचओ फर्रुखाबाद ने मौके पर जाकर निर्माण कार्य रोकना उचित नहीं समझा। जिससे दबंगों के हौसले बुलंद हैं और वह धड़ल्ले से निर्माण कार्य कर रहे हैं। जिससे मौके पर कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

# दुकान में चोरी का प्रयास करते युवक को पकड़ा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



दुकान का काटा गया प्लास्टर

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास में रविवार सुबह ग्रामीणों ने एक युवक को दुकान में चोरी का प्रयास करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। घटना की सूचना ग्रामीणं ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीण को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव रायपुर खास निवासी समीर पुत्र पूसे ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि रविवार को सुबह करीब 6 बजे आकाश पुत्र अनिल मेरी दुकान के बाहर छेनी हथौड़ी से दुकान के पास का प्लास्टर काट रहा था। उसे ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इससे पूर्व में भी मेरी दुकान मे नकब लगाकर चोरी हो चुकी। पूर्व मन्डी चौकी इन्चार्ज अवधेश ने उसे चोरी नहीं माना था।

आज फिर उसने चोरी करने का प्रयास किया और रंगे हाथों पकड़ लिया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए आरोपी आकाश को हिरासत में ले लिया। पुलिस फिलहाल आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच में जुटी है। क्राइम इंस्पेक्टर मोहम्मद कामिल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### स्टेज कर्मचारी को दबंगों ने पीटा



सीएचसी में भर्ती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बारात में खाना खा रहे स्टेज कर्मचारी को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव जिजपुरा निवासी दिलीप कुमार उम्र 25 वर्षीय पुत्र श्रीकृष्ण कठेरिया ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि गाँव के लालाराम की बेटी की बारात लड्डन खाँ के गेस्ट हाउन रायपुर में आई थी। उसी कार्यक्रम में दिलीप ने फूल मालाओ से स्टेज सजाने का काम किया। उसके बाद दिलीप कुर्सी पर बैठकर खाना खाने लगा। उसी दौरान उसके गाँव के सूर्यकान्त, अमरकान्त, विजय रतन, महेश आदि लोग आये और आते ही दिलीप की कुर्सी पर लात मारकर गिरा दिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने दिलीप को लात-घूसे व लाठी-डन्डो से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मेडीकल परीक्षण करवाया।

# श्री कोतवालेश्वर हनुमान जी मन्दिर में हुआ भव्य सुंदरकांड पाठ



पूजा अर्चना करते क्षेत्राधिकारी व मौजूद पुलिसकर्मी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

श्री कोतवालेश्वर हनुमान जी मन्दिर कोतवाली कायमगंज पर क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद कामिल खान के द्वारा बहुत ही भव्य रूप से सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन फर्रुखाबाद से आये कलाकारों द्वारा संगीतमय तरीके से किया गया। संगीतमय सुंदरकांड पाठ पर भक्तजन झूमते नजर आये। इस अवसर पर कोतवाली के दीवान कामेन्द्र, अशोक, नितिन मिश्रा, आशीष मिश्रा व कोतवाली के सभी उपनिरीक्षक कोतवाली मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी, कोषाध्यक्ष अशोक गंगवार, कमेटी प्रबंधक व मन्दिर महंत संगम शाक्य, अमरदीप दीक्षित, अशोक वर्मा, सतीश शाक्य, सूर्या शाक्य, मधु अरोरा, यतेन्द्र मिश्रा, चन्द्रेश, अशोक गंगवार, मनोज कौशल, अरूण गुप्ता व अन्य सैकड़ों भक्तजन उपस्थित रहे। सभी ने हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया व प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागीदार बनें।

### मकान देने के नाम पर नायब सूबेदार से दस लाख की ठगी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मकान देने के नाम पर सेना के नायब सूबेदार सुरेंद्र सिंह के साथ 10 लाख रूपयों की ठगी की गई। दर्ज कराई रिपोर्ट में नायब सूबेदार सुरेन्द्र सिंह ने कहा है कि मेरी 28 राजपूत में पोस्टिंग हैए मेरा मकान विकास नगर पांचाल घाट में हैं। मेरे मकान के पास स्व0 गजेन्द्र सिंह राठौर का मकान है जिनके दो बेटे है संघर्ष सिंह राठौर की रेलवे में झांसी डिवीजन की कोटरा स्टेशन पर पोस्टिंग हैं और सनी सिंह राठौर नेकपुर में अपनी मां के साथ रहता है। जो सकवाई मोहम्मदाबाद के रह रहने वाले हैं, ने अपने मकान को बेचने के लिए मुझसे फरफरी 2024 में अपने पूरे परिवार की सहमति से 41 लाख में सौदा तय किया। बयाने की रूप मे 10 लाख रूपए लिए, लेकिन जब बयाना हुआ तब मैं छुट्टी पर न होने की कारण रुपये फोन-पे पर संघर्ष सिंह को अलग-अलग देना पड़ा। जिसमें 9 लाख अपने अकाउंट और 1 लाख अपनी पत्नी के अकाउंट से संघर्ष सिंह को दिया। मकान के बैनामा 19 मई 2024 करने की बात तय हुई, लेकिन 5 मई 24 को अपना मकान बिना कोई सूचना दिए दूसरी पार्टी को बेच दिया। जब मैं 17 मई 2024 को घर पहुंचा तब इसकी जानकारी हुई। मैंने संघर्ष सिंह और उनके परिवार वालों से बात की उस समय संघर्ष सिंह ने एक महीने में पैसा देने का वादा किया। अपनी गलती की माफी मांगी, लेकिन उसके बाद मेरे लगातार फोन करने पर भी न तो पैसा दिया और न बात की। छुट्टी न मिलने के कारण मैंने इस घटना की शिकायत अपनी यूनिट के आफिसर्स से की। उन्होंने घटना की सूचना डीएम, एसपी को देने की बात कही। मैंने अधिकारियों को सूचना दी। जिस पर उपरोक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखा गया।

# सीडीओ ने भ्रमण पर आये 12 प्रशिक्षु सिविल सेवकों के साथ की बैठक



बैठक लेते सीडीओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद भ्रमण पर आये 12 प्रशिक्षु सिविल सेवकों व जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रशिक्षण पर आये प्रशिक्षु सिविल सेवकों का सभी विभागों के अधिकारियों से परिचय कराया गया। इसके बाद सभी विभागो द्वारा एक-एक कर अपने विभागों के कार्य और योजनाओं के बारे में प्रशिक्षुओं को बताया गया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट, जिला विकास अधिकारी व समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेकर देश आगे बढ़ रहा : प्रतिभा शुक्ला



शपथ दिलाती प्रतिभा शुक्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के संदर्भ में आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय पर प्रोफेशनल मीट का आयोजन हुआ एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में संगोष्ठी सम्पन्न हुई। प्रदेश सरकार की महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेशनल मीट एवं वंदे मातरम संगोष्ठी में भाग लिया। महिला मोर्चा की जिला कोषाध्यक्ष प्रीति तिवारी ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गया। मुख्य अतिथि ने कहा बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा राष्ट्रीय गीत की रचना की गई, यह गीत स्वतंत्रता की लड़ाई में लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना था, इस गीत के डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण हुए हैं और पूरे देश में उत्साह और उमंग के साथ इस गीत को लेकर अनेको कार्यक्रम सरकार और संगठन द्वारा आयोजित किया जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न के बाद भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेकर देश आगे बढ़ रहा है।

आज का भारत आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा प्रत्येक युवा को आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लेना होगा, क्योंकि भारत में सर्वाधिक आबादी युवाओं की है, भारत को समृद्धशाली और शक्तिशाली देश बनाने के लिए आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है। डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, रूपेश गुप्ता, डीएस राठौर, अभिषेक त्रिवेदी आदि ने विचार व्यक्त किया। संचालन अभिषेक बाथम ने किया। अध्यक्षता ममता सक्सेना ने की। अजीत महाजन ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सदानंद शुक्ल, प्रबल त्रिपाठी, शशांक शेखर मिश्रा, बबीता पाठक, अमरदीप दीक्षित, सुनील रावत, हिमांशु गुप्ता, गोपाल राठौर, विजेंद्र अग्निहोत्री, संजय सिंह, कृष्ण मुरारी राजपूत, सर्वेश कुशवाहा, शिवम दुबे, दिनेश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच की परिचय बैठक सम्पन्न



बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी

## आगामी कार्यक्रम को लेकर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच के द्वारा आयोजित परिचय बैठक जिलाध्यक्ष रामवीर चौहान के आवास पर सम्पन्न हुई। जिसमें आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य विवेकानंद व महासचिव बबिता पाठक रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार रखें गये। इस अवसर पर डा0 निधि मिश्रा, अनिल तिवारी, अर्चना द्विवेदी, आलोक भारती, करुणा शंकर मिश्रा, अतुल शंकर दुबे, विकास गुप्ता, हर्षित मिश्रा, मनीष, आशु राठौर, आशीष मिश्रा, गौरव सक्सेना, आशीष मिश्रा, अमन, कमल, नीतू, सचिन, विजय पांडे, शिवराम भदौरिया, अभिषेक, तेज बहादुर, राजीव, रानू, राज, अशोक, मनीष मिश्रा, किशन, मुनीश आदि मौजूद रहे।

# आज से जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जानकारी देती डॉ. रजनी सरीन

ताइक्वांडो मार्शलआर्ट की जनपद में शुरुआत 2017 में हुई। 10 अगस्त से प्रशिक्षक अजय प्रताप सिंह द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया। तब से अब तक जनपद में उनके नेतृत्व में कई बार प्रतियोगिताओं का आयोजन हो चुका है।

फतेहगढ़ आफीसर क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में ताइक्वांडो एसोसिएशन की अध्यक्ष डा0 रजनी सरीन ने बताया कि जिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 9, 10 व 11 नवम्बर को स्टेडियम फतेहगढ़ में सम्पन्न हो रहा है। जिसकी विधिवत शुरुआत 10 नवम्बर को पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि ताइक्वांडो की शुरुआत 2017 में हुई।

ताइक्वांडो के खिलाड़ी विभिन्न पुलिस व आर्मी तथा अन्य विभागों में नौकरी कर रहे है। कई खिलाड़ियों ने पदक जीते। 2019 में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत ताइक्वांडो का प्रशिक्षण जनपद में निःशुल्क शुरु कराया था। जिसकी जिम्मेदारी अजय प्रताप सिंह को सौंपी गयी थी। जनपद में राष्ट्रीय स्तर पर इस कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी मोनिका रानी को दिल्ली में सम्मानित भी किया गया था। इस संदर्भ में जिलाधिकारी की पत्नी डा0 वंदना द्विवेदी ने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत पुनः प्रशिक्षण चलाने की पहल को लेकर डीएम से बात की जायेगी।

डा0 वंदना ने बताया कि राज्य सरकार मिशन शक्ति के तहत, आत्म सम्मान, आत्म शक्ति प्रदान करता है। बेटियां अपनी शक्ति को पहचाने और जागरुक हो, बिना शक्ति कुछ नहीं हो सकता है। समाज के विकास में पुरुष व महिला दोनों की भागीदारी सुनिश्चित है। पर्यावरण विद् गुंजा जैन ने कहा कि लोग पर्यावरण से प्यार करें, बेटियां भी जागरुक हो। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 400 से ज्यादा बच्चे प्रतिभाग करेंगे।

ताइक्वांडो सचिव व प्रशिक्षक अजय प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में यह प्रतियोगिता तीसरी बार आयोजित की जा रही है। इसमें विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया जायेगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में सम्पन्न होगा। इस मौके पर अंजुम दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### विश्व उर्दू दिवस पर काव्यपाठ का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्व उर्दू दिवस का आयोजन भूसा मंडी फतेहगढ़ स्थिति मज़हर मुहम्मद खां के आवास पर विख्यात कवि और इतिहासकार शरीफ कुरैशी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। हाजी मुस्तकीम ने अपनी काव्य रचना प्रस्तुत की। मोहसिन शमसी ने कहा सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा उर्दू की रचना देश की मुहब्बत का सुबूत हैं। डा0 शाकिर अली मंसूरी ने दुल्हन की दो सुन्दर आंखों की तरह हिन्दी उर्दू को बताया। मुहम्मद युनूस अंसारी ने स्वतंत्रता संग्राम की भाषा उर्दू इंकलाब जिंदाबाद का नारा, इसकी मिसाल बताई। संयोजक मज़हर मुहम्मद खां ने हिन्दू-मुस्लिम एकता की भाषा उर्दू है। जिसका उदय ही अनेकों तहजीबों के समन्वय से हुआ है। मुहम्मद इसरार, सैयद फिरोज अली, रिजवान अहमद ताज ने अपने विचार रखे। ऐनान अंसारी, तहमीद अंसारी ने एसआईआर भरने में हो रही गलतीयों पर प्रकाश डाला। शरीफ कुरैशी ने अल्लामा इक़बाल के जन्मदिन पर देश को बधाई दी। मिर्ज़ा राहत उल्ला बेग ज़मीर सिद्दीकी, नौशाद आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस लाइन में शिविर लगाकर आरक्षियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शासन एवं होम्योपैथिक निदेशालय के निर्देशानुसार जनपद में पुलिसकर्मियों, अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों की स्वास्थ्य देखभाल हेतु एक मासिक नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को आयोजित होने वाले इस होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में कुल 168 पुलिसकर्मी होम्योपैथी की इस अनोखी, लोकप्रिय एवं प्रभावकारी पद्धति से लाभान्वित हुए। पुलिस लाइन में पहली बार आयोजित हुए इस स्वास्थ्य शिविर में, चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह ने सर्वप्रथम सभी उपस्थित जनों को होम्योपैथी के बारे में रोचक जानकारी देते हुए इस पैथी से इलाज के दौरान रखने वाली सावधानियों, दवा के सेवन की सही विधि एवं रोगों के इलाज के साथ साथ रोगों से बचाव के उपायों को भी सभी लोगों को विस्तार से समझाया। शिविर में ज्यादातर पुलिसकर्मी, सर्दी, जुकाम, खांसी, एलर्जी, गुर्दे में पथरी, जोड़ दर्द, दाद खाज खुजली इत्यादि रोगों से पीड़ित मिले। जिन्हें मौके पर ही विधिवत परीक्षण कर होम्योपैथिक दवा का वितरण हुआ। शिविर में फार्मासिस्ट मोहित कुमार एवं दीपक श्रीवास्तव सहयोगी रहे।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में जंबूरी प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में जंबूरी प्रतिभागियों के लिए आयोजित दो दिवसीय पूर्व प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। दो दिनों तक चले शिविर में स्काउट एवं गाइड प्रतिभागियों ने अनुशासन, सेवा और टीम भावना का अनुकरणीय प्रदर्शन करते हुए स्काउटिंग की सच्ची भावना को जीवंत कर दिखाया।

जंबूरी बेस कार्यक्रमों के अंतर्गत टेंट निर्माण, गेट निर्माण, फूड प्लाज़ा, भुने आलू, नमकीन, आर्ट एंड क्राफ्ट, कारचोप आदि विविध गतिविधियों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। इन प्रदर्शनों में जनपद की लोक संस्कृति, पारंपरिक व्यंजन और हस्तशिल्प कलाओं की मनमोहक झलक देखने को मिली, जिसने सभी दर्शकों को प्रभावित किया। निदेशिका एवं संरक्षिका, स्काउट/गाइड डा0 मिथिलेश अग्रवाल ने सभी कार्यक्रमों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने प्रतिभागियों ने प्रस्तुत टेंट निर्माण, गेट निर्माण, फूड प्लाज़ा, आर्ट एंड क्राफ्ट, कारचोप आदि प्रदर्शनों की प्रशंसा करते हुए कहा स्काउटिंग विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व और सेवा की भावना का विकास करती है। मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योत्सना अग्रवाल ने कहा विद्यालय सदैव विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने और उनमें आत्मनिर्भरता, अनुशासन तथा सहयोग की भावना विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उपनिदेशिका अंजू राजे ने कहा



समापन अवसर पर मौजूद मिथलेश अग्रवाल व अन्य

स्काउट/गाइड प्रशिक्षण विद्यार्थियों में जिम्मेदारी, निष्ठा और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल बनाता है। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने कहा स्काउटिंग केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों की प्रेरणादायी पाठशाला है। इस मौके पर दिनेश वर्मा, महेश चंद्र राजपूत, सर्वेश कुमार, चमन शुक्ला, गजेन्द्र सिंह आदि ने छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर योगेश कुमार, चमन शुक्ला, गजेंद्र सिंह चौहान, रामकुमार, श्रवण कुमार मिश्र, पुष्पेंद्र शर्मा, सुनीता पांडे, अंजना दीक्षित, प्रगति शुक्ला, अमन मनीला मैसी, ममता पॉल, संजय गौतम, शीशचंद्र, अनिल कुमार, सुनील कुमार, राहुल सैमुअल मैसी आदि मौजूद रहे। प्रशिक्षण आगामी 20 से 29 नवम्बर तक लखनऊ में आयोजित होने वाली डायमंड जुबली जंबूरी ट्रेनिंग के लिए प्रतिभागियों के अनुभव, आत्मबल और नेतृत्व क्षमता को और अधिक सुदृढ़ करेगा। शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# बसपा की कायमगंज विधानसभा मुस्लिम भाईचारा कमेटी गठित



मनोनयन पत्र सौंपते हसीब अली

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा कायमगंज में मुस्लिम भाईचारा कमेटी का गठन किया गया। मुख्य अतिथि कानपुर मण्डल संयोजक हसीब अली व विजय भास्कर ने विधान सभा संयोजक नफीस अहमद एवं प्रदीप कुमार गौतम को विधान सभा संयोजक मुस्लिम भाईचारा कमेटी बनाया। बहन कु0 मायावती के निर्देशानुसार मुस्लिम समाज में जाकर बहन मायावती की 4 बार रहीं सरकार में मुस्लिम समाज के हित में किए गए कार्यो के बारे में बतायेंगे और मुस्लिम समाज को इस बार बहुजन समाज पार्टी मे जोड़ने का कार्य करेगें। जिससे 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बने। इस अवसर पर आरडी बौद्ध, अजीत पाल, अनुज गौतम आदि लोग रहे।

# वैदिक सत्संग हमें सच्चा जीवन जीना सिखाता है : संदीप आर्य




हवन में भाग लेते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्य समाज कमालगंज में साप्ताहिक यज्ञ तथा सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ यज्ञ में आहुतियां प्रदान की। आचार्य संदीप आर्य ने यज्ञ सम्पन्न कराया। उन्होंने कहा कि सत्संग शब्द दो शब्दों से बना है, सत् अर्थात् सत्य, ईश्वर और संग अर्थात् साथ। वैदिक सत्संग का अर्थ है सत्य, ज्ञान और ईश्वर के साथ रहना। जब मनुष्य वेदों, ऋषियों और धर्मग्रंथों के उपदेशों का श्रवण करता है, तो उसके भीतर का अज्ञान मिट जाता है और ज्ञान का प्रकाश फैलता है। वैदिक सत्संग हमें सच्चा जीवन जीना सिखाता है। यह हमें कर्तव्यनिष्ठता, सत्य, करुणा और सेवा का मार्ग दिखाता है। सत्संग से मनुष्य का चरित्र निर्मल होता है, उसका मन शुद्ध होता है और जीवन में शांति आती है। कानपुर से आयीं उर्मिला आर्या ने अपने मधुर भजनों के माध्यम से बेटियों को संस्कारित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बेटियाँ समाज और परिवार की आधारशिला होती हैं। उनके संस्कार ही आने वाली पीढ़ी का भविष्य बनाते हैं। वेदों में नारी को अत्यंत सम्माननीय स्थान दिया गया है। सत्संग में वेद-मंत्रों और ऋषियों के उपदेशों को सुनकर बेटियाँ अपने आत्म-मूल्य को पहचानती हैं। कार्यक्रम में संतोष आर्य, आलोक राठौर, नीतीश राठौर, कुमरपाल, पवन पाण्डेय, सुरभि दीक्षित, नेहा आर्या, सौम्या आर्या, नेहा कुशवाहा, प्रीती कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# विद्या निवास मिश्र लोक जीवन के पुरोधा थे : वंदना द्विवेदी



विचार व्यक्त करते डॉ. सुनील तिवारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अभिव्यंजना संस्था द्वारा बैठक का आयोजन संस्था प्रमुख डा0 रजनी सरीन के निवास पर हुआ। अध्यक्षता डा0 शिवओम अम्बर ने की। संचालन कवि कृष्णकांत अक्षर ने किया। मुख्य अतिथि गुजरात के हिन्दी विद्वान डा0 सुनील तिवारी व विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी की पत्नी डा0 वंदना द्विवेदी रही।

कार्यक्रम की शुरुआत वाणी वंदना के साथ महेश पाल सिंह उपकारी ने की। वंदना द्विवेदी ने कहा कि विद्या निवास लोक जीवन के पुरोधा थे। ललित निबंधों के माध्यम से लोक जीवन की झांकियां दिखायी। गुजरात से आये हिन्दी विद्वान डा0 सुनील तिवारी ने डा0 मिश्र पर व्यापक चर्चा की। डा0 शिवओम अम्बर ने अध्यात्मिक शैली में डा0 विद्या निवास का स्मरण कियाद्ध डा0 रजनी सरीन ने मिश्र को लोक जीवन का ललित व्याख्याकर्ता कहा। संचालन कर रहे कृष्णकांत अक्षर ने कहा कि उनकी उपलब्धियां बहुत है। इस अवसर पर रामऔतार शर्मा, निमिष टंडन, संजय गर्ग, उत्कर्ष अग्निहोत्री, गौरव मिश्रा ने भी पंक्ति पढ़ी। इस दौरान अंजुम दुबे, कुलदीप श्रीवास्तव, उदय बाथम, विवेक आदि लोग मौजूद रहे।

# युवा व्यापार मण्डल ने आक्रोष व्यक्त कर फूड विभाग का फूंका पुतला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

युवा व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव के नेतृत्व में व्यापारियों ने टाउनहॉल तिहारे पर फूड विभाग के चीफ अधिकारी की भ्रष्टाचारी कार्यप्राणी से आक्रोश व्यक्त करते हुए पुतला फूंका। अंकुर श्रीवास्तव ने कहा कि विभाग के अधिकारी व टीम की मिली भगत से व्यापारियों की दुकानों से खाद्य सैंपल लिए जाते हैं और भ्रष्टाचार कर मोटी रकम सरकार के खाते में जाने वाली रकम को भ्रष्टाचार कर खाद्य विभाग की टीम अपनी जेब में रख लेती है और वह सरकार के साथ भी भ्रष्टाचार कर रहे है। चीफ अधिकारी की कार्यप्रणाली से नाराज व्यापारियों ने पुतले को आग के हवाले किया और कहा कि टीम व्यापारियों को लूटने का कार्य कर रही है, किसी भी सैंपल को जांच के लिए नहीं भेजती है, प्रत्येक सैंपल पर भारी रकम ली जाती है। वहीं खाद्य विभाग की टीम में सूरज बाथम जो की प्राइवेट कार्यकर्ता है, व्यापारियों से लेनदेन का कार्य टीम ने सूरज



खाद्य विभाग का पुतला फूंकते व्यापारी

बाथम को सौंप रखा है। जिससे व्यापारियों में सूरज बाथम के प्रति काफी आक्रोश व्याप्त है। युवा व्यापार मंडल मांग करता है कि भ्रष्टाचार करने वाले चीफ नेतृत्व की टीम को बाहर का रास्ता दिखाया जाये और सूरज बाथम को हटाया जाये। जिससे भ्रष्टाचार पर विराम लग सके। यदि एक सप्ताह के अंदर सूरज बाथम व पूरी टीम को नहीं हटाया गया तो व्यापार मंडल मजबूरन आंदोलन धरना प्रदर्शन करने के लिए विवश होगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। इस दौरान रोहन कश्यप, गोपाल सिंह कश्यप, माजिद अली, सोहन शुक्ला, शान मोहम्मद, अजीम खान, करीम खान, मोनू मिश्रा, राजेंद्र सिंह चौहान, अशोक यादव, गोविंद बाथम, गोविंद दीक्षित, अनुज बाथम, विशाल दीक्षित, तारीख अली, हिमांशु, एहसान अली, मुनव्वर अली, सोनू गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, आर्यन गोस्वामी, अंजू सुल्तानी, करण बाथम, शेरू आदि लोग मौजूद रहे।

# सर सैय्यद स्कालरशिप परीक्षा जनपद के छह परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एजूकेशनल मूवमेन्ट सोसाइटी फतेहगढ़ द्वारा आयोजित सर सैय्यद स्कालरशिप परीक्षा जनपद के 06 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई। जिसमें 400 बच्चों ने भाग लिया। सोसाइटी के सचिव सैय्यद रिजवान अली ने बताया कि स्कॉलरशिप परीक्षा जनपद में हाजी अख्तर हुसैन रहमानी इण्टर कालेज, फतेहगढ़ में इस्लामियां स्कूल हाथीखाना, कायमगंज में सुल्तान आलम खां, कमालगंज में मौलाना आजाद इण्टर कालेज, जरारी में जफरूल इस्लाम पब्लिक स्कूल व मोहम्मदाबाद में जनाब नूरमियां शाहरोज खान रफीकुल उलूम मदरसा में संपन्न हुई।



स्कालरशिप परीक्षा में भाग लेते बच्चे

सर सैय्यद स्कालरशिप परीक्षा के अन्तर्गत सोसाइटी द्वारा प्रत्येक वर्ष 50-60 बच्चों को स्कालरशिप के रूप में नकद धनराशि व पुरस्कार दिये जाते हैं। सर सैय्यद स्कालरशिप में इस वर्ष कक्षा 8 से 12 तक के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

सोसाइटी के सचिव सैय्यद रिज़वान अली ने बताया कि इस परीक्षा का रिज़ल्ट 30 नवम्बर को घोषित कर दिया जायेगा, साथ ही स्कॉलरशिप वितरण कार्यक्रम 14 दिसम्बर को हाजी अखतर हुसैन रहमानी गर्ल्स इण्टर कॉलेज में सुबह 11 बजे से होगा। स्कॉलरशिप वितरण प्रोग्राम में एक स्पीच कम्पटीशन का भी आयोजन किया गया है। स्कॉलरशिप परीक्षा में संस्था की ओर से नसर खालिक, शाहिद हुसैन, असलम अब्बासी, खालिद रऊफ, शमीम खान, तसब्बर हुसैन, खुर्शीद आलम अहमद, सुहेल अहमद फारूकी, सलीम हुसैन, जुबैर खान, अंसार सिद्दीकी, तौसीफ़ अली, रहबर सिद्दीकी, असगर हुसैन, तारिक, राजेश यादव, जीशान अंसारी, रूमान केंद्र प्रभारी की भूमिका निभाई।

# पटरी दुकानदारों का स्थायी दुकानदार कर रहे शोषण, वसूला जा रहा 300 से 800 रु.



संडे बाजार में कपड़े खरीदते ग्राहक



दुकानदार संतराम



दुकानदार लालू सिंह



दुकानदार लालू कुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सण्डे बाजार में दुकान लगाने वालों पर दुकान मालिक 300 से लेकर 800 रुपये एक दिन के किराये के रुप में वसूलते है। नेहरु रोड पर प्रति रविवार को सण्डे बाजार लगता है। सर्राफा व्यापारी एवं कुछ कपड़ों के दुकानदार अपनी दुकान के आगे पटरी दुकानदारों से किराये के रुप में फुटपाथ का किराया वसूलते है। किराया न देने पर दुकानदार अपनी दुकान के आगे दूसरे व्यापारी को किराये पर जगह दे देते है। जबकि जमीन नगर पालिका की है। अधिकांश दुकानें रविवार को बंद रहती है, जिस कारण सण्डे बाजार नेहरु रोड पर लगता है। भाजपा सांसद के भाई लज्जाराम ज्वैलर्स के नाम पर नेहरु रोड पर दुकान है। उस दुकान के बाहर पटरी दुकानदार संतराम कपड़े लगाता है, जिस पर 600 रुपये प्रति सण्डे किराये के रुप में वसूले जाते है। वहीं राजाराम ज्वैलर्स, पंडित गिरिजा शंकर ज्वैलर्स व हाजी न्याज अहमद की दुकान के बाहर जो पटरी दुकानदार सण्डे को अपनी दुकानें लगाते है, उन्हें किराये के रुप में 300 रुपये से लेकर 800 रुपये तक किराया अदा करना पड़ता है। जबकि जगह नगर पालिका की है, उसके बाद जबरन किराया लिया जाता है।

नेहरु रोड पर पटरी दुकानदार संतराम रेडीमेड कपड़े की दुकान लगाता है। पिछले कई वर्षों से वह सांसद के भाई की दुकान है, जिस फुटपाथ का किराये के रुप में 600 रुपये प्रति सण्डे को किराया अदा करना पड़ता है। किराया न देने की स्थिति में उसकी दुकान नहीं लगने दी जाती है। इस बारे में जब संतराम से पूछा गया तो उसने कहा कि हम मालिक का नाम बतायेंगे तो वह हमारी दुकान लगने नहीं देंगे। जब ज्यादा पूछने पर उसने बताया कि आज के दौर में बिना पैसे के कौन हमें दुकान लगाने देगा।

दुकानदार लालू सिंह ने बताया कि पिछले कई वर्षों से सियाराम राधाकृष्ण सर्राफ के बाहर दुकान लगाते है। किराये के रुप में पैसे देने पड़ते है, तब हम फुटपाथ पर दुकान लगा पाते है। कई बार पैसे न देने की स्थिति में हमें दुकान लगाने नहीं दी गई। ऐसे में फुटपाथ पर दुकान लगाने का पैसा देना हमारी मजबूरी है। जबकि अन्य दुकानदार भी पटरी दुकानदारों से पैसे लेकर दुकान लगवाते है। साकिर ने बताया कि 300 रुपये देने पड़ते है। वहीं ठिलिया पर कपड़े लगाने वाले सोनू ने बताया कि हमें भी 100 रुपये देने पड़ते है।

पंडित गिरिजा शंकर ज्वैलर्स के बाहर एक रेस्टोरेंट के पास ठिलिया पर कपड़े बेंचने वाले लालू ने बताया कि सर्राफा की दुकान पंडित गिरिजा शंकर ज्वैलर्स के नाम है। बाहर फुटपाथ पर कपड़े बेंचने पर 500 रुपये प्रति संडे देने पड़ते है। सण्डे बाजार व्यापार मण्डल के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने बताया कि सभी फुटपाथी दुकानदारों से पैसे वसूले जाते है, पैसे न देने की स्थिति में दुकान लगने नहीं दी जाती है। ऐसे में यदि कोई शिकायत भी करता है तो उसकी दुकान नहीं लगने दी जाती है। पैसे लेने वाले दुकानदारों पर कार्यवाही हो।

# ट्रेन हादसे में मृतक के परिजनों को सहयोग राशि वितरित

▸ शहनाई कंस्ट्रक्शन की तरफ से वितरित की गई राशि



**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

राजगढ़ थाना क्षेत्र के खमरिया ग्राम पंचायत के बिन्द पुरवा बस्ती में 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के दिन ट्रेन की चपेट में आने से एक ही परिवार के चार लोगों की खतरनाक मौत हो गई थी।

शहनाई कंस्ट्रक्शन के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल के द्वारा आज मृतक परिवार के लोगों को सहयोग राशि प्रदान की गई। शहनाई का सत्संग के परिवार की ओर से आए अजय कुमार सिंह ने सभी मृतक परिवारों को 25 हजार रुपए सहयोग के रूप में दिया गया। जिसमें चार मृतक परिवारों को एक लाख रूपये सहयोग की राशि प्रदान की गई और साथ में यह भी कहा गया कि अगर कोई दिक्कत होती है तो और भी राशि दी जाएगी जिससे बच्चियों को और बुजुर्गों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दिया जाएगा। मृतक परिवार से मिलते ही अजय कुमार सिंह भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि किसी परिवार को अगर कोई दिक्कत होती है तो एक बार सेवा का मौका जरूर दें जिसमें उनकी आर्थिक स्थिति को और सुधारा जा सके।

इस मौके पर अजय कुमार सिंह, अमरेश सिंह, रघुवंश सिंह, पीयूष सिंह, रिशु सिंह, गोलू सिंह, सत्येंद्र प्रताप सिंह, जगदीश सिंह आदि रहें।

# मिशन शक्ति टीम ने बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर सोमेन बर्मा के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में रविवार को हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे व महिला कांस्टेबल पूजा चौहान द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया। बालिकाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला सशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। टीम में हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे महिला कांस्टेबल पूजा चौहान रही।

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का 188 मरीजों ने उठाया लाभ

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया के अंतर्गत नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 188 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है।

नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 43 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर बाल कृष्ण मिश्रा के देखरेख में 55 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन डॉक्टर रविराज के देखरेख में 51 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है।

नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक मनीष कुमार कि देखरेख में 39 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 188 मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान फार्मासिस्ट मनोज कुमार, राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफ नर्स माया आदि मौजूद रहें।

## खबरें एक नजर में

### प्रशिक्षु आईएएस ने किया हलिया विकास खंड का दौरा

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** शासन द्वारा आकांक्षी विकास खंड हलिया के क्षेत्र में आधा दर्जन प्रशिक्षु आईएएस द्वारा तीन दिवसीय दौरा कर विकास खंड के क्षेत्र अध्ययन एवं अनुसंधान कार्यक्रम के लिए रविवार की शाम तक हलिया विकास खंड में पहुँचे सोमवार कि सुबह सभी सामाजिक वर्गो के ग्रामीणों एवं ग्राम के विभिन्न विभागों के अधिकारियो से मुलाकात व विद्यालय आँगनवाड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्राम पंचायत कार्यालय तथा अन्य संस्थानों का द्वारा व ग्रामीणों के साथ मिलकर नक्सा बनाना सामाजिक आर्थिक एवं संसाधन संबंधी पाउडर, चाक स्थानीय सामग्री का प्रयोग करते हुए, सार्वजनिक स्थल की सफाई हेतु श्रमदान कचरा या अपशिष्ट एकत्र करना व दूसरे दिन मंगलवार को ग्राम के संदर्भ में चर्चा विकसित भारत से संबंधित चिताये चुनौतिया और अवसर सहित अन्य विन्दुओ पर अध्ययन करेंगे। इस बात की जानकारी बीडीओ हलिया विजय शंकर त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया की विकास खंड हलिया के क्षेत्र में छह प्रशिक्षु आईएएस द्वारा तीन दिवसीय दौरे के दौरान क्षेत्र अध्ययन एवं अनुसंधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसको लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### शांति व्यवस्था भंग करने पर चार गिरफ्तार

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** श्यामदेउरवां थाना पुलिस ने शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था भंग करने के आरोप में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ और क्षेत्राधिकारी सदर जयप्रकाश त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में की गई इस कार्रवाई का नेतृत्व थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने किया। उपनिरीक्षक रामानुज सिंह यादव मय हमराह दल द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कैफ (22), तैफ उर्फ मेनाज (20), कमाल खान (45) निवासी हरपुर तिवारी तथा अमन यादव (19) निवासी लक्ष्मीपुर जरलहिया टोला कंचनपुर शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, ट्रैक्टरको रास्ते से साइड करने के विवाद के दौरान शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना को देखते हुए आरोपियों को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेज दिया गया। **गिरफ्तारी टीम :-** उपनिरीक्षक रामानुज सिंह यादव, मुख्य आरक्षी संजय सिंह, मुख्य आरक्षी शैलेश सिंह तथा आरक्षी अरुण यादव थाना श्यामदेउरवां जनपद महराजगंज।

### ऑपरेशन कायाकल्प : पंचायत भवनों की बदलती तस्वीर ने गांवों को बनाया आदर्श

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद में पंचायतीराज विभाग द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कायाकल्प ने ग्रामीण विकास की दिशा में एक बदलाव ला दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हर गांव स्वर्ग से सुंदर के सपने को साकार करने के लिए सरकार ने इस योजना की शुरुआत की है जिसका असर अब गांवों की तस्वीर में साफ नजर आने लगी है। जनपद के सदर ब्लॉक का पंचायत भवन चेहरी, मिठौरा ब्लॉक का सोनवल, परतावल ब्लॉक का सेमरा चंदौली और फरेंदा ब्लॉक का छितही बुजुर्ग ग्राम पंचायत भवन आधुनिकता की मिसाल बन चुकी हैं। इन भवनों की भव्यता और सुविधाएं किसी वीआईपी होटल से कम नहीं हैं। कायाकल्प योजना के तहत बने इन भवनों में एसी युक्त सभागार, ग्राम प्रधान और सचिव के लिए अलग-अलग कक्ष, ग्राम पंचायत सहायक का कमरा, पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, एक सुसज्जित किचन और सुंदर फूलों की क्यारियां शामिल हैं। श्रेया मिश्रा, डीपीआरओ, महराजगंज ने कहा, 'ग्राम पंचायतों में कायाकल्प योजना के तहत आधुनिक पंचायत भवन निर्माण किया जा रहा है।एसी सभागार,कार्यालय कक्ष, शौचालय,किचन व सीसीटीवी जैसी सुविधाओं से लैस यह भवन अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणा है। जनपद की अन्य पंचायतों में भी इसी तर्ज पर किया जाना प्रस्तावित है। जिससे ग्रामीण प्रशासन में सुधार हो।

### कंबाइन की चपेट में आने से महिला की मौत, पति घायल

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बागापार टोला लखनपुर में शनिवार की रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार, अनवर का लड़का सलमान कुछ दिन पूर्व मुंबई कमाने गया था। अपने माता पिता को फोन कर बताया कि मैं घर आ रहा हूं। महराजगंज बस स्टेशन पहुंचने वाला हूं। इतने में माता पिता दोनों एक साथ अपने मोटरसाइकिल से महराजगंज जा रहे थे कि समय करीब आठ बजे जैसे ही कोतवाली थाना क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग स्थित पेट्रोलपंप के समीप ही पहुंचे की सड़क हादसे के शिकार हो गए। इस घटना में अनवर अली पुत्र इशाक व पत्नी सदीखून निशा (36 वर्ष) दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना स्थल पर पहुंच कर दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने सदीखून निशा को मृत्यु घोषित कर दिया। जबकि घायल पति अनवर का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा हैं। घटना की सूचना चिकित्सकों ने कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बागापार चौकी प्रभारी मनीष कुमार पटेल अपने सहयोगियों के साथ जिला अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस में रखवा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद कंबाइन चालक मशीन लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फरार चालक और वाहन की तलाश शुरू कर दी है। गाँव में इस हादसे के बाद शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# चौकी प्रभारी ने पीएसी जवानों के साथ जंगल में की कांबिंग



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित गांव सगरा कुशियरा हर्रा व मतवार के जंगल में रविवार को चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय ने पुलिसकर्मियों व पीएसी जवानों के साथ जंगल में कांबिग की। चौकी प्रभारी ने जंगल में कांबिग के दौरान ग्रामीणों सहित चरवाहों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। कहा कि जंगल में किसी प्रकार की कोई संदिग्ध गतिविधि होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दे। चौकी प्रभारी ने चरवाहों तथा ग्रामीणों को अपना तथा थानाध्यक्ष हलिया का सीयूजी नंबर देते हुए कहा कि जंगल में कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है तो इसकी सूचना पुलिस को दें।

सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। पुलिस आपकी मित्र है सहयोग करें पुलिस से डरे नहीं अपनी बात पुलिस के सामने खुल कर रखे। इस दौरान पुलिस कर्मियों व पीएसी के जवान मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय थाना क्षेत्र के तिलरी गांव में सड़क दुर्घटना में घायल युवक कि उपचार के दौरान शनिवार की रात्रि में वाराणसी के ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। युवक के परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। थाना क्षेत्र के कुशियारा गांव निवासी 20 वर्षीय अनिल अपने साथी 22 वर्षीय दयाशंकर के साथ घर से तिलरी गांव किसी कार्य से गए थे देर शाम वापस लौटते समय जैसे ही कुछ दूर पहुँचे तो बाइक से अनियंत्रित होकर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुँचे घायल दोनों युवक के परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर



चिकित्सक द्वारा उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। जहां पर उपचार के दौरान अनिल की मौत हो गई जबकि दयाशंकर का उपचार चल रहा है। मृत अनिल के परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। मृत अनिल पांच भाइयों में छोटा था। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की घटना की कोई जानकारी नहीं है।

# आईएएस के आगमन की सूचना पर दो सौ सफाई कर्मी कर रहे साफ-सफाई

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

▸ सचिव कौशलेन्द्र राय के निर्देशन में 200 सफाई कर्मी हलिया कस्बा हथेडा सहित विभिन्न चौराहों पर से सफाई करने में जुटे

▸ युद्ध स्तर पर सफाई बनी चर्चा का विषय

स्थानीय विकासखंड के विभिन्न गांव में आधा दर्जन प्रशिक्षु आइएएस अधिकारियो के आने की सूचना पर एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव व सचिव कौशलेन्द्र राय के निर्देशन में 200 सफाई कर्मियों से हलिया कस्बा, हथेडा सहित विभिन्न चट्टी चौराहों पर रविवार को सुबह से ही सफाई करने में जुट गए है।

युद्ध स्तर पर सफाई होता देख ग्रामीणों में इस बात को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है। एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि हलिया न्याय पंचायत के बरी, सोठिया, हथेड़ा, दिधिया गाँव में नियुक्त सफाई कर्मियों सहित कुल 200 सफाई कर्मियों की सफाई के लिए ड्यूटी लगाई गई है। जो चट्टी चौराहे कस्बा सहित रोड के अगल-बगल प्लास्टिक कचरा व अन्य कचरों को वाहनों पर लाद कर रीसाइक्लिंग में लाकर रखेंगे। इस दौरान सफाई कर्मी लीडर मुरारी, जयशंकर शर्मा, रामराज, सुरेश, संतोष कुमार यादव, रमेश, संदीप कुमार, कमलेश कुमार, रामानंद, इंद्रजीत आदि सहित दो सौ सफाई कर्मी सफाई कर प्लास्टिक कचरा सहित अन्य कचरों को वाहनों पर लाद कर रीसाइकलिंग पार्किंग में ले जाने में जुटे रहे।

### स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत जानने डीएम पहुंचे अस्पताल

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरपुरमहन्थ और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघुली का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासन की मंशा के अनुरूप संचालित आरोग्य मेला कार्यक्रम की समीक्षा की और मरीजों से सीधे संवाद कर जमीनी हकीकत जानी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पतालों के दवा स्टोर का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने दवाओं की उत्पादन तिथि और एक्सपायरीडेट की जांच की और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मरीजों को समय पर सुरक्षित दवाएं मिलें। उन्होंने डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को हिदायत दी कि वे मरीजों से सेवाभाव और संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करें।

# हिसाब करने के बहाने दबंगों ने मजदूर पर बरपाया कहर

**कौशांबी, समृद्धि न्यूज।**

उच्चतम न्यायालय ने साफ तौर पर अपने आदेश में कहा है कि किसी अपराधी के अपराध को बताएं हुए बगैर गिरफ्तार पुलिस नहीं कर सकती हैं लेकिन जनपद कौशांबी में तो पुलिस बेगुनाहों पर ही कहर बरपा रही है। अभी कुछ दिन पहले महेवा घाट की लभलइक एसआई जिसका तबदला सराय अकिल थाना क्षेत्र के भगवानपुर चौकी में हो गया था, तभी महिला एसआई पूनम कबीर ने एक बेगुनाह व्यक्ति को मुलजिम करार देते हुए न्यायालय में पेश कर दी। जब न्यायालय ने फाइल को गौर तलब किया तो पता चला कि मुलजिम बेगुनाह है।

ठीक इसी तरह से महेवा घाट थाना क्षेत्र में एक दर्ज मुकदमा से पता चला है कि महेवा घाट थाना पुलिस ने एक बेगुनाह व्यक्ति पर कहर बरपा दिया है। मामला यह है कि राम कुमार केवट पुत्र मन सूखा केवट निवासी गांव तिवारी का पुरवा, मजरा ढेरहा, थाना-महेवाघाट, जनपद कौशाम्बी का रहने वाला है। पीड़ित हेमराज यादव निवासी हिनौता के ढाबा में मजदूरी का काम करता था, जिसमें चार माह की मजदूरी नहीं दिया गया था।

पीड़ित ढाबा में काम बंद करके बम्हरौली में ओके ईट भट्ठे में ईटा निकासी का कार्य करने लगा। पीड़ित से ढाबा में काम करने के लिए कहा गया तो पीड़ित ने इंकार कर दिया। जिसमें दिनांक 05/11/2025 को समय लगभग 11.00 बजे दिन में पीड़ित को बम्हरौली ओके ईंट भट्ठे से उठा लिया गया।

हेमराज के लड़के मोहित यादव व सुदामा यादव ने कहा कि चल कर अपना हिसाब कर लो पीड़ित को ढाबा लाकर मारा पीटा गया और गाली गलौज करते हुए जान से मार देने की धमकी दिया और कहा कि तुमने हमारी बैट्री चोरी किया है। इस पर पीड़ित ने इंकार किया तो ब-जबरन कहलवाया गया और वकील शिव प्रसाद त्रिपाठी के लड़को का नाम लेने के लिए मजबूर किया गया क्योंकि कुछ दिन पूर्व हेमराज के लड़को ने वकील साहब के ऊपर प्राणघातक हमला किया था। पीड़ित को पकड़ कर सुदामा यादव व मोहित यादव थाना महेवाघाट ले गये और पुलिस के हवाले कर दिया।

थाना पर पुलिस ने पीड़ित को मारा पीटा और धमकाया और जबरन चोरी के मुकदमें में फसाने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि थाने में पुलिस ने मार-पीट कर उलटा सीधा बयान लिया और वीडियो बनाया। पीड़ित के परिजन हलाकान रहे और महेवा घाट पुलिस को लिखित तहरीर दी लेकिन दबंगों के फवरेब के चक्कर में पड़ कर महेवा घाट थाना पुलिस ने पीड़ित का मुकदमा नही लिखा। क्योंकि दबंग यह चाहते हैं कि पीड़ित बंधुवा मजदूर बनकर ढाबा में काम करे। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को पुलिस और दबंगों के विरुद्ध गुहार लगाई। न्याय प्रिय एवं ईमानदार पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित की पुकार को सुनकर तत्काल प्रभाव से महेवा घाट पुलिस को दबंगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के लिए आदेशित किया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मनबढ़ महेवा घाट पुलिस ने उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध हल्के धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पल्ला झाड़ लिया है।

दर्ज मुकदमा के अनुसार यह साबित होता है कि पुलिस की दबंगों से मिली भगत है क्योंकि यदि किसी व्यक्ति का अपहरण किया जाता है फिर उसके बाद पीड़ित के साथ मारपीट किया जाता है तो ऐसे में गंभीर धाराओं में मुकदमा नहीं दर्ज किया गया, सवाल है।

# खाद के लिए सुबह से लग रही लाइन

**कौशांबी, समृद्धि न्यूज।**



**परेशान किसान बोले कब मिलेगा समाधान**

मंझनपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ओसा में स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति, ओसा में उर्वरक (खाद) के लिए किसानों की भारी भीड़ देखी जा रही है। किसान सुबह 8 बजे से ही लाइन में लग जाते हैं ताकि उन्हें दो बोरी खाद मिल सके। खेतों में फसल बोने का समय होने के बावजूद किसानों को दिनभर लाइन में खड़ा रहना पड़ता है।

किसानों का कहना है कि यह समस्या हर साल सामने आती है। जब भी खाद वितरण का समय आता है, तब सहकारी समितियों में भीड़ और अव्यवस्था बढ़ जाती है। कई बार पूरी लाइन में खड़े रहने के बाद भी किसानों को निराश होकर खाली हाथ लौटना पड़ता है। किसानों ने बताया कि देश का अन्नदाता जब इस तरह से परेशान रहेगा तो विकास की उम्मीद कैसे की जा सकती है? कृषि प्रधान देश में किसानों की समस्याओं को लेकर न तो सरकार की ओर से कोई ठोस कदम उठाया जा रहा है और न ही विभागीय कर्मचारी कोई जिम्मेदारी निभा रहे हैं। साल में केवल दो बार किसानों को उर्वरक की आवश्यकता होती है, लेकिन इसके लिए भी उन्हें तमाम औपचारिकताओं और नियमों से गुजरना पड़ता है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो कृषि कार्य करना दिन-ब-दिन कठिन होता जाएगा।

# सरकार के नुमाइंदों का दावा फेल खाद के लिए दर-दर भटक रहे किसान

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



रबी की बुआई किसानों के सिर पर है। लेकिन सरकार के नुमाइंदों का दावा फेल होने से आज किसान डाई युरिया खाद के लिए दर दर भटकने को मजबूर हैं।सरकारी आंकड़े बताते हैं कि हर साधन सहकारी समितियों पर डाई,युरिया खाद उपलब्ध है लेकिन ऐसा धरातल पर कुछ भी नहीं देखा जा रहा है। रबी की फसल की बुआई को लेकर सहकारी समितियों का चक्कर लगाते लगाते थक हार प्राइवेट दुकानों के यहां दस्तक देने को मजबूर हैं लेकिन वहां पर भी खाद की उपलब्धता न होने से मजबूर हो सरकारी तंत्र के दावा फेल होने का रोना रो रहे हैं। किसानों का मानना है कि धान की फसल सूखे के चपेट में आ गई। उससे निराश होकर रबी,आलू, तिलहन के फसलों पर भरोसा जताया वह भी हाथ नहीं लगते देखा जा रहा है। जिसको लेकर किसान चिंतित हैं।हस्त नक्षत्र के न बरसने के कारण धान की फसल चली गई उसी नक्षत्र पर किसानों की रबी की फसल की बुआई टिकी होती है ऐसा साबित होता है कि इस फसल की बुआई डाई युरिया खाद के किल्लत के कारण नहीं हो पायेगी। जिससे किसान अपने बच्चों के नेवले को लेकर परेशान हैं। कहावत है कि का वर्षा जब कृषि सुखाने।

जब रबि के फसल की बुआई का समय बीत जायेगा तब सरकार के नुमाइंदों द्वारा दावा किया जायेगा कि खाद की खेप हर साधन सहकारी समितियों पर गिरी हुई है तो बिना भूख के खाद किस काम के,, भारत कृषि प्रधान देश है जहां के किसानों को आज अपने खेती किसानी को लेकर खून के आंसू रोने पड़ रहे हैं। रबी की बुआई को लेकर किसानों को आज औने पौने दामों पर खाद लेनी की मजबूरी हो गई हैं जिससे किसान ठगी के शिकार हो रहे हैं। आलम यह हों गया है कि आज सरकार के नुमाइंदो द्वारा किसानों की सुधि नहीं ली जा रही है इसी वजह से किसान मारें मारे फिर रहे हैं। आज़ इनके घाव पर कोई सरकारी अमला मरहम लगाने की जहमत मोल नहीं ले रहा है।

### मार्ग दुर्घटना में तीन युवक घायल, रेफर




**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** फरेंदा कोतवाली क्षेत्र के फरेंदा गोरखपुर सड़क पर धानी ढाले के पास दो बाइक के टक्कर में तीन लोगों के घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। रोड दुर्घटना में तीन लोगों के गंभीर घायल होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी फरेंदा महाराजगंज के चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज कर जिला चिकित्सालय महाराजगंज रेफर कर दिया। तीनो घायलों में मोहन पुत्र झीनक उम्र 22 वर्ष नवडिहवा मथुरा नगर थाना फरेन्दा तथा दूसरा करन जैसवाल पुत्र सुभाष जैसवाल उम्र लगभग 25 वर्ष पंडितपुर थाना कैम्पियरगंज एवं मुरली यादव पुत्र कैलाश यादव शिवपुर थाना कैम्पियरगंज के बताये जा रहे है। घायलों का प्राथमिक उपचार होने के पश्चात ज़िला अस्पताल उपचार के लिए स्थानांतरित कर दिया गया है।

# पुलिस की सतर्कता से तस्करों की मंशा पर फिरा पानी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



कोल्हुई थानाक्षेत्र में पुलिस की सतर्कता से तस्करी की मंशा पर फिरा पानी। तस्करों की बड़ी साजिश नाकाम हो गई। मुखबिर की सूचना पर बेलवा चौराहे से एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में कद्दू बीज बरामद किया गया, जो नेपाल तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था।

तस्करों के ग्रामीण रास्तों के दुरुपयोग के कारण तस्करों का मकसद फेल हुआ।

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कोल्हुई पुलिस पहले से ही बेलवा चौराहे पर मुस्तैद थी। सूचना थी कि तस्कर पिकअप में कद्दू बीज लोड कर नेपाल की ओर ले जा रहे हैं। तस्करों ने मुख्य सड़कों से बचते हुए ग्रामीण इलाके की सड़क को चुना था, ताकि चेकिंग से बचा जा सकें। पुलिस ने संदिग्ध पिकअप को रोककर सघन तलाशी शुरू की। इस दौरान 20 बोरी कद्दू बीज बरामद कर जब्त कर लिया गया।चालक से वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह न तो कोई वैध कागजात दिखा सका और न ही कोई संतोषजनक जवाब दे पाया। पूछताछ में उसकी घबराहट साफ झलक रही थी। पुलिस ने तुरंत चालक को हिरासत में लेकर पिकअप वाहन सहित थाने पहुंचाया। बरामद माल की कीमत और मात्रा का आकलन किया जा रहा है।

आरोपी की शिनाख्त नौतनवा थानाक्षेत्र के सिरसिया निवासी मनोज यादव के रूप में हुई। वह पिकअप चालक के रूप में काम करता है और तस्करी के इस नेटवर्क में शामिल बताया जा रहा है। पुलिस टीम विधिक प्रक्रिया में जुट गई है। कोल्हुई एसओ अखिलेश सिंह ने बताया कि जब्त कद्दू बीज को अग्रिम कार्रवाई के लिए नौतनवा कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है।

यह घटना सीमा क्षेत्र में कद्दू बीज जैसी कृषि वस्तुओं की अवैध तस्करी की बढ़ती प्रवृत्ति को दर्शाती है। पुलिस की मुस्तैदी से न केवल तस्करों को झटका लगा, बल्कि अन्य संभावित साजिशों पर भी अंकुश लगेगा।

### समरसेबल के विद्युत खंभे में उतरे करंट से झुलसा किसान

**कोखराज, कौशांबी, समृद्धि न्यूज।** कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर ग्राम पंचायत के साईं का पूरा माजरा में किसान कल्लू पासी उम्र 45 वर्ष पुत्र पंछी पासी अपने खेत की फसल में नलकूप से सिंचाई कर रहा था इसी बीच अचानक समरसेबल के बिजली सप्लाई के लिए गए विद्युत खंबे में करंट उतर आया जिससे किसान विद्युत करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया है जैसे ही किसान तड़पने लगा आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना परिवार को दी और विद्युत करंट से झुलसे किसान को इलाज के लिए मंझनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां हालत में सुधार न होने पर उसे नारायण स्वरूप अस्पताल भेज दिया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है एक बार फिर बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है जिसका खामियाजा किसान को भुगतना पड़ा है।